

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि



सूर्योदय प्रातः 6:03 | सूर्यास्त संध्या 5:03 | पखवाड़ा कार्तिक शु. अष्टमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 16°

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 17 नवम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 270, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions



एक झलक

सहरसा-अमृतसर के बीच चलेगी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

नयी दिल्ली : त्योहारी सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने सहरसा और अमृतसर के बीच एक अनारक्षित पूजा विशेष रेलगाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे के अनुसार 05517/05518 सहरसा-अमृतसर-सहरसा अनारक्षित पूजा विशेष रेलगाड़ी का संचालन एक-एक फेरे के लिए किया जायेगा। गाड़ी संख्या 05517 सहरसा-अमृतसर अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी 18 नवम्बर को सहरसा से दोपहर 1:35 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 10:05 बजे अमृतसर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05518 अमृतसर-सहरसा अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी 20 नवम्बर को अमृतसर से सुबह 04 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11:20 बजे सहरसा पहुंचेगी। यह विशेष रेलगाड़ी दोनों दिशाओं में सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, दलसिंहसराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, लखनऊ, हरदोई, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, दिल्ली जंक्शन, अंबाला कैंट, लुधियाना, फगवाड़ा, जालंधर सिटी और ब्यास स्टेशनों पर ठहरेगी।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये

कुलगाम : दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। यह मुठभेड़ जिले के मीर बाजार इलाके में पिछले सप्ताह सीआरपीएफ चौकी पर आतंकवादियों की गोलीबारी के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जिसमें तीन जवान घायल हो गये थे। कश्मीर जोन पुलिस ने सोमवार की सुबह बताया कि सीआरपीएफ नाके पर हुए पिछले सप्ताह हुए हमले के बाद से बड़ा अभियान चल रहा था, जिसमें तीन जवान घायल हो गये थे। कुलगाम में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने जिले के लारू इलाके में घेराबंदी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई।

अंदर के पन्नों पर

3 उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व सम्पन्न...

5 झारखंड स्थापना दिवस पर विधायक चंद्रदेव महतो...

7 नेतरहाट विद्यालय ने मनाया 73वां स्थापना दिवस...

9 सोशल मीडिया की जवाबदेही तय करने पर...

10 पाक के खिलाफ खिताबी मुकाबले में भारत की...

कार्टून कोना



उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड की राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ सम्पन्न हो गया। सूर्योपासना के बाद व्रतियों ने पारण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास पूरा किया। राज्य के सभी जिलों में छठ पर्व को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। विभिन्न छठ घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती और उनके परिजन पारंपरिक सूप, दउरा और पूजन सामग्री लेकर छठ घाटों पर पहुंचे। किसी के हाथों में सूप था, तो कोई दउरा लेकर भगवान सूर्य की आराधना में लीन नजर आया। जैसे ही आसमान में सूर्य की लालिमा दिखाई देने लगी, व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



■ रांची सहित पूरे झारखंड में छठ घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

छठ को लेकर सुबह से ही घाटों पर विशेष चहल-पहल रही। परिवार के सदस्य एक-दूसरे का हाथ थामे घाटों तक पहुंचे। व्रतियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी इस पावन अनुष्ठान के साक्षी बने। कई घाटों पर रात से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह होते-होते घाटों पर भारी भीड़ जुट गयी। इस दौरान छठ के पारम्परिक गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं के समूह छठ गीत गाते हुए भगवान भास्कर की आराधना करते नजर आये।

चार दिनों तक चलनेवाले इस महापर्व को लेकर राजधानी रांची में विशेष रौनक रही। नहाय-खाय से शुरू हुआ यह अनुष्ठान खरना और संध्या अर्घ्य के बाद सोमवार को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ सम्पन्न हुआ। ● शेष पृष्ठ 11 पर

प्रधानमंत्री की छठी मइया से विनती-'सबको शुभाशीष प्रदान करें'

नयी दिल्ली : सारे देश में नहाय-खाय के साथ 13 नवम्बर को शुरू चार दिवसीय छठ महापर्व सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पूर्ण हो गया। इस अवसर पर ठेकुआ प्रसाद का वितरण किया गया। 36 घंटे का निर्जला व्रत रखनेवालों ने उदयाचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद अपना अनुष्ठान पूरा किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ मइया से देश के सभी लोगों पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्हाट्स ऐप चैनल पर सुबह करीब सात बजे पोस्ट किया, "उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने के साथ आज महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। ● शेष पृष्ठ 11 पर

भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, संघर्ष, त्याग और बलिदान को मुख्यमंत्री ने किया याद

धरती आबा ने न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश को नयी दिशा दी : हेमन्त सोरेन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर 15 नवम्बर को सर्वप्रथम कोकर, रांची स्थित उनके समाधि स्थल पर पहुंच कर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी पुष्पचक्र अर्पित कर धरती आबा को नमन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, संघर्ष, त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन तथा आदिवासी समाज की अस्मिता एवं अधिकारों की रक्षा के लिए उनका संघर्ष झारखंड के स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है। उनके विचार एवं आदर्श सदैव आनेवाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बिरसा चौक पहुंचे, जहां उन्होंने धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मीडिया के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ● शेष पृष्ठ 11 पर





मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर कोकर स्थित समाधि स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, बिरसा चौक पहुंच कर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण।

झारखण्ड भवन में बिरसा मुंडा को नमन कर मनाया गया राज्य स्थापना दिवस



■ राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम एवं स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल ने दी श्रद्धांजलि

■ राज्य की गौरवशाली विरासत, समृद्ध संस्कृति और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश

नयी दिल्ली : भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती एवं झारखण्ड राज्य के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखण्ड भवन, नयी दिल्ली में राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम सहित स्थानिक आयुक्त आयुक्त अरवा राजकमल ने धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उद्योग निदेशक विशाल सागर ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल ने कहा, 'भगवान बिरसा मुंडा केवल झारखण्ड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के गौरव ● शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड के 26वें स्थापना दिवस पर रांची सहित राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित हुआ 'रन फॉर क्लीनलीनेस'

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड राज्य के 26वें स्थापना दिवस (15 नवम्बर 2026) के अवसर पर स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं आम नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से रांची सहित राज्य के सभी 24 जिलों में 'रन फॉर क्लीनलीनेस' का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से स्वच्छता को जन-आन्दोलन का स्वरूप देने, स्वच्छ परिवेश के महत्त्व को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संदेश दिया गया। रांची में आयोजित इस दौड़ का शुभारम्भ मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से हुआ। दौड़ में शामिल प्रतिभागियों ने बापू वाटिका से अल्बर्ट एक्का चौक तक दौड़ लगाकर स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम को मंत्री राधा कृष्ण किशोर, वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग, मंत्री संजय प्रसाद यादव, श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, मंत्री योगेन्द्र प्रसाद, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं रांची विधायक सी.पी. सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

इस अवसर पर मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने संदेश दिया कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग अथवा सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली में शामिल कर ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुन्दर झारखंड के निर्माण के संकल्प को साकार किया जा सकता है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुन्दर झारखंड का संकल्प लेकर रांची में मोरहाबादी बापू वाटिका से अल्बर्ट एक्का चौक तक दौड़ का आयोजन

■ मंत्रीगण एवं राज्यसभा सांसद ने फ्लैग ऑफ कर किया शुभारम्भ, विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



स्वच्छता की दौड़ से शुरू हुआ झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा

■ 28 नवंबर को खेलगांव में होगा भव्य समापन

■ 28 नवम्बर तक राज्यभर में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

■ खेलकूद, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं और जनभागीदारी पर रहेगा विशेष जोर

रांची : झारखंड राज्य स्थापना दिवस, 2026 एवं राज्य सरकार की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर राज्यभर में 15 दिवसीय विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों की शुरूआत 15 नवम्बर को 'रन फॉर क्लीनलिनेस' (स्वच्छता के लिए दौड़) से से शुरू हुई, जबकि 28 नवम्बर को रांची के खेलगांव में आयोजित भव्य समारोह के साथ इसका समापन होगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनभागीदारी से जुड़े आयोजन, मेला-सह-प्रदर्शनी तथा विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्ति वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित ● शेष पृष्ठ 11 पर

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के निरन्तर प्रयासों से मिली सफलता

ओमान में फंसी लोहरदगा की प्रवासी श्रमिक सुषमा टोप्पो की सुरक्षित स्वदेश वापसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के श्रमायुक्त कार्यालय के अंतर्गत कार्यरत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के निरन्तर प्रयासों एवं भारतीय दूतावास, मस्कट, ओमान के सहयोग से लोहरदगा जिले की प्रवासी श्रमिक सुश्री सुषमा टोप्पो की 14 नवम्बर 2026 को सकुशल झारखंड वापसी सुनिश्चित की गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगभग 29 वर्षीय सुषमा टोप्पो रोजगार की तलाश में एक एजेंट के माध्यम से 17 मार्च 2026 को घरेलू कामगार के रूप में ओमान गयी थीं। वहां उन्हें घरेलू कार्य में नियोजित किया गया था। ● शेष पृष्ठ 11 पर



निशा भगत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आदिवासी युवती निशा भगत आत्महत्या मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इसमें केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की और आदिवासी नेत्री ज्योत्सना केरकेट्टा को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसके अलावा कुछ अज्ञात लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया है। सीबीआई की दिल्ली स्थित विशेष अपराध शाखा-1 ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही जांच तेज कर दी है।



■ अजय तिर्की और ज्योत्सना केरकेट्टा नामजद

सोमवार को जांच एजेंसी की टीम रांची के पहाड़ी टोला स्थित अजय तिर्की के आवास पर पहुंची और उनसे पूछताछ की। वहीं, छह सदस्यीय सीबीआई टीम ज्योत्सना केरकेट्टा के आवास पर भी पहुंची, जहां उनसे पूछताछ की गयी। टीम दोनों के खिलाफ लगाये गये आरोपों से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है। छह नवम्बर को निशा भगत ने आत्महत्या कर ली थी। इस घटना को लेकर उनके पिता हंदू भगत की शिकायत पर पिठौरिया थाने में प्राथमिकी संख्या 114/2026 दर्ज की गयी थी। सीबीआई ने जांच अपने हाथ में लेने के बाद इसी प्राथमिकी को आधार बना कर मामला दर्ज किया है।

उल्लेखनीय है कि पिठौरिया थाना क्षेत्र के डहू टोली स्थित अपने आवास पर निशा भगत ने फंदे से लटक कर ● शेष पृष्ठ 11 पर

प्रधानमंत्री ने सराही भारत-फिलीपींस के प्राचीन सांस्कृतिक सम्बन्धों की झलक

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिलीपींस में भारतीय समुदाय की ओर से किये गये गर्मजोशी भरे स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवासी भारतीय अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने के साथ-साथ भारत और फिलीपींस को करीब लाने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि मनीला में भारतीय समुदाय से मिलकर उन्हें बहुत खुशी हुई। समुदाय ने उनका बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'यह देख कर सुखद लगता है कि हमारे प्रवासी भारतीय भारतीय संस्कृति को संरक्षित रखने के साथ-साथ दोनों देशों को और करीब लाने के लिए भी काम कर रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वागत कार्यक्रम में भारत और फिलीपींस के बीच गहरे सांस्कृतिक सम्बन्धों की सुन्दर झलक देखने को मिली। इस दौरान नौवीं-दसवीं शताब्दी की अगुसान की स्वर्ण तारा प्रतिमा और ऐतिहासिक लगुना ताम्रपत्र अभिलेख की प्रतिकृतियां प्रदर्शित की गयीं।



आईआईटीएफ-2026 में झारखंड पवेलियन का आकर्षण बनी माटी कला और टेराकोटा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

नयी दिल्ली/रांची : 45वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (IITF)-2026 में फोकस स्टेट के रूप में शामिल झारखंड अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प के जरिये पर्यटकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। झारखंड पवेलियन में पारंपरिक माटी कला (टेराकोटा) का लाइव प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मिट्टी से उत्पाद तैयार करने की पारम्परिक कला और पर्यावरण-अनुकूल हस्तनिर्मित उत्पादों को देखने के लिए बड़ी संख्या में आगंतुक पहुंच रहे हैं।





लाइव डेमो से पर्यटकों को लुभा रहे कारीगर

डेमो के जरिये कर रहे हैं अपनी कला का प्रदर्शन

पवेलियन में कारीगर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए ट्रे, सुराही, कप, गिलास, थाली और केतली जैसे आकर्षक एवं उपयोगी उत्पाद तैयार कर रहे हैं। लाइव डेमो की खासियत यह है कि पर्यटक अपनी पसंद के उत्पादों को अपनी आंखों के सामने तैयार होते देख सकते हैं और स्वयं भी इस कला का अनुभव लेकर अपने हाथों से उत्पाद बना सकते हैं। तैयार उत्पादों को सीधे कारीगरों से खरीदने की सुविधा भी आगंतुकों को आकर्षित कर रही है।

झारखंड सरकार राज्य की पारम्परिक कला एवं शिल्प के संरक्षण, स्थानीय कारीगरों के सशक्तीकरण और उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में कर रही है निरन्तर प्रयास

झारखंड सरकार के नेतृत्व में राज्य की पारंपरिक कला एवं शिल्प के संरक्षण, स्थानीय कारीगरों के सशक्तीकरण और उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। माटी कला बोर्ड की परिकल्पना पारम्परिक कुम्हारों एवं माटी शिल्पकारों को पहचान, कौशल विकास, आधुनिक डिजाइन और बेहतर आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने से जुड़ी है।

IITF-2026 में झारखंड पवेलियन के माध्यम से माटी कला को मिल रहा है राष्ट्रीय मंच

IITF-2026 में झारखंड पवेलियन के माध्यम से माटी कला को राष्ट्रीय मंच मिल रहा है। यह पहल राज्य की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय कारीगरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ कर उनके लिए नये बाजार और रोजगार के अवसर सृजित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के दर्जनों गांवों में चार दिनों से चल रहे छठ महापर्व सोमवार को प्रातः उदयमान भुवन भास्कर को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। जहां छठ व्रतियों ने आस पास के पवित्र जलाशयों समेत बेड़ो के ऐतिहासिक डुकु तालाब के छठ घाट पर व्रतियां और श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को जल और दूध से अर्घ्य अर्पित किया। छठ घाटों में अहले सुबह तीन बजे से ही लोग पहुंचने लगे थे। जहां पूरे चौक चौराहे में बिजली से जगमगा रहे थे। लोग छठ मइया के गीतों को गाते सिर पर दउरा उठाये जलाशयों में जाकर जलाशय में खड़े होकर भगवान सूर्य उपासना में लीन रहे। वहीं अर्घ्य देने के लिए कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की पहुंची। जहां उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर लोगों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महापर्व छठ सभी के लिए सुख- समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि लोक आस्था और विश्वास का यह महापर्व झारखंड़ प्रदेश के साथ पुरे राष्ट्र के लिए कल्याण की कामना कर उन्होंने छठ पर्व पर प्रदेश वासियो को बधाई दी। वहीं झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर जिप सदस्य बेरोनिका उरांव मुखिया सुशांति भगत पंसस राखी भगत पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय सीओ राज कुंवर सिंह थाना प्रभारी कफील अहमद करमा उरांव, अंजली कच्छप ईश्वर बड़ाइक जयंत लाल खन्ना सहित कई लोगो ने अर्घ्य दिया। जहां जनप्रतिनिधियों ने छठ महापर्व पर सभी के लिए सुख- समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि लोक आस्था और विश्वास का यह महापर्व राज्य के लिए कल्याणकारी हो। वही छठ घाट को विद्युत सज्जा के साथ आकर्षक रूप से सजाया गया था। जहां घाट पर बेड़ो सीएससी द्वारा चिकित्सा हेतु शिविर लगाया गया था। जबकि सुरक्षा को लेकर बेड़ो पुलिस के साथ जवान व स्थानीय तैराक भी तैनात थे।

एक झलक

सोहराई जतरा की तैयारी पूरी, आज लगेगा जतरा

इटकी : इटकी मोड़ स्थित छठ महापर्व के बाद दूसरे दिन लगने वाले वार्षिक सोहराई जतरा की तैयारी पुरी कर ली गई है। मंगलवार को 12 पड़हा के अगुवाई में शनिवार को सोहराई जतरा का आयोजन किया जायेगा। पहान फगुवा उरांव ने बताया कि सुबह दस बजे पईनभरा सहित अन्य लोगों के साथ जतरा स्थल पर स्थित शक्ति पीठ जतरा खुटा में रंगुवा मुर्गे की बलि देकर अपने इष्टदेव की पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद 12 पड़हा के अगुवाई में दो बजे विशाल शोभा यात्रा के साथ जतरा मेला का आयोजन किया जायेगा। जतरा में 22 पड़हा नगड़ी ,21 पड़हा ,8 पड़हा,12 पड़हा, 5 पड़हा, से संबंधित दर्जणों गांवों के लोग हाथी घोडा रंपा चंपा, झंडा सहित अन्य प्रतिकों के साथ हजारों की संख्या में भाग लेगें। इधर शक्ति पीठ जतरा खुंटा को फुलों की माला से सजाया गया है वही मंच, तोरणद्वार, बिजली, पेयजल सहित कई अन्य व्यवस्था की तैयारी पुरी कर ली गई है। जतरा में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

मुखिया ने किया आंगनबाड़ी भवन का उद्घाटन

सोनाहातू : प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के अन्तर्गत सिगीद गांव में सोमवार को मुखिया सरिता देवी और ग्राम प्रधान धीरज सिंह मुंडा ने संयुक्त रूप में नये आंगनबाड़ी भवन का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि फणी भूषण सिंह मुंडा, वार्ड सदस्य अक्षय कुमार सिंह मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा, दलेल चन्द्र महतो, सेविका तिजोश्वरी देवी, तरु वाला देवी, वृहस्पति देवी, रमाकांत सिंह मुंडा,रबिन्द्र नाथ लोहरा, लखीचरण हजाम आदि मौजूद थे।

झारखंड अंडर 17 बालिका क्रिकेट टीम में पिठोरिया की सारा अल्तमश का चयन

पिठोरिया : पिठोरिया के पिरुटोला की रहने वाली सारा अल्तमश का चयन नेशनल स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की अंडर-17 बालिका झारखंड राज्य क्रिकेट टीम में हुआ है। सारा के इस चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। वह अभी जम्मू कश्मीर के कटारा में आयोजित राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी झारखंड की अंडर 17 टीम में सारा का चयन हुआ था। सारा रांची स्पोर्ट्स एकेडमी, बरियातू रोड में कोच अनीसुर रहमान के मार्गदर्शन में क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रही हैं। सारा मध्यम गति की गेंदबाज हैं और लगातार अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। सारा कांके स्थित साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा हैं। उनके पिता मुस्ताक अहमद चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हैं और ग्रामीण इलाकों में क्लिनिक के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। उनकी माता तरन्नुम निशा गृहिणी हैं। परिजनों के अनुसार, सारा को बचपन से ही क्रिकेट के प्रति विशेष रुचि रही है। पढ़ाई के साथ-साथ वह नियमित रूप से क्रिकेट का अभ्यास करती हैं। उनके इस चयन और शानदार प्रदर्शन से परिवार, विद्यालय तथा पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। लोगों ने सारा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व सम्पन्न



लापुंग : चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ रविवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही श्रद्धा और उल्लास के माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। लापुंग प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जलाशयों और घाटों पर अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। प्रखंड मुख्यालय लापुंग सहित ककरिया, लालगंज, दोलैचा और फतेहपुर समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में व्रतियों और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक अनुष्ठान के साथ भगवान भास्कर को पहला और दूसरा अर्घ्य अर्पित किया। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने 36 घंटे का कठिन उपवास समाप्त किया (पारण किया)। इसके बाद घाटों पर ही ठेकुआ, फल और अन्य प्रसाद बांटे गए। जगह-जगह श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसके साथ ही यह महापर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान चहुंओर छठ महापर्व की गीतों से क्षेत्र भक्तिमय बना रहा।

गोला में श्रद्धा-उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ छठ महापर्व



गोला (रामगढ़) : गोला प्रखंड में चार दिवसीय छठ महापर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण किया। इस दौरान गोमती नदी छठ घाट सहित विभिन्न जलाशयों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। व्रतियों ने भगवान सूर्य और छठी मईया की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। श्री श्री सूर्यदेव पूजा समिति की ओर से गोमती नदी छठ घाट पर साफ-सफाई, विद्युत सज्जा और फूलों के तोरण द्वार की व्यवस्था की गई थी। आयोजन में समिति के संरक्षक कुंवर कुमार बक्सी, सनेल राम नायक, सुशील बुधिया, जनार्दन पाठक, रवि अम्बष्ट, विजय ओझा, अमित महतो, प्रदीप अग्रवाल, शिवप्रकाश, अजय नायक और निहार रंजन सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। समिति के अध्यक्ष संतोष सोनी, संयोजक मनोज मिश्र और अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली।

थाना प्रभारी की पहल की हुई सराहना

गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने गोमती नदी छठ घाट की साफ-सफाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए चाय की व्यवस्था भी की। पुलिस की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की।



■ पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने नशापान छोड़ शिक्षा अपनाने की अपील की, विधायक सुरेश बैठा ने स्वच्छता का दिया संदेश

सुरीद बाजार टांड में धूमधाम से लगा छठ मेला, नागपुरी गीतों पर झूमे श्रद्धालु

बुढ़मू : छठ महापर्व के पावन अवसर पर बुढ़मू प्रखंड अंतर्गत ग्राम सुरीद के बाजार टांड में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी उपस्थित रहे। इसके अलावा विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, जिला परिषद सदस्य पूर्वी मनोज बाजपेयी, शमीम बड़ेहार, पार्वती देवी, कुषेंद्र पाहन, संजय पटेल एवं गौरव महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने लोगों से नशापान छोड़कर शिक्षा की राह अपनाने की अपील की। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों से जागरूक बनने का आह्वान किया। वहीं विधायक सुरेश कुमार बैठा ने छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस प्रकार छठ पूजा के दौरान लोग तालाबों और जलाशयों की साफ-सफाई करते हैं, उसी प्रकार पूरे वर्ष स्वच्छता बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पर्व मनाने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की। मेले में नागपुरी कलाकार प्रभात साहू और जिग्नेश कुमार ने अपने शानदार नागपुरी गीतों की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत-संगीत पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और मेले का भरपूर आनंद उठाया। मेले के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ महतो, सचिव लगन लाल महतो, उपाध्यक्ष मनोज महतो एवं पप्पू मुंडा तथा सह सचिव जनार्दन महतो का सराहनीय योगदान रहा।

उमेडंडा के शिवधाम छठ घाट पर श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ महापर्व



■ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में शामिल हुए एलआरडीसी अनुराधा कुमारी और एडीसी देवेन्द्र कुमार

बुढ़मू : प्रखंड के उमेडंडा स्थित प्राचीन शिवधाम छठ घाट पर चार दिवसीय छठ महापर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। रविवार शाम व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया, जबकि सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। रविवार को आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में बोकारो की एलआरडीसी सह डीएलएओ अनुराधा कुमारी और उनके पति चाईबासा के एडीसी देवेंद्र कुमार शामिल हुए। दोनों अपने पैतृक गांव उमेडंडा पहुंचे थे। पंडित रविंद्र मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान थाना प्रभारी नवीन शर्मा, एसआई प्रभाष रवानी, उमेडंडा टीओपी प्रभारी सुधीर सोरेन सहित कई ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एडीसी देवेंद्र कुमार ने कहा कि उमेडंडा उनका पैतृक गांव है। प्राचीन शिवधाम में पूजा-अर्चना कर उन्होंने गांव की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सोमवार सुबह व्रतियों ने पारंपरिक प्रसाद के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद हवन किया गया। डॉ. बालमकुंद नायक की ओर से घाट पर चाय स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क चाय वितरित की गई। महापर्व के आयोजन में संजय साहू, केदार नायक, छोटन नायक, मनोज नायक, सुदामा नायक, रौशन पासवान, देवानंद नायक, जुगेश्वर राम, अरुण नायक और शंकर साहू सहित ग्रामीणों एवं युवाओं का योगदान रहा।



चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में सम्पन्न

सिल्ली : सिल्ली प्रखंड क्षेत्र में सुर्यउपासना का चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास के साथ भक्ति मय माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य के साथ व्रतियों ने सोमवार को उदयीमान सुर्य भगवान भास्कर को विधि विधान पूर्वक अर्ध्य देकर सुर्य उपासना का महापर्व छठ सम्पन्न किया। व्रतियों ने अनुष्ठान के दौरान अपने परिजनों के साथ लोगों कि मंगल कामना के लिए प्रार्थना किया इ अवसर पर मुरी स्वर्ण रेखा घाट पर श्रद्धालुओं कि भीड़ उमड़ पड़ी। घाटों पर समाजिक संगठनों द्वारा दुध का वितरण किया गया। मुरी सिल्ली क्षेत्र के सभी घाटों को साफ सफाई के साथ विद्युत सज्जा किया गया था। विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था का भी पुरी तरह से ध्यान रखा गया था।

बुंडू में सूर्य मंदिर सरोवर सहित विभिन्न छठ घाटों में व्रतियों ने दिया भगवान सूर्य को अर्घ्य



बुंडू : बुंडू नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में लोक आस्था के महापर्व छठ को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सूर्य मंदिर सरोवर, खुदिया तालाब, बड़ा तालाब, पलवा पोखर, मैनेजर बांध, रानीचुआं, डबराडा और कांची नदी किनारे बने घाटों पर व्रतियों ने उदयगामी सूर्य को अर्घ्य प्रदान की और परिवार की सुख-समृद्धि व संतान की दीघार्यु की कामना की। सुबह से ही घाटों पर चहल-पहल रही। महिलाएं बांस के दौरा और सूप में फल, फूल, ठेकुआ और पूजन सामग्री लेकर पारंपरिक वेशभूषा में घाट पर पहुंचीं। इसके पूर्व रविवार को सांय व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य प्रदान की। छठी मैया के गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

वीर बिरसा मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता व बंडा बुरु जतरा का भव्य आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिल्ली : भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार, 15 नवंबर को दोवाडू पंचायत के बुरुपिढ़ी गांव स्थित चर्च मैदान, शलगाडीपा में वीर बिरसा मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता एवं बंडा बुरु जतरा 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित खालको, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक एवं सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव प्रकाश मुंडा, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो एवं पारस पातर मुंडा शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रुस्तम उरांव ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। फुटबॉल प्रतियोगिता और पारंपरिक बंडा बुरु जतरा के आयोजन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ जतरा आयोजन समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

इटकी के 26 गांवों के छठ घाटों में उमड़ी आस्था की भीड़



कृषि मंत्री भी बनी सूर्य देव को अर्घ्य अर्पण का हिस्सा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

इटकी : इटकी प्रखण्ड के 26 गांवों के घाटों में हजारों छठव्रतियों ने उदयमान भगवान भाष्कर को अर्घ देकर अराधना की। इस दौरान कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की ने भी यहां पहुंच कर अर्घ अर्पन की हिस्सा बनी। इधर झारखण्ड युवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व जिप सदस्य मसूद आलम ने छठ घाट स्थित रुद्र महाकाल मंदिर में सीसी केमरा,20 हाईटेक स्थायी चेंजिंग रूम बनाने और 20 स्ट्रीट लाईट लगाने की घोषणा की। सोमवार की प्रातः 3.30 बजे से ही छठव्रती और श्रदालुओं का छठ घाटों में पहुंचना शुरू हो गया था। देखते ही देखते श्रदालुओं की भीड़ से प्रायः सभी छठ घाट अट गये। इसके बाद छठ व्रतियों ने पोखर, नदी, बांध,तलाब जैसे अन्य जलाशयों में प्रवेश कर घंटों भगवान सूर्य देव की आरधना की। सूर्य देव के उदय के निर्धारित समय करीब 5.02 मिनट के बाद श्रदालुओं ने अर्घ्य दिया। इसके बाद छठव्रतियों घाट पर ही यज्ञ और पूजा अर्चना कर चार दिनों से चल रही छठव्रत का समापन किया। इसके पूर्व रविवार को अस्ताचली सूर्यदेव को छठ व्रतियों ने अर्घ दिया। प्रखण्ड के केशरी तलाब, सूर्य मंदिर सरोवर, हरही गंगा जल , गड़गांव तलाब, पंडरा नदी, सेमरा तलाब,मोरो पोखर, मकुन्दा बांध, नारी तलाब, कुन्दी पोखरा, गड़गांव तलाब, बोड़या तलाब, भंडरा डेम, पुरियो, सालोटोली, हरमू, सुगदा, बारीडीह, कुल्ली सहित क्षेत्र के अन्य जलाशयों में हजारों श्रदालुओं ने भगवान भाष्कर को अर्घ दिया। इटकी के घाटों श्री शक्ति संघ और केशरवानी समाज द्वारा की साफ सफाई, विजली व्यवस्था ,साजसज्जा सहित दुग्ध आम की लकड़ी चाय सहित अन्य व्यवस्था किया गया था।

सूर्य को अर्घ्य देने जलाशयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

राहे/सोनाहातू : सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य के अर्घ्य प्रदान करने के साथ ही सूर्य उपासना का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हुआ। छठ घाट पर हवन करके व्रती 36 घन्टे के निराहार निर्जला व्रत का समापन किया। व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। महिलाओं ने एक दूसरे की मांग में सिंदूर भरकर परिवार समाज व देश मे सुख शांति समृद्धि कल्याण की कामना किये। परम्परागत गीतों की गूंज से पूरा माहौल को भक्तिमय बन गया था। हर घाट में श्रद्धा का रंग देखने को मिला। राहे कोकरो नदी ,राहे बड़ा तालाब,दुलमी तालाब, पुरानानगर तालाब, जामुदाग डेहरी बांध, दानाडीह बूढ़ा बांध, बारेन्दा बांध, पंडाडीह तालाब, बाकू बांध, एडरमहातू -सीगीद तालाब, आदि जगहों पर व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। विधिव्यवस्था के लिए पुलिस टीम भी गस्ती करती रही।

धान की फसल काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, थाने में शिकायत

साड़म गांव में खेत पर विवाद, पीड़ित ने 100-200 अज्ञात लोगों समेत कई पर लगाया आरोप

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुढ़मू : थाना क्षेत्र के साड़म गांव में धान की फसल काटने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में गांव के सतीश पाहन (33) ने बुढ़मू थाना में लिखित शिकायत देकर पड़हा सरकार युवा संघ भारत के सदस्यों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी और धान की फसल जबरन काटने का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार, 14 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे सुभाष खलखो के नेतृत्व में संगठन के सदस्य उनके खेत पहुंचे और धान काटने लगे।



विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की गई। सतीश पाहन ने अपनी पत्नी पूनम देवी के साथ भी अभद्र व्यवहार और मारपीट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बीच-बचाव के बावजूद मारपीट जारी रही और खेत में लगी फसल को भी नुकसान पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर बुढ़मू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर वहां से हटाया। पीड़ित के अनुसार, घटना में परिवार के कई सदस्यों को हल्की चोटें आई हैं। शिकायत में सुभाष खलखो, आशीष उरांव, युधिष्ठिर टाना भगत, प्रमोद उरांव सहित कई लोगों के नाम दिए गए हैं। इसके अलावा करीब 100 से 200 अज्ञात महिला-पुरुषों को भी आरोपी बनाया गया है। आवेदक ने यह भी आरोप लगाया है कि वर्ष 2025 में इसी संगठन के सदस्यों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की थी और धान की फसल काटने का प्रयास किया था। इस मामले में बुढ़मू थाना कांड संख्या 67/25 दर्ज होने की बात कही गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

सोनाहातू में मनी धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सोनाहातू : रविवार को धरती आबा बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर प्रखंड में जनजाति गौरव दिवस उल्लास के साथ मनाया ।माकपा के द्वारा सोनाहातू प्रखंड परिसर के आदमकद प्रतिमा पर सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। सभी ने जल जंगल जमीन की रक्षा करने की एवं धरती आबा के कदमो पर चल कर आबुआ दिशुम आबुआ राज स्थापित करने का संकल्प लिया। मौके पर मुखिया विकास सिंह मुंडा, दिनेश महतो, प्रेम पातर, धुरन, हरिहर महतो, परमेश्वर, मुनिया, विपतारण आदि मौजूद थे। इधर आजसू पार्टी, बुद्धिजीवी मंच महिला समिति ने संयुक्त रूप में भगवान बिरसा मुंडा



के जयंती व झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर सोनाहातू ब्लॉक, नीमडीह, बरसालडीह, आदि जगहों पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।केन्द्रीय सचिव संजय कुमार महतो,पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, श्याम महतो, अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक, मुखिया सावना महली, पसंस रुप कुमार साहू, खेत्रमोहन सिंह मुंडा, बिरेंद्र सिंह मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष बिरेंद्र लोहरा, कालीचरण महतो, मंटू भगत, श्यामल दास, ग्राम प्रधान ब्रह्मानारायण सिंह, जय सिंह मुंडा, प्रदीप सिंह मुंडा, जीबाधन सिंह मुंडा, सुरज गोझू, बुद्धेश्वर मुंडा, सत्यनारायण मुंडा, पवन हजाम, सोमा मुंडा, मोनू भगत, शंकर मुंडा, आदि मौजूद थे।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती श्रद्धा, सम्मान व संगठनात्मक संकल्प के साथ सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मुरी : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के पावन अवसर पर ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन, हटिया शाखा द्वारा शाखा सचिव श्री लालदेव उरांव की अध्यक्षता में एसोसिएशन कार्यालय, हटिया में श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिविजनल सेक्रेट्री बिनोद उरांव, मंडल कार्यकारी अध्यक्ष रवि तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष (मुरी शाखा) निरंजन बाघवार, कोषाध्यक्ष राणा मुंडा, शाखा सचिव लालदेव उरांव, हेमंत उरांव,अशोक सुरीन, मोहन मुंडा, रणजीत उरांव एवं ए. जी. मिंज सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में संगठन को अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। निर्णय लिया गया कि अगले वर्ष भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह रेलवे सामुदायिक भवन, हटिया में भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से आयोजित किया जाएगा। साथ ही महिला विंग एवं यूथ विंग (18झ30 वर्ष) का गठन कर महिला नेतृत्व और युवा शक्ति को संगठन की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया गया। यह भी



निर्णय लिया गया कि शाखा पदाधिकारियों की नियुक्ति योग्यता, सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण के आधार पर की जाएगी तथा संगठन का संचालन जोनल गाइडलाइन के अनुरूप किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जल, जंगल, जमीन, स्वाभिमान, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं संगठनात्मक एकता के आदर्शों को आत्मसात करते हुए कर्मचारियों एवं समाज के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा, एकजुटता और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। 'संगठन हमारी शक्ति है, एकता हमारी पहचान है और सेवा हमारा संकल्प!

बिरसा जयंती पर मुरवे में लगा भव्य मेला, विधायक सुरेश बैठा ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



बुढ़मू : प्रखंड अंतर्गत ग्राम मुरवे में रविवार, 15 नवंबर 2026 को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद मंच से लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और देश की आजादी में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा का बलिदान और उनके विचार हमेशा समाज को प्रेरणा देते रहेंगे। इस दौरान उन्होंने मेला टांड़ में मंच निर्माण के लिए अपने विधायक मद से अनुशंसा करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक मुंडा ने की, जबकि मंच का संचालन नागपुरी कलाकार रोहित कुमार ने किया।

बेड़ो में राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनी भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती



बेड़ो : प्रखंड के घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव स्थित जतरा बगीचा में जनजाति सुरक्षा मंच के कार्यकर्ता फागु मुंडा की अगुवाई में राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के शुभ अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा का तस्वीर रखकर राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांत संयोजक हिन्दुवा उरांव, एतवा पाहन, वार्ड सदस्य अनूप मुंडा, मनोज भगत, बुधवा उरांव और गांव के माता एवं बहनें, भाई-बंधु, बूढ़ा-बुजुर्ग विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के बाद उनके जीवन पर आधारित कहानियों को बताया गया। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा सभी ग्रामवासी मिलकर लगाने का कार्य करेंगे।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची महानगर छठ पूजा समिति के तत्वावधान में डोरंडा स्थित कृत्रिम तालाब पर सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का विधिवत समापन हुआ। सुबह की पहली किरण के साथ ही तालाब परिसर में व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। छठी मइया के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि छठ महापर्व केवल सूर्य उपासना का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता, अनुशासन और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उषा अर्घ्य जीवन में नई शुरूआत और अंधकार के बाद प्रकाश का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि डोरंडा का कृत्रिम तालाब उन व्रतियों के लिए बेहतर विकल्प है, जिन्हें नदी या प्राकृतिक तालाब तक पहुंचने में कठिनाई होती है। आलोक दूबे ने पर्व-त्योहारों के दौरान राज्य में सौहार्दपूर्ण माहौल और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि झारखंड ने धार्मिक सद्भाव और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की है। समिति के संरक्षक कपिलदेव सिंह ने छठ को सांस्कृतिक जीवन की आत्मा बताया। वहीं, छप्पन सेट छठ पूजा समिति के अध्यक्ष गोपी दूबे ने कहा कि श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी और अनुशासित व्यवस्था आयोजन की सफलता का आधार रही।

छठ महापर्व के अवसर पर श्री नीम करौली बाबा धाम ट्रस्ट, झारखंड ने 2100 हनुमान चालीसा का किया वितरण



रांची : लोकआस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ के पावन अवसर पर श्री नीम करौली बाबा धाम ट्रस्ट, झारखंड द्वारा राजभवन के निकट स्थित हटनिया तालाब, राँची में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच लगभग 2,100 श्री हनुमान चालीसा की प्रतियों का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले लगभग 50 गणमान्य महानुभावों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम रविवार को छठ महापर्व के प्रथम अर्घ्य तथा सोमवार को प्रातःकालीन अर्घ्य के अवसर पर आयोजित किया गया। दोनों दिनों में बड़ी संख्या में छठ व्रतियों, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। ट्रस्ट की ओर से स्थापित विशेष कैनोपी के माध्यम से श्रद्धालुओं को ससम्मान हनुमान चालीसा भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के माननीय राज्यपाल महोदय की छठ व्रतियों के बीच गरिमामयी उपस्थिति रही। इस पावन अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय को श्री हनुमान चालीसा सादर भेंट की गई। साथ ही रांची के माननीय उपायुक्त को भी हनुमान चालीसा भेंट कर सम्मान प्रकट किया गया। इस अवसर पर माननीय राज्यसभा सांसद श्री आदित्य साहू, माननीया राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री श्री अमर कुमार बाउरी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों एवं श्रद्धालुओं को संस्था के उद्देश्यों और भावी कार्ययोजनाओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। ट्रस्ट का प्रमुख संकल्प पतरातू में श्री हनुमान जी एवं परम पूज्य बाबा नीम करौली के भव्य मंदिर का निर्माण करना है। इसके साथ ही भविष्य में वृद्धाश्रम, अनाथालय तथा अन्य जनकल्याणकारी संस्थाओं की स्थापना कर सेवा, समर्पण एवं मानवता के कार्यों को विस्तार देने की योजना है। ट्रस्ट का मानना है कि धार्मिक आस्था का वास्तविक स्वरूप मानव सेवा, परोपकार, सामाजिक सद्भाव एवं जरूरतमंदों की सहायता में निहित है। बाबा नीम करौली के सेवा एवं करुणा के संदेश तथा श्री हनुमान जी की भक्ति से प्रेरित होकर ट्रस्ट धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के मनीष कुमार,अध्यक्ष, बिश्वजीत पॉल, उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह, सचिव, राजेश कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव, आनंद कुमार, कोषाध्यक्ष, अविनाश कुमार मिश्रा, सह-कोषाध्यक्ष, दीपेश कुमार निराला, प्रवक्ता, धीरेंद्र मिश्रा, सोशल मीडिया प्रभारी, कार्यकारिणी सदस्य आनंद कुमार चितलांगिया, अभय कुमार तिवारी, आलोक कुमार राय, जयंत प्रसाद साहू, राकेश नारायण, अश्विनी कुमार, अभय कुमार एवं संजू कुमार सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिती रही।

धुर्वा में विधिक जागरूकता, चिकित्सा व प्रसाद वितरण शिविर आयोजित



रांची : जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की ओर से 15 नवंबर को शालीमार बाजार, धुर्वा में विधिक जागरूकता, निःशुल्क चिकित्सा एवं पूजन सामग्री वितरण शिविर लगाया गया। इसमें छठ व्रतियों और स्थानीय लोगों को कानूनी जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य जांच और फल-प्रसाद वितरण किया गया। शिविर में डालसा की ओर से एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा और पीएलवी टीम ने लोगों को कानूनी प्रावधानों एवं डालसा की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। निःशुल्क विधिक सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी बताया गया। सदर अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने डॉ. रोबिन कुमार के नेतृत्व में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। संगठन के झारखंड प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने छठ व्रतियों के बीच फल और प्रसाद वितरित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश कुमार ने लोगों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा डालसा के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। मौके पर पीएलवी दीपेंद्र, संजय, अमित, संगठन के झारखंड सचिव धनंजय सिंह, रंजन मिश्रा, विकास सिंह, भोला झा, प्रमोद कुमार और संतोष पाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चल कर ही बनेगा मजबूत और समृद्ध झारखंड : सुदीप गुड़िया



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची/खूंटी : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के डेहकेला में जयंती सह स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया शामिल हुए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके संघर्ष, त्याग और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा केवल महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान, सामाजिक न्याय और जल, जंगल, जमीन के अधिकारों के प्रतीक हैं। उनके विचार और संघर्ष आज भी समाज को अपने अधिकारों, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। उनके आदर्श झारखंड की पहचान और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही मजबूत और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन यहां के पूर्वजों के लंबे संघर्ष, आंदोलन और अनगिनत बलिदानों का परिणाम है। झारखंड महज एक भौगोलिक पहचान नहीं, बल्कि आदिवासी-मूलवासी समाज की आकांक्षाओं, संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है। ऐसे में सभी की जिम्मेदारी है कि पुरखों के सपनों के अनुरूप समृद्ध, खुशहाल और विकसित झारखंड के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के गांवों का समग्र विकास, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। धरती आबा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जनसेवा और विकास के संकल्प को आगे बढ़ाया जाएगा।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर समाधि स्थल पर अर्पित किये श्रद्धासुमन



- बबलू मुंडा के नेतृत्व में विभिन्न सरना समितियों ने निकाली शोभायात्रा, राज्य स्थापना दिवस और जयंती की तिथि बदलने पर सरकार की आलोचना

रांची : केंद्रीय सरना समिति, जनजाति सुरक्षा मंच, क्षेत्रीय सरना समिति, भगवान बिरसा मुंडा स्मारक न्यास समिति काँके और झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर कोकर स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के नेतृत्व में बाजे-गाजे के साथ पहुंचे लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बबलू मुंडा ने राज्य सरकार पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस की तिथि बदलने का आरोप लगाते हुए आलोचना की। उन्होंने कहा कि राज्य के 26 वर्षों के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड के सभी वर्गों के लोग इसका जवाब देंगे। जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ उलगुलान किया था। उन्होंने विक्टोरिया राज सेनोताना और अबुआ राज हेजोताना का नारा दिया था। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। मुखिया सोमा उरांव ने कहा कि सरकार को भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती, झारखंड का 26वां स्थापना दिवस और छठ महापर्व एक साथ मनाना चाहिए था। ऐसा नहीं होने से लोगों के बीच कई तरह की भ्रांतियां पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि तीनों पर्व एक साथ मनाना महान पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होती। कार्यक्रम में अशोक मुंडा, विश्वकर्मा पहान, बालेश्वर पहान, गुरुचरण मुंडा, मुनेश्वर, अमन मुंडा, पीयूष मुंडा, संजय कुमार, नामित हेंब्रम, मोहन मुंडा, पिंकु साहू, पिंटू पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।





बिरसा मुंडा की जयंती पर अजय राय ने अर्पित की पुष्पांजलि

रांची : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कोकर स्थित समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जल, जंगल, जमीन और आदिवासी अस्मिता की रक्षा के संघर्ष के प्रतीक हैं। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उनका संघर्ष और नेतृत्व आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के आदर्श अन्याय, शोषण और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने तथा वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करने की प्रेरणा देते हैं। उनके विचारों को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने सभी से उनके सपनों का समृद्ध, सशक्त और न्यायपूर्ण झारखंड बनाने का संकल्प लेने की अपील की।

एक झलक

झारखंड में 20 और 21 नवम्बर को भारी बारिश का अलर्ट

रांची : झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में मंगलवार से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार और बुधवार को राज्य के कई जिलों में आसमान में बादल छाए रहेंगे। वहीं, 20 और 21 नवंबर को कुछ जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 20 नवंबर को राज्य के दक्षिणी हिस्से के चार जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां में भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, 21 नवंबर को मध्यवर्ती और पश्चिमी झारखंड के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश हो सकती है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस खूंटी में रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। हालांकि, दोपहर बाद आसमान में आंशिक रूप से बादल छा गए। दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी महसूस की गई, जबकि सुबह कुहासा छाए रहने से ठंड का एहसास हुआ। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री और न्यूनतम 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री और न्यूनतम 17.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 32 डिग्री और न्यूनतम 16.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 29.5 डिग्री और न्यूनतम 16.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 32.4 डिग्री और न्यूनतम 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

एचईसी की आठों यूनियनें आज करेंगी मुख्यालय का घेराव



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : हटिया मजदूर यूनियन (सीटू) समेत एचईसी की आठों यूनियनों ने संस्थान की वर्तमान स्थिति और मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर 17 नवंबर को मुख्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया है। आंदोलन के तहत मजदूर लगातार तीसरे दिन भी अपनी ड्यूटी करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे लंच के समय बड़ी संख्या में एकजुट होकर एचईसी मुख्यालय का घेराव करेंगे। हटिया मजदूर यूनियन (सीटू) के कार्यकारी अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने मजदूरों से आंदोलन को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि एचईसी को बचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए मजदूरों को आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट होना होगा और प्लांटों में आंदोलन का व्यापक प्रचार-प्रसार करना होगा। यादव ने मजदूरों की मांगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें समय पर वेतन भुगतान, कैंटीन की व्यवस्था और सभी प्रकार के बकाया वेतन का अविलंब भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रबंधन पर सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि एचईसी को कमजोर कर कौड़ियों के भाव बेचने की तैयारी की जा रही है। उनके अनुसार, प्लांटों में मशीनों और स्टोर का तेजी से डेटा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने मजदूरों को आगाह किया कि बिना उचित जानकारी और समझ के किसी भी तरह का डेटा उपलब्ध कराने से बचें।

बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

16 बन्दियों ने दिये आवेदन



एलएडीसी सदस्यों ने दी कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से 15 नवंबर को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश और सदस्य सचिव रंजना अस्थाना के आदेश पर आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व न्यायायुक्त सह डालसा अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 और डालसा सचिव राकेश रौशन ने किया। कार्यक्रम में न्यायिक दंडाधिकारी नुमान खां आजम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर काराधीक्षक कुमार चंद्रशेखर, कारापाल लवकुश कुमार, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ कविता खाती और सदस्य बीरेन्द्र प्रताप, सौरभ पांडेय एवं अभिलाषा सिन्हा सहित न्यायालय और कारा के कर्मचारी मौजूद थे। जेल अदालत में 16 बंदियों ने आवेदन प्रस्तुत किए। न्यायिक दंडाधिकारी और एलएडीसी सदस्यों ने सभी आवेदनों पर सुनवाई की। इस दौरान बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की कार्यप्रणाली और नालसा एवं झालसा की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। एलएडीसी सदस्य बीरेन्द्र प्रताप ने बताया कि जेल में डालसा का पीएलवी नियुक्त है। बंदी अपनी कानूनी समस्याओं और सहायता के लिए उनसे संपर्क कर आवेदन दे सकते हैं।

झारखंड हाई कोर्ट ने रिश्वत मामले में सीसीएल के पूर्व अधिकारी को किया बरी



- सीबीआई की विशेष अदालत का दोषसिद्धि और सजा का आदेश रद्द

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 के तहत दोषी ठहराए गए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी एस. रमन को बरी कर दिया है। उच्च न्यायालय ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा 30 मई 2005 को सुनाए गए दोषसिद्धि और सजा के फैसले को रद्द कर दिया। सीबीआई के अनुसार, रांची के कांके रोड स्थित एक फर्म के प्रोपराइटर सुब्रतो मुखर्जी ने वर्ष 1991-92 में सीसीएल के ईएंडएम विभाग को बिजली का सामान आपूर्ति किया था। बिलों का भुगतान लंबित रहने पर उन्होंने एस. रमन से संपर्क किया। आरोप था कि रमन ने सात बिलों (करीब 11,600 रुपये) का भुगतान आगे बढ़ाने के लिए 1,500 रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने 23 मई 1995 को रमन के गांधीनगर स्थित आवास पर जाल बिछाया। एजेंसी का दावा था कि फिनोलफ्थेलीन लगे नोट रमन के पास से बरामद किए गए। सोडियम काबोर्नेट के घोल में हाथ डालने पर घोल का रंग गुलाबी हो गया था। इस मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने रमन को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7 के तहत दो वर्ष और धारा 13(2) के तहत एक वर्ष के सश्रम कारावास के साथ जुमार्ने की सजा सुनाई थी।

भूमि सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए अंचलवार बैठक करेगा झारखंड चैम्बर

गैरमजरुआ भूमि, म्यूटेशन और खासमहल के मुद्दों पर चर्चा, धारा 22ए मामले में सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप आवेदन देने का निर्णय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की लैंड रिफॉर्म उपसमिति की बैठक चैंबर भवन में हुई। इसमें भूमि सुधार एवं राजस्व से जुड़े मुद्दों, गैरमजरुआ आम और खास भूमि, म्यूटेशन, लगान रसीद तथा खासमहल भूमि के नवीनीकरण पर चर्चा की गई। बैठक में झारखंड हाईकोर्ट के 5 नवंबर के आदेश के बावजूद गैरमजरुआ आम और खास भूमि को प्रतिबंधित सूची से हटाने की कार्रवाई नहीं होने पर चिंता जतायी गयी। सदस्यों ने कहा कि अंचल स्तर पर न्यायालय और वरीय अधिकारियों के आदेशों का अनुपालन नहीं होने से आम लोगों और व्यवसायियों को परेशानी हो रही है। भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए चैंबर ने अंचलवार बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया। शुरूआत में दो-तीन अंचलों में बैठक कर म्यूटेशन, लगान रसीद और भूमि अभिलेख से जुड़ी समस्याएं संकलित की जाएंगी। उपसमिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने बताया कि समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद चैंबर भवन में भी बैठक आयोजित होगी। चैंबर अध्यक्ष तुलसी पटेल ने कहा कि क्षेत्रीय उपाध्यक्षों के माध्यम से राज्य के अन्य प्रमंडलों में भी ऐसी पहल शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि एवं राजस्व व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। बैठक में खासमहल भूमि के नवीनीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की गई। इस संबंध में अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री और राजस्व सचिव से मिलकर समाधान की पहल करने का आश्वासन दिया। भूमि रजिस्ट्री में महिलाओं को पहले मिलने वाली विशेष छूट बहाल करने तथा नगरपालिका भूमि-मकान हस्तांतरण अधिभार नियमावली के तहत 10 प्रतिशत सरचार्ज लगाने के फैसले पर पुनर्विचार करने का भी आग्रह किया गया। इसके अलावा म्यूटेशन की व्यावहारिक समस्याओं, भूमि सुधार से जुड़े मामलों में जनहित याचिका दायर करने की संभावनाओं और धारा 22ए के मामले में सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप आवेदन दाखिल करने पर सहमति बनी।



माहेश्वरी सभा ने दीपावली मिलन, भजन संकीर्तन और अन्नकूट महाप्रसाद का किया आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री माहेश्वरी सभा रांची की ओर से 15 नवंबर को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में दीपावली मिलन, भजन संकीर्तन एवं अन्नकूट महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया गया। इसमें माहेश्वरी समाज के परिवारों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे माहेश्वरी भवन में संस्थापक स्व. गणेशनारायण साबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद भजन संकीर्तन में विभोर डागा, मनोज काबरा, अंकुर डागा, सर्वेश माहेश्वरी और नितेश लाखोटिया ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान 101 दीपों से सामूहिक महाआरती की गई। मंदिर में गौ माता की मूर्ति की स्थापना भी की गई। वहीं, इस्कॉन के सदस्यों के सहयोग से मंदिर सभागार में दीपदान कार्यक्रम हुआ, जिसमें करीब 250 लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर माहेश्वरी युवा संगठन की ओर से माहेश्वरी प्रीमियर लीग की घोषणा की गई और प्रतियोगिता के फॉर्म का अनावरण किया गया। यह प्रतियोगिता 8 से 10 जनवरी 2027 तक जिमखाना क्लब में आयोजित होगी। इसके संयोजक आयुष साबू, नयन बोड़ा, मधुर माहेश्वरी और अनमोल साबू हैं। सभा के सचिव मनोज कल्याणी ने नवारंभ के चार सामाजिक विषयों- गौरक्षा, नेत्रदान, अन्न बचाव और शस्त्र महत्व पर चर्चा की। इसमें समाज के प्रबुद्धजनों ने अपने विचार रखे। श्रद्धालुओं के लिए अन्नकूट महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। भोजन की बबार्दी रोकने के प्रति जागरूकता के लिए परिसर में विशेष बैनर भी लगाए गए।

आईआईएम रांची में रिसर्च स्कॉलर्स डे का दूसरा संस्करण आयोजित

- प्रो. ऋषिकेश टी. कृष्णन ने कहा...वास्तविक समस्याओं का समाधान बने शोध, प्रणय, नूतन और सोहिनी को मिला बेस्ट पेपर अवार्ड



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आईआईएम रांची में रिसर्च स्कॉलर्स डे के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। 'फ्रॉम स्कॉलरली इंक्वायरी टू स्ट्रैटेजिक इम्पैक्टः रीथिंकिंग मैनेजमेंट' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के पीएचडी और एग्जीक्यूटिव पीएचडी स्कॉलर्स सहित पूर्व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान शोधार्थियों ने अपने शोध प्रस्तुत किए और विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोका यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. ऋषिकेश टी. कृष्णन थे। संस्थान के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, डॉक्टोरल प्रोग्राम एवं रिसर्च के चेयरपर्सन प्रो. मनीष बंसल तथा रिसर्च मेथड्स ग्रुप के चेयरपर्सन प्रो. अंबुज आनंद और प्रो. अनुप्रिया खान भी उपस्थित रहे। प्रो. अनुप्रिया खान ने बेहतर शोध के लिए सकारात्मक सुझाव और आपसी सहयोग को जरूरी बताया। प्रो. मनीष बंसल ने शोधार्थियों के बीच एक-दूसरे से सीखने और शोध साझा करने के महत्व पर जोर दिया। वहीं, निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शोध का प्रभाव केवल जर्नल में प्रकाशन और उद्धरण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि शिक्षा, उद्योग, कंसल्टेंसी और सरकारी नीतियों में भी दिखना चाहिए। मुख्य अतिथि प्रो. ऋषिकेश टी. कृष्णन ने कहा कि शोध केवल सैद्धांतिक चर्चा तक सीमित न रहे, बल्कि वास्तविक जीवन की चुनौतियों का समाधान बने। इसके लिए शोधकताओं को समाज, समुदाय और संगठनों से जुड़कर काम करना चाहिए। उन्होंने शोध विषय की उपयोगिता, उसके संभावित प्रभाव और निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में फुल पेपर प्रेजेंटेशन, पेचाकुचा 20x20 और तीन मिनट थीसिस/पोस्टर स्लैम जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें शोधार्थियों को अपने शोध प्रस्तुत करने और विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त करने का अवसर मिला। समापन पर प्रणय रॉय को फुल पेपर प्रेजेंटेशन, नूतन मेहता को पेचाकुचा 20x20 और सोहिनी साहा को तीन मिनट थीसिस/पोस्टर स्लैम श्रेणी में बेस्ट पेपर अवार्ड 2026 प्रदान किया गया। अंत में प्रो. अंबुज आनंद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

राष्ट्रीय वुडबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने झारखंड टीम पंजाब रवाना



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : 21वीं सीनियर राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड की पांच सदस्यीय पुरुष टीम पंजाब रवाना हो गई। प्रतियोगिता 19 से 22 नवंबर तक आयोजित होगी। ट्रैक एंड फील्ड ट्रैक सूट कंपनी के निदेशक शिवकांत पाठक ने खिलाड़ियों को ट्रैक सूट और जर्सी देकर टीम को रवाना किया। टीम में बंटी टोप्पो (कप्तान), राजेश गोप, नितिश कुमार, बिलास बारला और सौरव तिर्की शामिल हैं। टीम के कोच सरवर अंसारी हैं। इस अवसर पर गोविंद झा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

छठ घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

केरेडारी प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया लोक आस्था का महापर्व छठ, उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ हुआ समापन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

केरेडारी : केरेडारी प्रखंड के मुख्य छठ घाट पर सुबह 4 बजे से ही व्रतधारियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं पारंपरिक परिधान में, माथे पर सिंदूर और हाथों में बांस की टोकरी में ठेकुआ, फल-फूल, गन्ना लेकर घाट पर पहुंची। तस्वीर में दिख रहा है कि कैसे पूरा परिवार एक साथ सूर्य देव की आराधना में लीन है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस बार घाट पर करीब 500 से अधिक व्रतधारियों ने अर्घ्य दिया। पूरे घाट को फूल-माला और रोशनी से सजाया गया था।बेंगवरी, केरेडारी बडकी पोखर में रात भर जागरण का प्रोग्राम आयोजित किया गया ।

36 घंटे का कठिन व्रत

व्रतधारी महिलाओं ने बताया कि यह पर्व सबसे कठिन माना जाता है। नहाय-खाय से शुरू होकर खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य तक 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। संतान की सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना के लिए यह व्रत रखा जाता है। एक व्रतधारी ने कहा, ‘छठी मैया सबकी मनोकामना पूरी करती हैं, हम हर साल पूरे परिवार के साथ यहां आते हैं।

प्रशासन और ग्रामीणों का सहयोग

पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए केरेडारी पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर घाट पर सुरक्षा और सफाई की व्यवस्था की थी। लाउडस्पीकर पर छठ के पारंपरिक गीत बज रहे थे, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ था।

छठ के लोकगीतो से गुंजायमान हुआ पूरा विष्णुगढ़, उमड़ी आस्था की भीड़



विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड के छठ महापर्व पर लोगो में आस्था और उत्साह एक साथ देखने मिला। छठ महापर्व के दौरान पूरा विष्णुगढ़ व्रतियों में भक्ति भाव और छठ के गीतों से वातावरण गुंज उठा। छठ के अंतिम दिन छठ व्रतियों ने उदीयमान सूर्य देवता और छठी मैया को अर्घ्य दिया इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो गया। प्रखंड अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों में रविवार को सूर्यास्त एवं सोमवार को सूर्योदय भगवान सूर्य और छठी मैया को अर्घ्य दिया गया। छठ पर्व के अवसर पर विष्णुगढ़ गोमिया मार्ग स्थित जमुनिया नदी, सतगड़वा नदी, सातमील जमुनिया नदी, रमूआ नदी, हॉस्पिटल चौक नदी, नावाडीह छठ तालाब, चलानीय के आहराटांड तालाब छठ घाट में छठव्रतियों एवं श्रद्धालु भक्तों ने अर्घ्य दिया। छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों के लिए कई मार्ग पर बौलियागंज छठ पूजा समिति विष्णुगढ़, सुहानी मोबाईल रिपेयर सेंटर और कई समाजसेवियों द्वारा फल, दूध और दही का वितरण किया गया। पहले दिन सुहानी मोबाईल रिपेयर सेंटर के पॉपरेटर कुंदन कुमार, संदीप कुमार और उनके सहयोगियों द्वारा पीतल की 301 लूटनी में 80 किलो दूध एवं दूसरे दिन 251 किलो दही छठव्रतियों को समर्पित किया गया। वही बौलियागंज छठ पूजा समिति विष्णुगढ़ द्वारा 101 किलो दही छठव्रतियों के बीच समर्पित किया गया। सभी सहयोगियों द्वारा विधिवत रूप से वितरण किया गया। छठ महापर्व पर विष्णुगढ़ बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने डीवीसी कोनार डैम में पूजा-अर्चना एवं अर्घ्य दिया,

चित्रगुप्त मंदिर समिति ने छठ व्रतियों के बीच दूध, माचिस और अगरबत्ती का किया वितरण



हजारीबाग : लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर सामाजिक सेवा और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाते हुए श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति, छठ तालाब, हजारीबाग की ओर से श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों के बीच दूध, माचिस और अगरबत्ती का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों ने छठ घाट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं के बीच पूजन सामग्री वितरित की तथा छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं। समिति के इस सेवा कार्य का उद्देश्य छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना के दौरान आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना और पर्व की खुशियों में सहभागी बनना रहा। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि छठ महापर्व केवल आस्था और उपासना का पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सहयोग, स्वच्छता और समर्पण का भी संदेश देता है। ऐसे पावन अवसर पर जरूरतमंद श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है। वितरण कार्यक्रम में अनुज सिन्हा, शुभम प्रकाश, मनीष सिन्हा, राकेश सिन्हा (सिविल कोर्ट) सहित मंदिर समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रद्धालुओं के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया।

एक झलक

महिला के साथ मारपीट जेवरात छीनने का आरोप, थाना में आवेदन

बरही: थाना क्षेत्र में खैरोंन गांव में जमीन विवाद को लेकर आठ माह की गर्भवती महिला के साथ मारपीट करने और उसके परिजनों से सोने के आभूषण छीनने का मामला सामने आया है। इस संबंध में खैरोंन गांव निवासी बबीता देवी पति अनिल यादव ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पीड़ित महिला ने बताई कि 16 नवंबर को अपने मायके से वापस घर लौटी तो देखी कि अपने घर के सामने गैरमजरुआ जमीन पर मकान निर्माण कार्य हो रहा है। जमीन पर निर्माण कार्य का विरोध करने पर ज्योति यादव समेत कई लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उन्होंने बताई कि ज्योति यादव सहित अन्य लोगों ने एकजुट होकर लोहे की रॉड एवं ईंट-पत्थर से मेरे साथ मारपीट की। महिला आठ माह की गर्भवती हैं। मारपीट के दौरान वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई और उनके पेट में काफी दर्द होने लगा। इतने में हल्ला सुनकर उसकी बड़ी गोतनी पूनम देवी, पति अशोक यादव, बीच-बचाव करने पहुंचीं तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब मेरे पिता हरि यादव घटना का वीडियो बनाने लगे तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट करते हुए गले से सोने की चेन छीन लिया।पीडिता ने आवेदन में आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान उनके गले से सोने का मंगलसूत्र और एक कान की बाली छीन ली गई। वहीं, उनकी गोतनी पूनम देवी के गले से भी सोने का मंगलसूत्र छीनने की बात कही गई है।

बरही में चोरी की वारदातों से दहशत, लाखों के जेवर-नगदी उड़ाये

बरही : थाना क्षेत्र में चोरी और आपराधिक घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, जो प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। ताजा मामला बरही गया रोड हरिनगर का है, जहां रविवार रात चोरों ने एक सूने घर से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। धमना निवासी सुशील कुमार छठ महापर्व मनाने के लिए पूरे परिवार के साथ हजारीबाग गए हुए थे। घर में ताला बंद था। इसी का फायदा उठाकर रविवार रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली। सोमवार सुबह जब पड़ोसियों ने घर का टूटा ताला देखा तो सुशील कुमार को सूचना दी।

पदमा में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हुआ सूर्य उपासना का महापर्व छठ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पदमा (हजारीबाग) : लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को पदमा में उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो गया। सुबह से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। छठ व्रतियों ने पूरे विधि-विधान एवं निष्ठा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति, आरोग्य और खुशहाली की कामना की। महापर्व को लेकर पदमा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से उत्साह का माहौल बना हुआ था। नहाय-खाय से शुरू हुए इस पावन पर्व के दौरान व्रतियों ने खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य की परंपराओं का पूरी श्रद्धा के साथ निर्वहन किया। रविवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। इसके साथ ही व्रतियों ने छठी मईया से अपने परिवार एवं समाज की सुख-शांति और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। छठ पर्व को लेकर पदमा के छठ घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई थी। मुखिया अनिल कुमार मेहता एवं उपमुखिया अजय कुमार मेहता के द्वारा घाट परिसर में आकर्षक लाइटिंग, साउंड सिस्टम तथा महिलाओं के लिए वस्त्र बदलने हेतु सुंदर एवं सुरक्षित व्यवस्था कराई गई थी। घाट पर रोशनी की बेहतर व्यवस्था रहने से सुबह और शाम दोनों समय श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिली।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ सम्पन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ



हजारीबाग : चार दिवसीय छठ महापर्व पवित्रता , त्याग और लोक आस्था का अनुपम प्रतीक हैं। छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नही बल्कि भारतीय संस्कृति,आस्था, अनुशासन, आत्मसंयम, और प्रकृति के प्रतीक कृतज्ञता का महान पर्व है। भगवान सूर्य समस्त संसार को ऊर्जा और प्रदान प्रदान करते हैं। उनकी उपासना हमे प्रकृति के महत्व को समझने तथा जीवन में सकारात्मकता और सेवा भाव अपनाने कि प्रेरणा देती है। छठ पूजा की सबसे बड़ी विशेषता सादगी ,पवित्रता और सामाजिक समरसता है। इस महा पर्व जाति,धर्म, और वर्ग का कोई भेद भाव नही रहता । सभी लोग एक साथ मिलकर श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान सूर्य कि आराधना करते हैं। यही हमारी सामाजिक एकता और समृद्धि संस्कृति विरासत की नहाया खय , खरना, साध्य अर्घ्य, और प्रातःकालीन अर्ध की परम्पराओं का पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ पालन किया। सोमवार की सुबह भगवान भास्कर कि पहली किरण के साथ विधिवत अर्ध अर्पित कर छठी मैया से सभी के जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की गई।उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही उनका चार दिवसीय निर्जला उपवास संपन्न हुआ।

हरहुरु में चार दिवसीय छठ महापर्व सम्पन्न, व्रतियों ने दिया उगते सूर्य को अर्घ्य



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो गया। सोमवार की अहले सुबह से ही जिले के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। व्रती महिलाएं एवं पुरुष पारंपरिक पूजा सामग्री, फल, फूल, ठेकुआ और अन्य प्रसाद से सजे दउरा एवं सूप लेकर घाटों पर पहुंचे। सूर्य की पहली किरण दिखाई देते ही व्रतियों ने जल में खड़े होकर विधि-विधान से भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और छठी मैया की आराधना की। इस दौरान घाटों पर छठी मैया के पारंपरिक गीतों और भक्ति संगीत से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-शांति, संतान की दीर्घायु, आरोग्य, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पर्व को लेकर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कई परिवारों ने एक साथ घाट पहुंचकर पूजा-अर्चना की और इस पावन अवसर पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत नहाय-खाय की परंपरा से हुई थी। इसके बाद व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया गया, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ पूजा संपन्न हुई। इसके बाद व्रतियों ने छठी मैया को अर्पित प्रसाद ग्रहण कर अपना निर्जला व्रत खोला। छठ महापर्व की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पवित्रता, सादगी, अनुशासन और सामाजिक समरसता है। इस पर्व में जाति, धर्म और वर्ग का भेदभाव मिट जाता है तथा सभी लोग एक साथ मिलकर सूर्य देव की आराधना करते हैं। प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने वाला यह पर्व स्वच्छता, संयम, सेवा और सामूहिक एकता का भी संदेश देता है। लोक आस्था से जुड़े इस महापर्व के संपन्न होने के साथ ही श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः छठी मैया के आगमन की कामना की।

हजारीबाग प्रेस क्लब में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर गोष्ठी आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : सोमवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर हजारीबाग प्रेस क्लब में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने किया। गोष्ठी में प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। इस दौरान पत्रकारिता की निष्पक्षता, विश्वसनीयता, तथ्य जांच, पत्रकारों की एकजुटता और वर्तमान समय में मीडिया के सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब के सचिव दीपक सिंह ने कहा कि पत्रकार का काम हमेशा निष्पक्ष होकर समाज के सामने सच्चाई रखना है। पत्रकारों को आगे भी अपनी इस जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हजारीबाग में कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनसे पत्रकारिता की छवि पर सवाल उठ सकते हैं। ऐसे में सभी पत्रकारों को अपनी छवि और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। वहीं, प्रेस क्लब के पूर्व सचिव विस्मय अलंकार ने कहा कि पत्रकारिता समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है। किसी भी खबर को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले उसके तथ्यों की पूरी तरह जांच करना आवश्यक है। बिना तथ्यों की पुष्टि किए खबर चलाना उचित नहीं है। पत्रकार को अपने काम में पूरी निष्पक्षता और जिम्मेदारी बनाए रखनी चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार अभय सिन्हा ने पत्रकारों के साथ हाल के दिनों में हुई कथित दुर्व्यवहार की घटनाओं पर चिंता जताई और इसका विरोध करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की एकता और सामूहिक ताकत धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है। इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं पत्रकारों की है। एकजुटता ही पत्रकारों की सबसे बड़ी ताकत है।

26 साल बाद भी झारखंडी की पहचान तय नहीं कर सकी सरकार : खतियानी परिवार

हजारीबाग : कनहरी रोड स्थित खतियानी चौक के समीप जेपीएम हॉस्पिटल परिसर में सोमवार को खतियानी परिवार का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खतियानी परिवार के बुद्धि मंच के अध्यक्ष डॉ. एके मेहता ने की। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने झारखंडी पहचान, खतियान आधारित स्थानीयता नीति और अलग राज्य आंदोलन के मूल उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड राज्य गठन के 26 वर्ष बीत जाने के बावजूद सरकारें झारखंडी कौन है, इसकी स्पष्ट परिभाषा तय करने में विफल रही हैं। खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम ने कहा कि संयोगवश 16 नवंबर की तारीख संगठन के इतिहास में विशेष महत्व रखती है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की खोड़हार इकाई ने किया पूजन सामग्री का वितरण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही: राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के निर्देश पर बरही प्रखंड के खोड़हार पंचायत में छठ पूजा के पावन अवसर पर छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री एवं फल का वितरण किया गया। खोड़हार पंचायत अध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में कुंडवा में स्टॉल लगाकर प्रदेश संयोजक भरत यादव के निर्देशन में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी रामचंद्र यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष इंद्रदेव यादव एवं पंचायत अध्यक्ष रंजीत यादव ने सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री, फल आदि का वितरण किया। इस दौरान छठ घाट पर पहुंचे व्रतियों में काफी उत्साह देखा गया। एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने व्रतियों को फल आदि पूजन सामग्री सौंपी। प्रदेश संयोजक भरत यादव ने कहा, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन सिर्फ अधिकारों की बात नहीं करती, बल्कि समाज सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। छठ महापर्व आस्था का महापर्व है। झारखंड प्रदेश के निर्देश पर हम हर प्रखंड में व्रतियों की सेवा में लगे हैं। आगे भी हर पर्व-त्योहार में इसी तरह सेवा करते रहेंगे। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी रामचंद्र यादव ने कहा, छठ व्रती 36 घंटे निर्जला व्रत रखकर भगवान भास्कर की आराधना करते हैं।

जन कल्याण रूरल डेवलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष ने पचड़ा पंचायत के छठ व्रतियों के बीच किये साड़ी का वितरण



केरेडारी : लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पचडा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने पचडा पंचायत के विभिन्न गांवों के छठ व्रतियों के बीच जन कल्याण रूरल डेभलपमेंट सोसायटी के सौजन्य से ग्राम पचड़ा, सिझूवा, नौवाखाप, जोरदाग में पंचायत के विभिन्न गांवों में पहुंचकर सैकड़ों छठ व्रतियों को साड़ी भेंट किए। वहीं महेश प्रसाद ने कहा कि छठ महापर्व आस्था,पवित्रता, सामाजिक समरसता और लोक कल्याण का प्रतीक है।इस पर्व में हर व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग कर पुण्य का भागी बन सकता है।छठ व्रतियों की सेवा और सहयोग करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। आगे उन्होंने ऐ भी कहा कि मैं लगातार 1995 ई0 से छठ व्रतियों के बीच कुछ न कुछ सहयोग /दान करते या रहा हूं और छठ माँ के आशीर्वाद से आगे भी हमेशा सेवा करता रहूँगा ’ मुखिया महेश प्रसाद साव ने झारखंड स्थापना दिवस दिवस एवं छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र वासियों को सुख शांति एवं संवृद्धि की कामना की

झारखंड के वित्त मंत्री पहुंचे बिनोद विश्वकर्मा के आवास



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरहीः झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शनिवार शाम छठ महापर्व को लेकर बरही झामुमो पूर्व प्रत्याशी बिनोद विश्वकर्मा के बरही स्थित आवस पर आयोजित छठ के खरना कार्यक्रम में शामिल हुए। वही वित्त मंत्री ने खरना के पूजा स्थल पर माथा टेक कर आशीर्वाद लिए और प्रसाद ग्रहण किए और झारखंड की सुख समृद्धि की कामना किए। साथ ही झामुमो वरिष्ठ नेता बिनोद विश्वकर्मा के साथ बरही विधानसभा के विकास को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किए।

अभिषेक गुप्ता ने 32वी बार थैलेसीमिया पीड़ित बच्ची के लिये किया रक्तदान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : जहां लोग दीपावली और छठ महापर्व में व्यस्त थे वही कई लोग रक्तदान कर मानवता का परिचय भी दे रहे थे ऐसे में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक गुप्ता ने 32वी बार रक्तदान करके एक थैलेसीमिया बच्ची के जान बचाने में मदद की। इनके अलावा सोनू कुमार एके गुप्ता शुभम शशिकांत



ऋषि राज नागेश्वर यादव अभिषेक राणा जितेंद्र आरो राणा सोमेन खालको आदि अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन ने समस्त रक्तदाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। उन्होंनेकहा कि ब्लड बैंक में विगत दो वर्षों से लिफ्ट लगाने का प्रयास किया जा रहा है जो अभी तक नहीं लग सका जिससे रक्तदाताओं एवं मरीजों के अभिभावकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

मिट्टी की उर्वरता बचाने के लिए चितरामो में किसानों को किया गया जागरूक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



विष्णुगढ़ : खेतों की मिट्टी की सेहत बिगड़ी तो खेती और किसानों की खुशहाली पर भी संकट गहराएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए विष्णुगढ़ प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत चितरामो गांव में ह्यखेत बचाओ अभियानह्ल के तहत जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों, महिलाओं, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, कृषक मित्रों और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों को मिट्टी की उर्वरता बचाने, संतुलित उर्वरकों का इस्तेमाल करने और टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में किसानों को बताया गया कि अधिक खाद डालने से ही फसल की पैदावार नहीं बढ़ती, बल्कि मिट्टी की जरूरत और फसल के अनुरूप उर्वरकों का संतुलित इस्तेमाल जरूरी है। अनावश्यक रासायनिक खादों के प्रयोग से मिट्टी की प्राकृतिक गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इसलिए किसानों को खाद एवं उर्वरकों का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी गई। मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनाए रखने के लिए जैविक खाद, हरी खाद और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही खेतों की उपजाऊ शक्ति बचाने, कृषि लागत कम करने और पर्यावरण के अनुकूल खेती को बढ़ावा देने के उपायों की जानकारी दी गई।

एक हाथ गंवाया, लेकिन हौसलों से लिखी सफलता की कहानी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : कहते हैं कि अगर इंसान के हौसले बुलंद हों और मन में कुछ कर गुजरने का जुनून हो, तो जीवन की बड़ी से बड़ी कठिनाई भी उसके रास्ते की बाधा नहीं बन सकती। इसका जीवंत उदाहरण हैं विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के रहने वाले शिक्षक तुलसी महतो की है। तुलसी महतो का जीवन संघर्ष, साहस, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति की एक प्रेरणादायक कहानी है। परिवार की रोजी-रोटी और बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर वे काम की तलाश में मुंबई गए थे। वहां वे मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। इसी दौरान काम करते समय एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ और उनका एक हाथ मशीन में फंस गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में उन्हें अपना एक हाथ गंवाना पड़ा। यह घटना किसी भी व्यक्ति को अंदर से तोड़ सकती थी, लेकिन श्री तुलसी महतो ने परिस्थितियों के सामने घुटने नहीं टेके। उन्होंने अपनी शारीरिक कमी को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। जीवन में आयी इस कठिन परीक्षा को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और नए हौसले के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। धीरे-धीरे उन्होंने



अपने जीवन को नई दिशा दी और अपने ही गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरकी में शिक्षक के रूप में बच्चों को शिक्षित करने का कार्य शुरू किया। आज वे केवल बच्चों को किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि पढ़ाई को खेल-खेल में रोचक और आनंददायक बनाते हैं। बच्चों को नृत्य, संगीत और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा से जोड़ते हैं। उनकी सरलता, मेहनत और बच्चों के प्रति स्नेहपूर्ण व्यवहार के कारण विद्यालय के बच्चे भी उन्हें बेहद आदर और सम्मान देते हैं। श्री महतो की प्रतिभा केवल विद्यालय तक ही सीमित नहीं है। सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वे झुमर गीत गाने के साथ-साथ अपने एक हाथ से मांदर और ढोल बजाने में भी निपुण हैं। नृत्य और संगीत के प्रति उनका जुनून देखते ही बनता है। जिस हाथ के न रहने का दर्द कभी उनके जीवन की सबसे बड़ी चुनौती बना था, उसी परिस्थिति के बीच उन्होंने अपने बचे हुए हाथ से मांदर और ढोल की थाप पर अपनी प्रतिभा का ऐसा परिचय दिया कि लोग उनकी कला और हौसले के प्रशंसक हो गए। उनकी जिंदगी हमें यह सिखाती है कि इंसान की पहचान उसके शरीर की पूर्णता से नहीं, बल्कि उसके हौसले, हुनर और कर्म से होती है।

बाइक से छठ घाटों पर पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, महाव्रतियों से लिया आशीर्वाद

- सादगी और सहजता के साथ विभिन्न छठ मार्गों का किया भ्रमण, हुड़हुडू जोड़ा तालाब और लंबा तालाब में दिया उषा अर्घ्य

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : लोकआस्था और सूयोर्पासना के महापर्व छठ के अवसर पर सोमवार की अहले सुबह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपनी सादगी और सहजता की अनूठी मिसाल पेश की। छठ महापर्व के उषा अर्घ्य के दौरान छठ महाव्रतियों और श्रद्धालुओं को



किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए सांसद गाड़ियों के लंबे काफिले के बजाय बाइक से छठ घाटों तक पहुंचे। उन्होंने शहर के विभिन्न छठ मार्गों का भ्रमण कर छठ पूजा समितियों का उत्साहवर्धन किया तथा श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग के विभिन्न छठ मार्गों पर की गई आकर्षक पुष्प सज्जा और विद्युत सज्जा का भी अवलोकन किया। बाइक से विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए वे हुड़हुडू स्थित जोड़ा तालाब छठ घाट और लंबा तालाब छठ घाट पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान भास्कर को उषा अर्घ्य अर्पित किया और छठ महाव्रतियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद मनीष जायसवाल के घाटों पर पहुंचने पर छठ महाव्रतियों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। हुड़हुडू जोड़ा तालाब छठ घाट पर नगर निगम के डिप्टी मेयर अविनाश कुमार यादव एवं समाजसेवी सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नीरज कुमार ने उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं लंबा तालाब छठ घाट पर सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेत्री रेणुका साहू एवं समाजसेवी दिलीप साहू ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इसके अलावा भाजपा नेत्री सीमा पासवान एवं अनूप अग्रवाल ने अपने आवास पर परिवार के सदस्यों के साथ सांसद मनीष जायसवाल का आत्मीय स्वागत किया। यहां उन्होंने अपने घर पर ही भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके पश्चात सांसद मनीष जायसवाल पत्रकार प्रमोद खंडेलवाल एवं रितेश खंडेलवाल के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने छठ का पारंपरिक प्रसाद ग्रहण किया।

भगवान सूर्यदेव की संध्या आरती के बाद प्रतिमा विसर्जन सम्पन्न



हजारीबाग : सदर प्रखण्ड अंतर्गत ओरिया में लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर भगवान सूर्यदेव की विधिवत संध्या आरती की गई। इसके उपरांत पूरे श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान सूर्यदेव की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। पूरा वातावरण भक्तिमय रहा और श्रद्धालुओं ने जय सूर्यदेव एवं जय छठी मईया के जयकारे लगाए।

हजारीबाग की बेटी ने नॉर्वे की हाड़ कंपाती ठंड (-5 डिग्री) में मनाया छठ महापर्व

हजारीबाग: सात समंदर पार भी अपनी मिट्टी और संस्कृति की महक कायम रखते हुए हजारीबाग के सदर प्रखंड के कार्बेकला पंचायत के रोला गांव के निवासी अशूला ने नॉर्वे के ओस्लो में -5 डिग्री तापमान के बीच लोक आस्था का महापर्व छठ धूमधाम से मनाया। अशूला अपने पति सन्नी राज के साथ विगत दो वर्षों से वहां रह



रहे बिहार और झारखंड के प्रवासियों के साथ मिलकर इस पर्व का भव्य आयोजन कर रही हैं। अशूला का परिवार शुरू से ही समाजसेवा के प्रति समर्पित रहा है। उनके पिता अनिल कुमार लाल और भाई राजेश सिन्हा भी हजारीबाग में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। विदेश की धरती पर भारतीय संस्कृति का मान बढ़ाने के लिए क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

सूर्य उपासना के साथ धनबाद में छठ महापर्व सम्पन्न

एक झलक

18 नवम्बर को जिले के सभी बूथों पर लगेगा एक और अवसर शिविर



धनबाद: मतदाता सूची में पात्र नागरिकों का नाम शामिल करने और पुनरीक्षण प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से 18 नवंबर को धनबाद जिले के सभी मतदान केंद्रों पर ह्यएक और अवसर शिविरह्न लगाया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित इस अभियान में छूटे मतदाताओं को पंजीकरण का विशेष अवसर मिलेगा। झारखंड विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत आयोजित शिविर में तीन श्रेणियों के नागरिक लाभ उठा सकेंगे। इनमें एएसडीडी सूची में चिह्नित पात्र नागरिक, दूसरी बार नोटिस मिलने के बावजूद उपस्थित नहीं हो सके लोग तथा एक अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय अभिकताओं से शिविर में उपस्थित रहने की अपील की है।

स्थापना दिवस पर धनबाद की सभी पंचायतों में हुआ गृह प्रवेश, लाभुकों को मिली आवास की चाबी

धनबाद: झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को धनबाद जिले की सभी पंचायतों में आवास योजना के तहत नवनिर्मित पक्के मकानों में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जरूरतमंद परिवारों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अपने सपनों के घर में प्रवेश किया।
पंचायत स्तर पर आयोजित समारोहों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड समन्वयकों और आवास योजना के लाभुकों ने भाग लिया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर गृह प्रवेश कराया। साथ ही लाभुकों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास मिलना सम्मान, सुरक्षा और खुशहाली की नई शुरूआत है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि योजना के शेष पात्र लाभुकों के आवास निर्माण कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाए।

अपार कार्ड सत्यापन नहीं कराने पर 642 विद्यार्थियों का पंजीयन अटकेगा

बाघमारा (धनबाद): कतरास महाविद्यालय, कतरासगढ़ में स्नातक सत्र 2026-30 के 642 छात्र-छात्राओं का पंजीयन अपार कार्ड सत्यापन नहीं होने के कारण अटक सकता है। महाविद्यालय प्रशासन ने संबंधित विद्यार्थियों को अंतिम अवसर देते हुए 28 नवंबर 2026 तक अपार कार्ड संलग्न एवं सत्यापित करने का निर्देश दिया है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, नामांकन के दौरान ऑनलाइन आवेदन में अपार कार्ड संलग्न नहीं करने वाले विद्यार्थियों को अब चांसलर पोर्टल पर अपनी उपयोगकर्ता पहचान के माध्यम से प्रवेश कर अपार कार्ड अपलोड एवं सत्यापित करना अनिवार्य होगा।

पाथरडीह व सुदामडीह के छठ घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, चार दिवसीय महापर्व सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
पाथरडीह (धनबाद): लोक आस्था का महापर्व छठ पाथरडीह, सुदामडीह और चासनाला क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। रविवार की शाम विभिन्न छठ घाटों पर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन हुआ। चासनाला के केके गेट छठ तालाब, सम्राट नगर जोड़ियां छठ घाट, परघाबाद छठ घाट तथा सूर्यधाम चासनाला स्थित दामोदर नदी घाट पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। छठ गीतों और भक्तिमय वातावरण से पूरा कोयलांचल छठमय हो गया। घाटों पर आकर्षक विद्युत सज्जा, पंडाल तथा व्रतियों के लिए वस्त्र बदलने की समुचित व्यवस्था की गई थी। छठ पूजा समिति के सदस्य श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर रहे। केके गेट चासनाला छठ तालाब पर आयोजित गंगा आरती आकर्षण का केंद्र रही। आरती के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। दीपों और रोशनी से सजा घाट का दृश्य अत्यंत मनोरम रहा। वहीं सोमवार की सुबह वार्ड संख्या 49 के सफाई कर्मियों को केके गेट चासनाला पूजा पंडाल में पूर्व पार्षद बिरेंद्र गोराई की उपस्थिति में छठ पूजा समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर सफाई कर्मियों में खुशी देखी गई। मौके पर समिति के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

सिंदरी में सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व सम्पन्न



सिंदरी (धनबाद): अस्ताचलगामी एवं उदयीमान सूर्यदेव को अर्घ्य देने के साथ सिंदरी में लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा और भक्तिभाव से संपन्न हो गया। शिव मंदिर पोखरा, प्रियदर्शिनी पार्क रोहड़ाबांध, जीएम तालाब रांगामाटी, बीआईटी सिंदरी तालाब तथा दामोदर नदी के कांडरा, तासरा, डोमगढ़ एवं सिंदरी घाट पर व्रतियों ने अर्घ्य दिया। महापर्व को लेकर पूरे शहर में साफ-सफाई की गई थी। जगह-जगह आकर्षक तोरणद्वार बनाए गए तथा मुख्य सड़कों को रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से सजाया गया था। प्रियदर्शिनी पार्क में दूबे अखाड़ा छठ पूजा समिति की ओर से भगवान सूर्यदेव की प्रतिमा स्थापित की गई। जमसं महामंत्री अभिषेक सिंह ने फीता काटकर सूर्यदेव पंडाल का उद्घाटन किया। मौके पर वेद प्रकाश ओझा, रास बिहारी सिंह, नंदा दुबे एवं पवन ओझा उपस्थित थे। शिव मंदिर पोखरा घाट पर विधायक चंद्रदेव महतो ने सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार एवं मंदिर समिति के सचिव दिनेश सिंह के साथ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया। उन्होंने छठी मईया से सिंदरी में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

छठ घाटों पर पहुंचे विधायक चन्द्रदेव महतो, व्रतियों के बीच बांटा खीर प्रसाद



धनबाद/सिंदरी: लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचे। उन्होंने घाटों का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के बीच पर्व की खुशियां साझा कीं तथा छठव्रतियों के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान विधायक ने विभिन्न छठ घाटों पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अस्ताचलगामी एवं उदीयमान भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन की कामना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए चन्द्रदेव महतो ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, स्वच्छता, अनुशासन और प्रकृति की उपासना का अनुपम प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि छठी मईया की कृपा सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक घर-परिवार पर बनी रहे और क्षेत्र में खुशहाली का वातावरण कायम हो।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हुआ छठ महापर्व, कतरास के घाटों पर उमड़ी भीड़



बाघमारा (धनबाद): लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। 36 घंटे के निर्जला उपवास और कठिन तपस्या के बाद हजारों व्रतियों ने जल में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और आरोग्य की कामना की। अर्घ्यदान के बाद व्रतियों ने पारण कर उपवास पूरा किया और प्रसाद वितरण किया। कतरास के सूर्यमंदिर, कतरी नदी छठ घाट, तिलटांड़ एवं राजा गढ़ छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घाटों पर छठ गीतों और भक्तिमय वातावरण के बीच व्रतियों ने विधि-विधान से भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। कतरी नदी छठ घाट पर धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक सपरिवार पहुंचे। उनके साथ डीएफओ, बाघमारा डीएसपी, कतरास सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी एवं सोनारडीह थाना प्रभारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर माइंस रेस्क्यू में पत्रकार सम्मानित, महाप्रबंधक टुनेश्वर पासवान ने दिया मोमेंटो व गुलदस्ता



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
झरिया/धनबाद : राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सोमवार को माइंस रेस्क्यू में पत्रकारों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान माइंस रेस्क्यू के महाप्रबंधक टुनेश्वर पासवान ने पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले पत्रकारों को मोमेंटो एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में पत्रकार सत्येंद्र चौहान, अजय कुमार रवानी, रॉबिन दत्ता, बबन झा, योगेश सोनी एवं संजय सिंह शामिल थे। कार्यक्रम में माइंस रेस्क्यू अधीक्षक राजेश्वर शर्मा एवं देशराज प्रसाद भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक टुनेश्वर पासवान ने पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। समाज में घटित घटनाओं, जनसमस्याओं और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। पत्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत संवाद स्थापित करते हैं। उनकी लेखनी समाज को जागरूक करने के साथ-साथ व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारों के कार्यों, उनकी जिम्मेदारियों तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता के मूल्यों को याद करने का अवसर है। पत्रकारों को तथ्यपरक एवं जनहित से जुड़ी खबरों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर माइंस रेस्क्यू अधीक्षक राजेश्वर शर्मा एवं देशराज प्रसाद ने भी पत्रकारों के योगदान की सराहना की। पत्रकारों ने सम्मान के लिए माइंस रेस्क्यू प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित यह सम्मान समारोह पत्रकारिता के प्रति सम्मान और उसके सामाजिक योगदान की सराहना का प्रतीक बना।

समाज के नवनिर्माण में उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है प्रेस: सहदेव महतो



बाघमारा (धनबाद): राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सोमवार को संकल्प एजुकेशन अंगारपथरा में खेतवासी स्किलअप के तत्वावधान में सेमिनार आयोजित किया गया। समाज के नवनिर्माण में प्रेस की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। संकल्प एजुकेशन के निदेशक, जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव एवं खेतवासी स्किलअप के झारखंड प्रभारी सहदेव महतो ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार प्रेस का प्रतीक है। 16 नवंबर 1966 को भारतीय प्रेस परिषद ने वैधानिक निकाय के रूप में कार्य प्रारंभ किया था। प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। अपनी लेखनी के माध्यम से प्रेस समाज में अच्छे गुणों का प्रसार तथा बुरे आचरण के प्रति लोगों को जागरूक करता है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पत्रकार निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। प्रेस समाज में उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है।

धनसार रेस्क्यू स्टेशन में मनाया गया माईन्स रेस्क्यू डे, बचाव कार्यों का प्रदर्शन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
झरिया/धनबाद: भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के माईन्स रेस्क्यू स्टेशन, धनसार (बस्ताकोला) में सोमवार को माईन्स रेस्क्यू डे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माईन्स रेस्क्यू जीएम टुनेश्वर पासवान ने रेस्क्यू ध्वज फहराकर किया। इसके बाद रेस्क्यू कर्मियों ने अनुशासित मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इस दौरान स्व. जसवंत सिंह गील को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में रेस्क्यू टीम ने कोयला खदानों में होने वाली विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मियों ने कठिन प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता, साहस एवं कार्यकुशलता का परिचय दिया। मुख्य अतिथि टुनेश्वर पासवान ने रेस्क्यू कर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं निःस्वार्थ सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू कर्मी संकट की घड़ी में अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों का जीवन बचाने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने सभी कर्मियों को भविष्य में भी इसी समर्पण एवं सेवाभाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल, निदेशक तकनीक संजय कुमार सिंह, निदेशक योजना एवं परियोजना आनंद मोहन तथा निदेशक मानव संसाधन राजेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

सिंदरी विधायक ने छठ घाटों व पूजा पंडालों का किया उद्घाटन



धनबाद: लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर छठ घाटों और पूजा पंडालों का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्यदेव और छठी मईया की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक ने मुकुन्दा में सूर्यदेव पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छठ महापर्व स्वच्छता, अनुशासन और प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने पूजा समिति के आयोजन की सराहना करते हुए भगवान सूर्यदेव से सभी के कल्याण की प्रार्थना की। इसके बाद विधायक गोविंदपुर प्रखंड के जीटी रोड कांड्रा स्थित श्री श्री छठ पूजा समिति, कालाबांध द्वारा आयोजित कालाडीह जोड़िया छठ घाट पहुंचे। यहां घाट का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और छठी मईया से क्षेत्रवासियों पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। महापर्व के अवसर पर विधायक बलियापुर छठ घाट और सिंदूरपुर छठ घाट भी पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सम्पन्न हुआ छठ महापर्व



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
धनबाद: लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत के अंतिम चरण में छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की। इसके बाद पारण कर चार दिवसीय अनुष्ठान का समापन किया। अंतिम दिन अहले सुबह से ही धनबाद के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मनईटांड़, बेकार बांध, रांगाटांड़ तालाब, विकास नगर मटकुरिया, राजा झरिया, विक्ट्री कॉलोनी, बानिया हीर, बस्ताकोला गौशाला, धनसार, न्यू दिल्ली और चांदमारी सहित विभिन्न घाटों पर व्रतियों ने विधि-विधान से सूयोर्पासना की।

पंकज सिन्हा के आवास पर श्रद्धा-भक्ति के साथ हो रही छठ पूजा



धनबाद: लोक आस्था एवं सूर्य उपासना का महापर्व छठ भाजपा मीडिया प्रभारी एवं झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा के प्रतिनिधि पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित के पांडरपाला स्थित आवास पर श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। उनकी पत्नी आशा ज्योति सिन्हा छठ व्रत कर रही हैं। पूरा परिवार पूजा की तैयारियों एवं अनुष्ठानों में जुटा है। छठी मईया के गीतों से आवास का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। पंकज सिन्हा ने कहा कि छठ महापर्व लोक संस्कृति, पारिवारिक एकता, आस्था एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व शुद्धता, अनुशासन, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने छठी मईया एवं भगवान सूर्यदेव से झारखंडवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। पूजा में शशि प्रमोद लाल, विक्की सिन्हा, सौरभ सिन्हा, कुमार नमन, अदिति सिन्हा, सोनाक्षी सिन्हा, अंजू सिन्हा, वंश कुमार, अभिराज सिन्हा, मनीष श्रीवास्तव एवं राकेश रौशन सिन्हा सहित परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए।

आपनो घर सोसाइटी में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छठ महापर्व



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
धनबाद: आपनो घर सोसाइटी परिसर में छठ पूजा समिति की ओर से लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य छठ घाट का निर्माण कराया गया, जहां बड़ी संख्या में व्रतियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्यदेव को संध्याकालीन और प्रातःकालीन अर्घ्य अर्पित किया। महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं व्रतियों के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद एवं भोजन ग्रहण किया। आयोजन ने आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में बिल्डर प्रदीप देवरलिया का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। समिति के रवींद्र सिंह, पिंटू पासवान, कुंज बिहारी मिश्रा, निखिल सिन्हा, एसके सिन्हा, बीके सिंह, प्रशांत मिश्रा, राजेश सिन्हा, अभिषेक सिन्हा, परेश चंद्र मंडल, सुनील झा एवं अमरेश गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा। बुलबुल केजरीवाल, सुरेंद्र कनोडिया एवं बिक्की ने भी सहयोग किया। समिति ने सभी सहयोगकताओं एवं सोसाइटी निवासियों के प्रति आभार जताते हुए छठी मईया से सभी परिवारों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

बिरसा मुंडा की जयंती पर एसएसपी प्रभात कुमार ने दी श्रद्धांजलि, संघर्ष और बलिदान को किया नमन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
धनबाद : भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर रविवार को धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, संघर्ष, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए नमन किया। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है। जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के शोषण और अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया तथा देश के इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। उनके विचार आज भी अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने, अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और सामाजिक एकता बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का योगदान केवल जनजातीय समाज तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, डीएसपी विधि व्यवस्था प्रकाश सोय, नगर आयुक्त आशीष गंगवार समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया।

बांग्ला भाषा, साहित्य और संस्कृति का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी : चंद्रदेव महतो



धनबाद: बांग्ला भाषा, साहित्य और संस्कृति को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नई पीढ़ी को मातृभाषा, साहित्य और इतिहास से जोड़ना जरूरी है। यह बातें सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने 15 नवंबर को माझेरपाड़ा रेलवे इंस्टिट्यूट दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित बांग्ला जात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि धनबाद, निरसा, सिंदरी और आसपास के क्षेत्रों में बांग्ला भाषा एवं संस्कृति की जड़ें गहरी हैं। बांग्ला संस्कृति झारखंड की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। अपने बचपन की यादें साझा करते हुए उन्होंने कहा कि गांवों में बांग्ला जात्रा देखना बेहद उत्साहजनक होता था। जात्रा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना जागृत करने का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने पारंपरिक लोककलाओं के कमजोर पड़ने पर चिंता जताते हुए इनके संरक्षण के लिए सामाजिक संगठनों, कलाकारों और आम नागरिकों से सामूहिक प्रयास करने की अपील की। कार्यक्रम में धनबाद के पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, डॉ. गोपाल चटर्जी, डॉ. डी. चक्रवर्ती तथा धनबाद रेजिस्टेंस के संपादक प्रसुन दास गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों ने भी बांग्ला संस्कृति के संरक्षण में ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया।

गंगा गोशाला में 17 से 23 नवम्बर तक मनेगा 107वां गोपाष्टमी महोत्सव



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
बाघमारा (धनबाद): श्री गंगा गौशाला कतरास-करकेंद में 107वें वार्षिक अधिवेशन सह गोपाष्टमी महोत्सव के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में गौशाला अध्यक्ष अनीश डोकानियां एवं महासचिव महेश अग्रवाल ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 से 23 नवंबर तक गौशाला परिसर में गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 17 नवंबर को झंडोत्तोलन एवं गौपूजन के साथ होगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचिका देवी चित्रलेखा द्वारा श्रीकृष्ण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गौशाला परिसर में भव्य पंडाल तैयार किया गया है। श्रीकृष्ण कथा महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा। महोत्सव के अंतिम दिन 23 नवंबर को शाम चार बजे गौशाला के वार्षिक अधिवेशन का उद्घाटन बालाजी धाम के संतोष भाई जी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीश डोकानियां करेंगे, जबकि प्रदीप खेमका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं, रात आठ बजे से भव्य कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें मुन्ना बैटरी, अतुल ज्वाला, कमल आग्नेय, हिमांशु बवंडर एवं कवयित्री डॉ. प्रेरणा ठाकरे काव्य पाठ करेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. नेहा प्रियदर्शनी एवं डॉ. धीरज चौधरी करेंगे। प्रेस वार्ता में डीएन चौधरी, दीपक अग्रवाल, डॉ. वीएन चौधरी, गोविंद खंडेलवाल, सुमित खंडेलवाल, प्रदीप सोनी, राजेश बंसल, पार्षद डॉ. मधुमाला समेत गौशाला के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड स्थापना दिवस पर विधायक चंद्रदेव महतो ने बिरसा मुंडा को किया नमन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
सिंदरी (धनबाद): झारखंड स्थापना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर सिंदरी में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक चंद्रदेव महतो, पूर्व विधायक आनंद महतो और बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ. पंकज राय ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। बिरसा समिति सिंदरी और बीआईटी सिंदरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के 26वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी गईं तथा वीर शहीदों और आंदोलनकारियों के बलिदान को याद किया गया। विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन और आदिवासियों की अस्मिता की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। अंग्रेजी शासन के खिलाफ उनका संघर्ष और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागृति आज भी प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में सीपीएम जिला सचिव विकास ठाकुर, भाकपा माले नगर सचिव राजीव मुखर्जी, झामुमो अध्यक्ष परशुराम सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष राज बिहारी यादव, सोहेन सोरेन, गौतम प्रसाद, दशरथ ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

बिरसा जयंती पर भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



सिंदरी (धनबाद): जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर रविवार को सिंदरी के रांगामाटी स्थित बिरसा मैदान में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा के निवर्तमान जिला महामंत्री मनोज मिश्रा ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अद्वितीय मिसाल है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान और विचार आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजेश चौधरी, रमेश यादव एवं बचकानी दूबे ने भी भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका योगदान भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने तथा जनजातीय समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस पर माल्यार्पण



पाथरडीह (धनबाद): धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर डिगवाडीह स्थित मदन राम के आवासीय कार्यालय में श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके संघर्ष, त्याग एवं बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जल, जंगल और जमीन के रक्षक तथा महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष कर आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक योगदान दिया। उनका जीवन और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सभी ने झारखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्य की एकता, अखंडता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर के उपाध्यक्ष मदन राम, योगेंद्र हरि, लखी प्रमाणिक, मुन्ना खरवार, जसीम अंसारी, माफुज आलम, इबरार अंसारी, तेजस चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड की विरासत को कैनवास पर उकेरेंगे धनबाद के विद्यार्थी, 50 से अधिक शिक्षण संस्थान होंगे शामिल



धनबाद: झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन धनबाद की ओर से राज्य की समृद्ध विरासत को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अनूठी पहल में जिले के 50 से अधिक महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागी झारखंड की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर, प्रमुख पर्यटन स्थलों, वन एवं जलप्रपात, औपनिवेशिक इतिहास और झारखंड आंदोलन के महानायकों सहित राज्य की गौरवशाली परंपराओं को अपनी कलात्मक कल्पनाओं से कैनवास पर उ

सम्पादकीय.....

न्यूयॉर्क से दिल्ली तक समन पहुंचाने का दांव-पेंच

फरवरी 2025 की एक सर्द शाम वाशिंगटन डी.सी. के अति-सुरक्षित 'ब्लेयर हाउस' के बाहर सन्नाटा पसरा है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ठहरे हुए हैं। तभी एक प्राइवेट प्रोसेस सर्वर हाथ में एक मोटा भूरा लिफाफा लिए अंदर जाने की कोशिश करता है, लेकिन अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के सुरक्षाकर्मी उसे वहीं रोक देते हैं। तीन बार नाकाम होने के बाद निराश सर्वर उस लिफाफे को ब्लेयर हाउस से 100 फीट दूर स्थित एक 'स्टारबक्स' कैफे में छोड़कर मान लेता है कि उसका काम हो गया, मगर न्यूयॉर्क की संघीय अदालत की न्यायाधीश कैथरीन पोल्क फैला ने इस 'कॉफी-शॉप तामील' को 3 मार्च 2025 को सिरे से खारिज कर दिया, क्योंकि कानून की दुनिया में 'समन' या 'कानूनी नोटिस' महज डाक का एक लिफाफा नहीं होता, बल्कि यह न्याय के बुनियादी सिद्धांत 'ऑडी अल्टरम पार्टम' (दूसरे पक्ष को भी सुने जाने का अधिकार) का वाहक है। गुरपतवंत सिंह पन्नू की कानूनी टीम ने सितंबर 2024 में दीवानी मुकदमा दायर करने के बाद से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और पूर्व रॉ प्रमुख सामंत गोयल को समन तामील कराने के लिए हर संभव रास्ता आजमाया है। 1965 के हेग सेवा अभिसमय के तहत भारत ने केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय (विधिक कार्य विभाग) को अपना केंद्रीय प्राधिकरण नामित किया है। पन्नू ने 2024 में इस मंत्रालय के जरिए समन भेजने की कोशिश की, लेकिन मंत्रालय ने यह कहते हुए अनुरोध लौटा दिया कि ये समन हेग कन्वेंशन की निर्धारित श्रेणियों में नहीं आते। इसके बाद पन्नू ने भारतीय अधिकारियों व वकीलों को ई-मेल करने, अखबारों में प्रकाशन कराने और राजनयिक माध्यमों से तामील की अनुमति मांगी। अदालत ने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि भारत ने हेग कन्वेंशन के अनुच्छेद 10 (डाक या प्रत्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक चैनल) पर औपचारिक आपत्ति दर्ज करा रखी है और अनुच्छेद 8 के तहत राजनयिक तामील केवल अनुरोध करने वाले देश के अपने नागरिकों तक सीमित है। सभी रास्ते बंद होने पर पन्नू ने हेग कन्वेंशन के अनुच्छेद 19 का सहारा लिया, जो प्राप्तकर्ता देश के घरेलू कानून द्वारा अनुमत तामील के तरीकों को सुरक्षित रखता है। इसी आधार पर 9 नवंबर 2026 को न्यूयॉर्क की संघीय अदालत की न्यायाधीश कैथरीन पोल्क फैला ने पन्नू को 30 नवंबर तक प्रस्तावित सर्विस पैकेट जमा करने का निर्देश दिया, ताकि कोर्ट क्लर्क उसे दिल्ली की तीन जिला अदालतों पटियाला हाउस, द्वारका और तीस हजारी कोर्ट कॉम्प्लेक्स को भेज सके। अंतरराष्ट्रीय विधि के तहत कोई भी अदालत सीधे दूसरे देश की संप्रभु सीमा में अपने आदेश लागू नहीं कर सकती, इसलिए दो देशों की अदालतों के बीच संवाद राष्ट्रों के सौहार्द और संधियों के माध्यम से होता है। 1965 के हेग सेवा अभिसमय के अनुच्छेद 2 से 6 के तहत एक अदालत प्राप्तकर्ता देश के नामित केंद्रीय प्राधिकरण (भारत में विधि एवं न्याय मंत्रालय) को अनुरोध पत्र भेजती है, जो अनुच्छेद 13 के अंतर्गत राष्ट्रीय संप्रभुता व सुरक्षा की जांच के बाद दस्तावेज स्थानीय अदालत को अग्रसारित करता है, जबकि अभिसमय का अनुच्छेद 19 घरेलू कानून की अनुमति होने पर विदेशी अदालत के क्लर्क को सीधे संबंधित स्थानीय अदालत को समन भेजने का विकल्प देता है। भारतीय सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 29(c) जिसे जनवरी 2009 की राजपत्र अधिसूचना द्वारा हेग कन्वेंशन के सदस्य देशों पर लागू किया गया था और आदेश ङ के नियम 21 व 23 के तहत भारतीय अदालत अधिसूचित विदेशी सिविल कोर्ट से आए समन की तामील कराकर मूल अदालत को प्रमाणपत्र वापस भेजती है, ठीक उसी तरह जैसे भारतीय अदालतें विदेश में समन भेजने या साक्ष्य जुटाने के लिए संहिता की धारा 77 व 78 तथा आदेश के नियम 25 व 26 के अंतर्गत विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास के माध्यम से 'लेटर्स रोगेटरी' भेजती हैं।

लोकसभा : परिसीमन और चुनौतियां

विशेष **प्रो. डॉ. अरविंद नाथ तिवारी**



सांसदों को कार्यालय, आवास, यात्रा भत्ता, संसदीय क्षेत्र में कामकाज के लिए सुविधाएं, कर्मचारी, संचार व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। संसद के सत्र के दौरान सुरक्षा, परिवहन, भोजन, तकनीकी व्यवस्था और संसदीय सचिवालय पर भी खर्च होता है,यदि सांसदों की संख्या में इतनी बड़ी वृद्धि होती है तो इन सभी मदों में अतिरिक्त बजट की आवश्यकता होगी। लोकसभा के साथ राज्यसभा की व्यवस्था और राज्य विधानसभाओं में भी सदस्यों की संख्या तथा आरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं पर प्रभाव पड़ सकता है। राज्यों में विधानसभा सीटें बढ़ती हैं तो वहां भी भवन, कार्यालय, कर्मचारी, सुरक्षा और प्रशासनिक खर्च बढ़ने की संभावना है।सवाल यह है कि क्या देश की वर्तमान वित्तीय स्थिति इस अतिरिक्त खर्च को आसानी से वहन कर सकती है?

भारतीय लोकतंत्र एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है, जहां संसद की संरचना में बड़े बदलाव की संभावनाओं को लेकर राजनीतिक और संवैधानिक बहस तेज होने वाली है। संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की अटकलें तेज हैं। यदि लोकसभा की वर्तमान 543 निर्वाचित सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 हो जाती हैं तो देश की राजनीतिक व्यवस्था, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, चुनावी गणित और सरकारी खर्च पर भी दूरगामी प्रभाव डाल सकती है। महिलाओं को राजनीति में पर्याप्त भागीदारी दिलाना निश्चित रूप से लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है।

क्या भाजपा को मिलेगा राजनीतिक लाभ : भारतीय राजनीति में किसी भी बड़े संवैधानिक बदलाव का राजनीतिक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। यदि लोकसभा की सीटों की संख्या 543 से बढ़कर अधिकतम 850 तक पहुंचती है, तो चुनावी क्षेत्रों का स्वरूप बदल जायेगा। नये निर्वाचन क्षेत्र बनेंगे और कई मौजूदा क्षेत्रों की सीमाओं में बदलाव होगा। इसका सीधा प्रभाव राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीति पर पड़ेगा। हालांकि, यह मान लेना कि सीटें बढ़ने का सीधा लाभ केवल भाजपा को मिलेगा, राजनीतिक वास्तविकताओं को सरल बनाकर देखना होगा। नये क्षेत्रों में विपक्षी दलों की संभावनाएं भी बढ़ सकती हैं।दक्षिण भारत को लेकर भी राजनीतिक बहस महत्वपूर्ण है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भाजपा की राजनीतिक स्थिति उत्तर भारत जैसी मजबूत नहीं है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या नये परिसीमन से उत्तर भारत का राजनीतिक प्रभाव बढ़ेगा और भाजपा को केंद्र में सरकार बनाने के लिए दक्षिण भारत पर निर्भरता कम करनी पड़ेगी?

850 सांसद और आर्थिक बोझ : आज देश की लोकसभा में 543 निर्वाचित सीट है, यदि यह संख्या बढ़कर 850 हो जाती है तो सांसदों की संख्या में लगभग 57 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इसके साथ ही संसद के संचालन पर होने वाला खर्च भी बढ़ेगा। एक सांसद को केवल वेतन देना ही सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। सांसदों को कार्यालय, आवास, यात्रा भत्ता, संसदीय क्षेत्र में कामकाज के लिए सुविधाएं, कर्मचारी, संचार व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। संसद के सत्र के दौरान सुरक्षा, परिवहन, भोजन, तकनीकी व्यवस्था और संसदीय सचिवालय पर भी खर्च होता है,यदि सांसदों की संख्या में इतनी बड़ी वृद्धि होती है तो इन सभी मदों में अतिरिक्त बजट की आवश्यकता होगी। लोकसभा के साथ राज्यसभा की व्यवस्था और राज्य विधानसभाओं में भी सदस्यों की संख्या तथा आरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं पर प्रभाव पड़ सकता है। राज्यों में विधानसभा सीटें बढ़ती हैं तो वहां भी भवन, कार्यालय, कर्मचारी, सुरक्षा और प्रशासनिक खर्च बढ़ने की संभावना है।सवाल यह है कि क्या देश की वर्तमान वित्तीय स्थिति इस अतिरिक्त खर्च को आसानी से वहन कर सकती है? भारत जैसे विकासशील देश में अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, सिंचाई, सड़क, पेयजल और ग्रामीण आधारभूत संरचना के लिए भारी निवेश की आवश्यकता है। यदि सरकार संसद और विधानसभाओं के विस्तार पर हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च करती है, तो यह भी देखना होगा कि उस खर्च से आम जनता को प्रत्यक्ष रूप से क्या लाभ मिलेगा। लोकसभा में सांसदों की संख्या बढ़ने का एक सकारात्मक पक्ष भी है। वर्तमान में कई सांसदों को लाखों मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करना पड़ता है। निर्वाचन क्षेत्र बहुत बड़े होने के कारण सांसदों के लिए प्रत्येक गांव, पंचायत और शहरी क्षेत्र की समस्याओं पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देना कठिन होता है,जो सहज हो जायेगा।

महिलाओं का आरक्षण या राजनीतिक समीकरण : महिला आरक्षण का विषय किसी एक राजनीतिक दल के लाभ-हानि से ऊपर होना चाहिए। देश की आधी आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में पर्याप्त भागीदारी मिलनी ही चाहिए। पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित किया है कि अवसर मिलने पर महिलाएं नेतृत्व की जिम्मेदारी बखूबी निभा सकती हैं। यदि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना है तो सरकार को इसके लिए स्पष्ट समय सीमा, पारदर्शी प्रक्रिया और संवैधानिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि आरक्षित सीटों का निर्धारण सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखकर हो।परिसीमन में केवल जनसंख्या को आधार बनाने से उन राज्यों के सामने भी सवाल खड़े होंगे जिन्होंने परिवार नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण भारत के कई राज्यों की चिंता यही रही है कि जनसंख्या वृद्धि को ही प्रतिनिधित्व का एकमात्र आधार बनाने से उन्हें राजनीतिक नुकसान हो सकता है। इसलिए ऐसा फामूर्ला जरूरी है जो जनसंख्या के साथ-साथ संघीय संतुलन और राज्यों के योगदान का भी सम्मान करे।

भारत स्वयं में महाकाव्य है

गौरतलब **हृदयनारायण दीक्षित**



दुर्भाग्य से राजनीतिक कारणों से देश का वातावरण कलहपूर्ण हो गया है। भारत और भारत के मन को आनंदित करने वाली ऐसी सूचनाओं पर कोई उत्सव नहीं है। इस महत्वपूर्ण सूचना को राष्ट्रीय विमर्श और आनंद का विषय नहीं बनाया गया। अच्छा होता कि जनमानस में भारत का राष्ट्रीय वैशिष्ट्याभिमान बढ़ाने वाली इस घोषणा की चर्चा की जाती।

भारतीय संस्कृति का उद्भव इतिहास के जन्म से भी पुराना है। सारी दुनिया के विद्वान और ज्ञान अभिलाषी भारतीय संस्कृति और धर्म से प्रेरित रहे हैं। इस संस्कृति के प्रतीक और प्रतिमान भारत के लिए स्वाभिमान का विषय हैं। बीते 5 नवंबर को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित यूनेस्को की ग्यारहवीं बैठक से उत्साहवर्धक सूचना आई है। इस बैठक में भारत के महाकाव्य महाभारत, कौटिल्य का अर्थशास्त्र, कल्हड़ की राजतरंगिणी की प्राचीन पाण्डुलिपियों को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया रजिस्टर में सम्मिलित करने की घोषणा की गई है। इसके पहले 2024 में रामचरितमानस, पंचतंत्र और सहृदयालोक लोचन को इसी सूची में शामिल किया जा चुका है। दुर्भाग्य से राजनीतिक कारणों से देश का वातावरण कलहपूर्ण हो गया है। भारत और भारत के मन को आनंदित करने वाली ऐसी सूचनाओं पर कोई उत्सव नहीं है। इस महत्वपूर्ण सूचना को राष्ट्रीय विमर्श और आनंद का विषय नहीं बनाया गया। अच्छा होता कि जनमानस में भारत का राष्ट्रीय वैशिष्ट्याभिमान बढ़ाने वाली इस घोषणा की चर्चा की जाती। तीनों ग्रंथ असाधारण रूप से प्रतिष्ठित हैं। कौटिल्य का अर्थशास्त्र लगभग 340 ईसापूर्व की रचना है। यह दुनिया का प्राचीनतम अर्थशास्त्र है। भारतीय दर्शन और परंपरा को भाववादी बताने वाले पश्चिमी विद्वान और उनके समर्थक अर्थशास्त्र का भौतिकवाद नहीं देखते। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की शुरूआत में ही शुक्राचार्य और बृहस्पति को नमस्कार किया है। शुक्राचार्य के मत का उल्लेख भी हुआ है। अर्थशास्त्र की सामग्री यथार्थवादी दर्शन से भरी पूरी है। अर्थशास्त्र की तुलना मेकियावली द्वारा लिखित 'प्रिंस' से की जाती है। राजपुत्रों से देश की रक्षा का विषय मजेदार है। कहा गया है कि राजा को पुत्रों की गतिविधि पर ध्यान रखना चाहिए। ये केकड़े की तरह देश का नुकसान करते हैं। अर्थशास्त्र में राजकोष, सैन्य संगठन, सीमा विस्तार और चुंगी जैसे कराधान की चर्चा है। बड़ी बात है कि कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में राजव्यवस्था के सभी अंगों और उद्देश्यों पर ईसा के 350 वर्ष पहले ही सम्यक विचार कर लिया था। महाभारत में कुल लगभग 1,10,000 श्लोक हैं। एक लाख से अधिक श्लोक होने के कारण इसे 'शतसाहस्री संहिता' भी कहा जाता है। इस ग्रंथ का विकास तीन चरणों में हुआ । महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित मूल ग्रंथ 'जय' में 8,800 श्लोक थे। महाभारत का संपादन लगातार होता रहा है।

आज का इतिहास

- इंग्लैड़ में 680 यहूदियों को 1278 में नकली मुद्रा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और इनमें से 293 को फांसी पर लटका दिया गया।
- मुगल शासक बाबर ने 1525 में भारत को जीतने के मकसद से सिंध के रास्ते पांचवीं बार प्रवेश किया।
- इक्वाडोर और वेनेजुएला 1831 में ग्रेटर कोलंबिया से अलग हुए।
- इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने 1869 में 13 हजार किलोमीटर लम्बी पहली साइकिल रेस जीती।
- दस साल के निर्माण कार्य के बाद 1869 में स्वेज नहर को यातायात के लिए खोल दिया गया। यह नहर यूरोप को एशिया से जोड़ता है।
- पूर्व तुर्क सुल्तान महमूद छह को 1922 में इटली में निर्वासित जीवन बिताने के लिए छोड़ दिया गया।
- तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत 1932 में हुई।
- अमेरिका ने 1933 में सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।
- नाजियों ने 1939 में प्राग यूनिवर्सिटी में दाखिल होकर छात्रों को मौत के घाट उतार दिया था। उन बच्चों की याद में 17 नवम्बर के दिन इंटरनेशनल स्टूडेंट डे मनाया जाता है।
- भारत की रीता फारिया ने 1966 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। मिस वर्ल्ड बनने वाली वह पहली एशियाई महिला थी।
- सोवियत अंतरिक्ष यान 'लुनाखोद-1' 1970 में चन्द्रतल पर उतरा।
- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 1993 में उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (नाफ्टा) को मंजूरी दी।
- ओसाका में एशिया प्रशांत आर्थिक संघ (एपेक) का सातवां शिखर सम्मेलन 1995 में शुरू।
- अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को 1999 में यूनेस्को ने स्वीकृति दी।
- रामेश्वर ठाकुर 2004 में उड़ीसा के राज्यपाल बने।
- श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव 2005 में सम्पन्न।
- अमेरिकी सीनेट ने भारत-अमेरिका परमाणु संधि को 2006 में मंजूरी दी।

किसने क्या कहा



भारत के सभ्यतागत इतिहास में लोकतंत्र की जड़ें गहरायी तक फैली हुई हैं

सी.पी. राधाकृष्णन
उपराष्ट्रपति

सोशल मीडिया की जवाबदेही के तंत्र बनाने के लिए समाज में हो विचार मंथन



अश्विनी वैष्णव
केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री

अंकजाल - 8451

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

	24	23	25		24	11	18	17	
21	6		7		5		9		20
20		5				5		8	23
12	2		3		4		6		19
26		3		2					7
25	7	8	9		3		5		24
20		3		4	5	2		6	13
22	3		7		8		8		19
18		3		6	7	3		7	12
	14	10	18	22		18	20	25	

अंकजाल 8450 का हल

	33	9	26		29	20	16	14	
14	7	2	5	7	8	9	5	4	26
18	9	2	7	5	8	7	5	3	23
17	8	2	7		3	4	6	7	20
26	9	3	7	2	5				
3				8	5	6	7	3	29
17	6	4	5	2		5	6	3	14
27	4	7	8	8		5	8	6	19
25	4	6	8	7		3	5	6	14
	14	17	21	27		19	26	18	

Jagrutidaur.com, Bangalore

चैतन्यता जरूरी

स्मृति और विस्मृति दोनों संतुलन अपेक्षित हैं। कुछेक व्यक्तियों में विस्मृति की बड़ी मात्रा होती है। वह हमारी चेतना की स्थिति को बहुत स्पष्ट करता है। एक व्यंग्य है। दो बहनें मिलीं। एक स्त्री ने कहा, मेरा पति बहुत भुलक्कड़ है। एक दिन बाजार में गया सब्जी लाने के लिए। बाजार में घूम-घामकर घर लौटा। आते ही पूछा, अरे! मैं बाजार गया था, पर याद नहीं रहा कि मैं बाजार क्यों गया हूं? कितना भुलक्कड़! दूसरी स्त्री बोली, अरे! बस इतना ही भुलक्कड़! मेरा पति इससे बहुत आगे है। उसके भुलक्कड़पन की बात सुनोगी तो आश्चर्यचकित रह जाओगी। एक दिन की बात है। वह मित्रों के साथ बाजार में घूम रहा था। अकस्मात ऐसा योग मिल गया कि मैं उधर से निकली। मुझे देखते ही उसने कहा, बहनजी! नमस्ते। आपको कहीं देखा है। आपकी सूरत परिचित-सी लगती है। कितनी विस्मृति! विस्मृति एक व्यापक बीमारी है। कुछेक लोग इसके शिकार हो जाते हैं। उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जीवन में स्मृति और विस्मृति का संतुलन होना चाहिए। हम याद भी रख सकें और भूल भी सकें। याद रखना ही पर्याप्त नहीं होता, भूलना भी आवश्यक होता है। जीवन की अनेक घटनाएं ऐसी होती हैं जिनको भूल जाना ही श्रेयस्कर होता है। कुछ प्रिय घटनाएं भी भूलने योग्य होती हैं और अप्रिय घटनाएं भी भूलने योग्य होती हैं।

सुविचार

महान विचार ही कार्य रूप में परिणत हो कर महान कार्य बनते हैं।

विनोबा भावे

समय की रेत पर कदमों के निशान बैठ कर नहीं बनाये जा सकते।

कहावत

सीमा पार की साजिशें और सीमावर्ती सुरक्षा की चुनौती



अमरपाल सिंह वर्मा

राजस्थान के भारत-पाक सीमा पर बसे श्रीगंगानगर जिले में अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे ट्रैक पर गत दिनों हुआ विस्फोट गंभीर घटना है। पहली नजर में यह रेलवे ट्रैक पर हुआ एक धमाका लग सकता था लेकिन एंटी टेरेरिस्ट स्क्वायड (एटीएस) की जांच में जिस साजिश का खुलासा हुआ है, उससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। जांच एजेंसियों के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े लोगों ने एक यात्री ट्रेन को निशाना बनाने की योजना बनाई थी। इसके लिए पंजाब के गुरदासपुर की एक युवती और उसके साथी को तैयार किया गया। गनीमत रही कि यह साजिश अपने अंजाम तक नहीं पहुंच सकी लेकिन यह सोचकर ही बदन में सिहरन दौड़ जाती है कि अगर ट्रेन के वहां से गुजरते समय विस्फोट हो जाता तो कितने निर्दोष लोगों की जान जा सकती थी। इस मामले का एक पहलू और भी चिंताजनक है। जांच के अधिकारियों के अनुसार इस काम में शामिल युवती महकदीप कौर (21) और उसका साथी देवेंद्र सिंह (23) कोई पेशेवर आतंकवादी नहीं थे। सोशल मीडिया के जरिए उनसे संपर्क किया गया। युवती को प्रेम जाल में फंसाया गया और फिर पैसों का लालच देकर इस साजिश में शामिल कर लिया गया। दोनों को 2.23 लाख रुपये दिए गए। उन्हें वीडियो कॉल के जरिए बम बनाने और रेलवे पटरी पर लगाने का तरीका भी सिखाया गया। यह घटना बताती है कि आतंकवाद का चेहरा बदल रहा है। अब आतंकवादी संगठनों को हर काम के लिए अपने प्रशिक्षित लोगों की जरूरत नहीं रह गई है। वे सोशल मीडिया के माध्यम से आम युवाओं तक पहुंचकर उन्हें अपने मंसूबों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इस घटना को श्रीगंगानगर तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। कुछ समय पहले हनुमानगढ़ को लेकर भी ऐसी ही एक चिंताजनक खबर सामने आई थी। हरियाणा के अंबाला में पकड़े गए एक आतंकी मॉड्यूल से पूछताछ में पता चला था कि आतंकियों की योजना हनुमानगढ़ में भी विस्फोट करने की थी। वहां आईईडी से भरा एक पार्सल रखा गया था लेकिन विस्फोट के लिए जरूरी आरडीएक्स समय पर नहीं पहुंचने के कारण उनकी योजना सफल नहीं हो पाई। बाद में पाकिस्तानी हैंडलर के कहने पर पार्सल वापस ले जाने की बात सामने आई। अब अनूपगढ़ के सरहदी इलाके में रेलवे ट्रैक पर विस्फोट की घटना ने एक बार फिर इस पूरे इलाके की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। आज की पीढ़ी शायद यह नहीं जानती कि तीन-चार दशक पहले हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर का इलाका आतंकवाद की कितनी बड़ी कीमत चुका चुका है। पंजाब में आतंकवाद के काले दौर का असर इन दोनों जिलों पर भी पड़ा था। संगरिया में निरंकारी मिशन से जुड़े लोगों की हत्याएं हुईं। ढोलनगर गांव के पास बस पर फायरिंग में एक महिला की जान गई और कई यात्री घायल हुए। सादुलशहर में एसबीआई की शाखा में अंधाधुंध फायरिंग कर दस लोगों की हत्या कर दी गई। श्रीगंगानगर के पायल सिनेमा में बम फेंका गया। हनुमानगढ़ के नौरंगदेसर में बस के भीतर ट्रांजिस्टर बम फटा। बुड्ढा जोड़ मेले में पुलिस कर्मियों की हत्या हुई और मोहनपुरा रेलवे स्टेशन पर पुलिस कर्मियों को निशाना बनाकर आतंकवादी दो कैदियों को छुड़ा ले गए।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।	**तुला** आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।
वृष दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।	**वृश्चिक** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।
मिथुन घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।	**धनु** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।
कर्क सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।	**मकर** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।
सिंह कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।	**कुंभ** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।
कन्या आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।	**मीन** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

विपक्ष में पहले हिस्सेदारी की लड़ाई, फिर भाजपा से मुकाबला

गौरतलब **अजय कुमार**



रायबरेली और अमेठी के साथ लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ और सहारनपुर पर दावा बताता है कि पार्टी पुराने गढ़ों से आगे बढ़ना चाहती है। लेकिन सूची से संगठन खड़ा नहीं होता। कांग्रेस बताए कि कितने जिलों में सक्रिय ढांचा, कितने बूथों पर कार्यकर्ता और कितने जीतने योग्य उम्मीदवार हैं। गांधी परिवार की पहचान हर सीट पर वोट नहीं बनती। 181 का आंकड़ा अंतिम मांग है या बातचीत की शुरूआत, स्पष्ट नहीं है।

उत्तर प्रदेश में 2027 की सत्ता की लड़ाई से पहले विपक्ष में सीटों का संग्राम छिड़ गया है। भाजपा को चुनौती देने से पहले तय हो रहा है कि गठबंधन में किसकी हैसियत कितनी है। कांग्रेस ने 403 विधानसभा सीटों में से 181 पर दावा ठोककर सपा के सामने चुनौती रख दी है। सपा सांसद राजीव राय ने मांग को अव्यावहारिक बताया और कहा कि सीट नहीं, जीत महत्वपूर्ण है। इमरान मसूद सभी 403 सीटों पर तैयारी का दावा कर रहे हैं। दल आपस में भरोसा क्यों नहीं बना पा रहे? कांग्रेस की 181 सीटों की मांग प्रदेश में खोई जमीन पाने की महत्वाकांक्षा है। रायबरेली और अमेठी के साथ लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ और सहारनपुर पर दावा बताता है कि पार्टी पुराने गढ़ों से आगे बढ़ना चाहती है। लेकिन सूची से संगठन खड़ा नहीं होता। कांग्रेस बताए कि कितने जिलों में सक्रिय ढांचा, कितने बूथों पर कार्यकर्ता और कितने जीतने योग्य उम्मीदवार हैं। गांधी परिवार की पहचान हर सीट पर वोट नहीं बनती। 181 का आंकड़ा अंतिम मांग है या बातचीत की शुरूआत, स्पष्ट नहीं है। संभव है कांग्रेस ऊंचा दावा रखकर सम्मानजनक हिस्सेदारी चाहती हो या 2027 को संगठन विस्तार का अवसर मानती हो। उसे बताना चाहिए कि कहां प्रदर्शन मजबूत रहा। महत्वाकांक्षा बोझ बन जाती है। खरगे के आवास पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, आराधना मिश्रा और इमरान मसूद की बैठक बताती है कि कांग्रेस गंभीर है। खरगे ने सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों को मुद्दा बताया। असली कसौटी सीटों पर सहमति और संगठन की तैयारी होगी। राहुल और प्रियंका उत्साह जगा सकते हैं, मगर चुनाव बूथ के कार्यकर्ता और स्वीकार्य उम्मीदवार से जीता जाता है। राजीव राय का बयान साफ करता है कि सपा कांग्रेस को जीतने की क्षमता के आधार पर सीटें देना चाहती है। तर्क व्यावहारिक है, पर सपा अपनी सुविधा को गठबंधन का नियम नहीं बना सकती। अखिलेश 2024 के बाद विपक्ष के मजबूत क्षेत्रीय चेहरे हैं। नेतृत्व का अर्थ सहयोगियों को छोटा दिखाना नहीं। कम सीटें मिलीं तो कांग्रेस उपेक्षा कहेगी; ज्यादा मिलीं तो सपा के दावेदारों और छोटे सहयोगियों में असंतोष होगा। अखिलेश को गठबंधन की जरूरत समझनी होगी। इमरान मसूद कहते हैं कि कांग्रेस सभी 403 सीटों पर तैयारी कर रही है, लेकिन सीटों से ज्यादा जीत महत्वपूर्ण है। यह दबाव या संगठन सक्रिय करने का संदेश हो सकता है। अखिलेश के मुख्यमंत्री बनने पर आपत्ति न होने की बात गठबंधन का दरवाजा खुला रखती है। लक्ष्य साझा जीत है तो हर सीट पर तैयारी का दावा किसलिए? तैयारी करना अधिकार है, पर उसे ताकत बताकर हिस्सेदारी मांगना अलग बात है। आंकड़े बहस को जमीन देते हैं। 2022 में कांग्रेस 399 सीटों पर लड़ी, केवल दो जीती और उसे 2.33 प्रतिशत वोट मिले। सपा ने 347 सीटों पर लड़कर 111 सीटें और 32.06 प्रतिशत वोट पाए। 2017 में कांग्रेस 114 सीटों पर लड़कर सात जीती, जबकि सपा 311 पर लड़कर 47 पर सिमटी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । द

36 घंटे निर्जला व्रत के बाद छठ व्रतियों ने दिया सूर्यदेव को अर्घ्य



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मनिका (लातेहार) : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मनिका प्रखंड में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व के तहत व्रतियों ने नहाय-खाय और खरना की परंपरा पूरी करने के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास रखा। इसके बाद विभिन्न छठ घाटों पर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।प्रखंड मुख्यालय के प्रमुख छठ घाटों में दोमुहान नदी घाट, मनिका बाजार स्थित बांडी तालाब और बुढ़वा साले तालाब में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। दोमुहान नदी घाट पर पंडित अखिलेश मिश्रा, बांडी तालाब में पंडित अखिलेश पाठक तथा बुढ़वा साले तालाब में पंडित तुलसी पाठक ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। पुरोहितों के मार्गदर्शन में व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इसके बाद सूर्यदेव की आरती के साथ पूजा सम्पन्न हुई।

रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाये छठ घाट

छठ पूजा को लेकर प्रखंड के प्रमुख घाटों को छठ पूजा समितियों की ओर से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी और सजावट से दोमुहान नदी, बांडी तालाब और बुढ़वा साले तालाब घाट जगमगा उठे। घाटों की आकर्षक सजावट श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही।

सुरक्षा को लेकर प्रशासन रहा सतर्क

पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए मनिका प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। प्रखंड के प्रमुख छठ घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। किसी भी अप्रिय घटना या आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में रहा। प्रशासनिक निगरानी के बीच छठ पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।



भक्तिभाव और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ छठ महापर्व, घाटों पर उमड़ी भीड़

भवनाथपुर : लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार की सुबह उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ पूरे भवनाथपुर प्रखंड में भक्तिभाव और उल्लास के वातावरण में संपन्न हो गया। इस दौरान विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्रतियों ने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की खुशहाली और क्षेत्र की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रखंड के थाना के समीप सर्वेश्वरी आश्रम, दुर्गा मंदिर टाउनशिप, सिंदुरिया दुलरह नदी, अरसली नदी, सिंघीताली हनुमान मंदिर, भवनाथपुर सूर्य मंदिर, बाजार दुर्गा मंदिर, झगराखांड़, चपरी, अरसली उत्तरी झुमरी स्थित अशोक वाटिका और मांडर महारानी मंदिर सहित विभिन्न नदी, तालाब एवं जलाशयों के तट पर छठ पूजा का आयोजन किया गया। छठ व्रती पारंपरिक गीत गाते हुए सिर पर पूजा सामग्री लेकर घाटों तक पहुंचे। कई श्रद्धालु दंडवत प्रणाम करते हुए घाट पहुंचे। पूजा समितियों और सामाजिक कार्यकताओं ने व्रतियों के बीच दूध, फल और पूजन सामग्री का वितरण किया। पंडरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौबे ने भी फल एवं पूजा सामग्री बांटी। विधायक अनंत प्रताप देव ने विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर व्रतियों से आशीर्वाद लिया।

आम श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे डीसी और एसपी, परिवार के साथ दिया सूर्य को अर्घ्य



लातेहार : लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ श्रद्धा और भक्तिभाव से संपन्न हो गया। इस अवसर पर उपायुक्त संदीप कुमार ने धर्मपुर के पंपुकल स्थित छठ घाट पर पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने चाणक्य नगरी छठ घाट पर अपने परिवारजनों के साथ पूजा-अर्चना की। खास बात यह रही कि जिले के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने किसी विशेष तामझाम या औपचारिकता के बजाय आम श्रद्धालुओं की तरह छठ की परंपराओं का निर्वहन किया। वे अपने परिवार के साथ घाट पहुंचे, अन्य व्रतियों और श्रद्धालुओं के बीच रहकर पूजा में शामिल हुए और पूरी श्रद्धा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। अधिकारियों का यह सहज और सादगी भरा अंदाज लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के अंतिम दिन सोमवार की सुबह शहर के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सूर्योदय से पहले ही व्रती महिलाएं और पुरुष पूजा की सामग्री लेकर घाटों पर पहुंचने लगे थे। सूर्य की पहली किरण दिखाई देते ही व्रतियों ने जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मइया से परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। घाटों पर छठ के पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। अर्घ्य के बाद व्रतियों ने पूजा संपन्न कर प्रसाद ग्रहण किया और परिजनों तथा परिचितों के बीच प्रसाद बांटा।

छठ महाप्रसाद पाकर आवासीय बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान



■ संत मरियम आवासीय विद्यालय में बच्चों के बीच प्रसाद बांट कर मनाया गया लोक आस्था का महापर्व

मेदिनीनगर : लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के पारण के अवसर पर संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच छठ का महाप्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान बच्चों को अगरौटा, केला और पूजा में अर्पित अन्य प्रसाद सामग्री दी गई। विद्यालय परिवार के सदस्यों ने बच्चों के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और उनकी खुशियों में शामिल हुए। विद्यालय में चार-पांच वर्ष के नन्हे बच्चों से लेकर बड़ी बेटियों तक सभी के चेहरों पर प्रसाद पाकर खुशी और उत्साह देखने को मिला। कई बच्चे ऐसे भी हैं, जो छठ पर्व पर अपने घर नहीं जा सके। ऐसे में विद्यालय परिवार की कोशिश रही कि उन्हें घर और परिवार से दूर रहकर भी त्योहार की कमी महसूस न हो। बच्चों से घर की याद आने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि विद्यालय में उन्हें घर जैसा प्यार और देखभाल मिलती है। कई नन्हे बच्चे गले लगकर अपनी खुशी जाहिर करने लगे। विद्यालय परिवार का मानना है कि संत मरियम आवासीय विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के लिए एक परिवार है। यहां सभी धर्मों और समुदायों के बच्चे एक साथ रहते हैं। विद्यालय में प्रत्येक बच्चे की धार्मिक आस्था, संस्कृति और परंपरा का सम्मान करते हुए सभी त्योहार मिल-जुलकर मनाए जाते हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में प्रेम, सद्भाव, समानता, सहिष्णुता और दूसरों की भावनाओं के सम्मान की भावना विकसित करना भी है। इस अवसर पर छठी मईया और भगवान भास्कर से सभी बच्चों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

छठ महापर्व पर बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने बढ़ाया सहयोग का हाथ, दो छठ घाटों पर बांटे फल



■ धर्मपुर और बारी के तुरियाडीह टोला स्थित छठ घाट पर श्रद्धालुओं के लिए की गयी टेंट की व्यवस्था, ग्रामीणों ने कम्पनी की पहल की सराहना की

लातेहार : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर बनहरदी कोयला खनन परियोजना की ओर से सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए श्रद्धालुओं के बीच फल वितरित किए गए। परियोजना प्रबंधन की इस पहल के तहत धर्मपुर छठ घाट और ग्राम बारी के तुरियाडीह टोला स्थित छठ घाट पर पूजा करने पहुंचे व्रतियों और श्रद्धालुओं को सहयोग के रूप में फलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोनों स्थानों पर टेंट की व्यवस्था भी कराई गई। परियोजना की ओर से यह पहल महाप्रबंधक निरोध कुमार मल्लिक के मार्गदर्शन में की गई। इसमें अपर महाप्रबंधक एम. चन्द्रशेखर, रणजीत बहादुर सिंह और समित कुमार देब का सहयोग रहा। कंपनी प्रबंधन की ओर से किए गए इस प्रयास का उद्देश्य छठ महापर्व के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना तथा क्षेत्र के लोगों के साथ आपसी जुड़ाव को मजबूत करना रहा। छठ पूजा के अवसर पर दोनों घाटों पर श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्राम बारी के मुखिया और लाल जन्मेजय नाथ सहदेव सहित क्षेत्र के कई वरिष्ठ एवं गणमान्य लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ छठ घाट पर उपस्थित हुए। स्थानीय ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। घाटों पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने पर्व की परंपराओं के अनुसार भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान ग्रामीणों ने बनहरदी कोयला खनन परियोजना की ओर से किए गए सहयोग की सराहना की। इस पूरी पहल को सफल बनाने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में विनेश कुमार एवं अबीर लाल नाथ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

छठ व्रतियों के बीच भावी मुखिया प्रत्याशी दीपू गुप्ता ने किया फल का वितरण



भवनाथपुर : लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत चपरी पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी दीपू गुप्ता ने पंचायत के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने छठ व्रतियों से मुलाकात कर उन्हें छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। फल वितरण कार्यक्रम के दौरान दीपू गुप्ता ने छठ घाटों पर पहुंचकर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के बीच फल बांटे। उनके इस प्रयास से छठ घाटों पर मौजूद श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। यह पर्व हमें स्वच्छता, अनुशासन, सेवा, समर्पण और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। छठी मइया और भगवान सूर्य की उपासना से लोगों में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में शामिल होना और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना उनका उद्देश्य है। पंचायत के लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना उनकी प्राथमिकता है। दीपू गुप्ता ने कहा कि छठ जैसे महान पर्व पर व्रतियों की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की।

डंडई में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व सम्पन्न



डंडई (गढ़वा) : लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व सोमवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। प्रखंड क्षेत्र में छठ व्रतियों ने 48 घंटे का निर्जला उपवास रखकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को विधि-विधान से अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। डंडई पीपल छठ घाट और सूर्य मंदिर बगीचा छठ घाट को फ्रेंड्स क्लब और जय हिंद क्लब की ओर से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। व्रतियों की सुविधा के लिए बड़े पंडाल, दर्जनों स्नानघर और भगवान भास्कर की प्रतिमा की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा महागंगा आरती का आयोजन भी किया गया। सूर्य मंदिर बगीचा छठ घाट पर कई महादलित परिवारों ने भी पूरी श्रद्धा के साथ छठ व्रत किया। व्रतियों ने बताया कि छठ माता की महिमा अपरंपार है।

नेतरहाट बड़ा तालाब छठ घाट पर सम्पन्न हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व



■ छठ व्रतियों की सुविधा के लिए पानी का छिड़काव, सड़क की सफाई और रोशनी की हुई व्यवस्था, सेवा शिविर लगा कर श्रद्धालुओं को बांटी गयी चाय-बिस्किट

महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत पर्यटन नगरी नेतरहाट स्थित बड़ा तालाब छठ घाट पर लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस दौरान छठ घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूरे क्षेत्र में छठ गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की। छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा, नेतरहाट थाना प्रभारी राजन अधिकारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार, नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार, जंगलवार फेयर स्कूल के मेजर उमेश उरांव, एसआई बादल दास, अंचल निरीक्षक प्रेम एक्का एवं थाना कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही। वहीं आयोजन को सफल बनाने में महावीर सिंह, अयून राय, बबलू किसान, संतोष प्रसाद, मनवा किसान, सुधीर बृजिया, सोनू कुमार, रंजीत प्रसाद, मुकेश किसान, शशि वर्मा, दीपक कुमार, अमर नायक, रामविशुन नगेसिया, चांदनी भगत, गुलू किसान एवं गजेंद्र किसान सहित अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। जंगलवार फेयर स्कूल के द्वारा छठ व्रतियों को प्रसाद वितरण किया गया छठ महापर्व के दौरान जंगलवार फेयर खहऋ के द्वारा छठ व्रतियों को प्रसाद वितरण किया गया।

एक झलक

सूर्य मंदिर निर्माण के लिए फल वितरण समिति ने दिये 21 हजार रुपये

लातेहार : शहर के बाइपास चौक स्थित सार्वजनिक फल वितरण समिति ने औरंगा नदी के किनारे निमार्णाधीन भव्य सूर्य मंदिर के निर्माण में आर्थिक सहयोग दिया है। समिति की ओर से मंदिर निर्माण समिति को 10 हजार रुपये की सहयोग राशि सौंपी गई। समिति के संरक्षक आशीष टैगोर ने बताया कि इससे पहले भी सूर्य मंदिर निर्माण के लिए 11 हजार रुपये दिए गए थे। इस तरह सार्वजनिक फल वितरण समिति अब तक कुल 21 हजार रुपये का सहयोग कर चुकी है। औरंगा नदी स्थित छठ घाट पर आयोजित कार्यक्रम में समिति के संरक्षक प्रसाद गुप्ता, अध्यक्ष राजमोहन गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय दास और सुनील कुमार ने मंदिर निर्माण समिति को राशि सौंपी। मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद सिंह ने सहयोग राशि प्राप्त की और समिति को रसीद प्रदान की। इस मौके पर श्री सूर्यनारायण पूजा समिति के संरक्षक शशि भूषण पांडेय और कृष्ण प्रसाद गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे। पूजा समिति के सदस्यों ने मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए सार्वजनिक फल वितरण समिति के प्रति आभार जताया।

अवैध सम्बन्ध में दो हत्या, आरोपित गिरफ्तार

लोहरदगा : लोहरदगा जिला के भंडरा में अवैध संबंध में एक महिला पूजा लहेरी और उसके प्रेमी रोहित कुमार की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला के पति सोनू लहेरी ने टांगी से काट कर घटना को अंजाम दिया। घटना रविवार देर रात की है। महिला के दो बच्चे हैं। हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला के पति सोनू के अनुसार उसकी पत्नी का प्रेमी बिहार का बाढ़ जिला का रहने वाला थ। उसका नाम रोहित कुमार है। दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख कर अपने घर में ही टांगी से काट कर दिया। सोनू के दो बेटे हैं। घटना स्थल पर पुलिस पहुंच गई है और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है। अवैध संबंध में हुई इस घटना की चर्चा क्षेत्र में हो रही है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

झारखंड स्थापना दिवस पर पलामू में निकली 'रन फॉर क्लीनलीनेस'

शाहपुर किला से कोयल रिवर फ्रंट तक डीसी-एसपी के नेतृत्व में दौड़े अधिकारी, स्कूली बच्चे और शहरवासी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 26 वर्ष पूरे होने पर रविवार को पलामू में उत्साह के साथ ह्यरन फॉर क्लीनलीनेसह्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली और विकसित झारखंड के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों, स्कूली बच्चों, एथलीटों और शहरवासियों ने भाग लिया। सुबह सात बजे सभी प्रतिभागी शाहपुर किला के समीप एकत्रित हुए। उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद किला परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। फिर डीसी-एसपी के नेतृत्व में प्रतिभागियों ने शाहपुर पुल और सदीक चौक होते हुए कोयल रिवर फ्रंट तक दौड़ लगाई। शाहपुर पुल पर स्कूली बच्चियों ने आकर्षक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया। कोयल रिवर फ्रंट पहुंचने पर डीसी और एसपी ने स्कूली बच्चों के साथ केक काटकर राज्य स्थापना दिवस मनाया और बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि झारखंड के गठन के लिए पूर्वजों ने लंबा संघर्ष किया था। आज राज्य के सामने पिछड़ेपन, अशिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां और सामाजिक असमानताओं से लड़ने की जिम्मेदारी है। झारखंड को विकसित, शिक्षित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता को दिनचर्या में शामिल करने, पर्यावरण संरक्षण, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कोयल रिवर फ्रंट को भविष्य में स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता सहित कई अधिकारी मौजूद थे।



डायन हत्याकांड के आरोपित दम्पति गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गिरिडीह : जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बासाबुदा गांव में डायन का आरोप लगाकर 59 वर्षीय एक महिला की पीट-पीटकर हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दंपति को गिरफ्तार किया है। घटना को अंजाम देने में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की छापेमारी जारी है। सोमवार को एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने बताया कि महिला की हत्या के संबंध में मृतक महिला के पति के बयान के आधार पर मुफस्सिल थाने में मामला दर्ज किया गया है, जिसमें गांव के ही मोतीलाल मुर्मू, उसकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को आरोपित बनाया गया है। एसडीपीओ ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम लगातार इस दिशा में काम रही है। इस दौरान आरोपित शिवलाल मुर्मू और पत्नी बड़की मुर्मू को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ने अपराध स्वीकार किया है। हत्याकांड को लेकर बताया गया कि आरोपित मोतीलाल मुर्मू का पुत्र कई दिनों से बीमार था और रिम्स, रांची में भर्ती था। इलाज के दौरान 13 नवंबर की रात उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद मोतीलाल और उसके घर के सदस्य मृतका को डायन कहने लगे और 14 नवंबर की सुबह मोतीलाल अपने घर के अन्य सदस्यों के साथ मृतका के घर के बाहर पहुंचा और महिला की पीट-पीटकर नृसंश हत्या कर दी। एसडीपीओ ने कहा कि अन्य आरोपितों को जल्द पकड़ा जाएगा।

10 लाख खैर की लकड़ी से लदी ट्रक जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू पुलिस ने खैर की लकड़ी की तस्करी का खुलासा करते हुए करीब 10 लाख रुपये मूल्य की लकड़ी से लदा ट्रक जब्त किया है। मामले में राजस्थान निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी और वन विभाग को 15 नवंबर 2026 को सूचना मिली थी कि सतबरवा के जंगल से डालटनगंज के रास्ते हरियाणा की ओर खैर की लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए पु.अ.नि. श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। दल ने जोरकट टोल प्लाजा के समीप एनएच-39 पर वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान टाटा कंपनी के 14 चक्का ट्रक (नंबर- RJ29GA6873) को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक में भारी मात्रा में खैर की लकड़ी के बोटे लदे मिले। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजस्थान के अलवर जिले के भिवाड़ी थाना क्षेत्र के झिवाणा निवासी शमिम (25), पिता महबूब के रूप में हुई है। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 123/2026 दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

'ऑपरेशन प्रहार' के तहत ब्राउन शुगर तस्करी का खुलासा

मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के निदेशानुसार 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत ब्राउन शुगर तस्करी का खुलासा, 495 ग्राम मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त डिजायर कार एवं 03 मोबाइल फोन बरामद किया गया। दिनांक 14.11.2026 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सासाराम की ओर से एक व्यक्ति सफेद रंग की डिजायर कार से डालटनगंज के रास्ते लातेहार की ओर ब्राउन शुगर की तस्करी कर ले जा रहा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, पलामू के निर्देशानुसार सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा दुबियाखाड़ स्थित टोल प्लाजा के समीप एनएच-39 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान संदिग्ध सफेद रंग की मारुति सुजुकी डिजायर कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में कुल 495 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 से 70 लाख रुपये बताई गई है। इस मामले में सदर थाना कांड संख्या-122/2026, दिनांक 15.11.2026, धारा-17(b)/21(c) NDPS Act के तहत मामला दर्ज कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त वाहन एवं तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।



शहादत दिवस पर शहीद के परिजनों से मिले सीआरपीएफ अधिकारी, दी श्रद्धांजलि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को याद करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 11वीं बटालियन ने शहादत दिवस मनाया। इस अवसर पर बल के अधिकारियों ने शहीद लांस नायक एस. कुजूर के पैतृक गांव बिसरामपुर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। महुआडांड़ थाना क्षेत्र के बिसरामपुर स्थित शहीद के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में 11वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी पीतबास पंडा के मार्गदर्शन में निरीक्षक जे.बी. सोरेन और महुआडांड़ थाना प्रभारी रवि कुमार ने शहीद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान अधिकारियों ने शहीद की पत्नी ज्योति मनी कुजूर को अंगवस्त्र, साड़ी, फल, मिठाई और दैनिक उपयोग की सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही परिवार के सदस्यों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी पीतबास पंडा ने कहा कि देश अपने वीर जवानों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल हमेशा अपने शहीदों के परिवारों के साथ खड़ा है।



नेतरहाट विद्यालय ने मनाया 73वां स्थापना दिवस, शिक्षक और कर्मी हुए सम्मानित

मुख्य अतिथि डॉ. अशोक आर. पाटिल ने विद्यार्थियों को करियर के अवसरों और लक्ष्य निर्धारण की दी जानकारी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : नेतरहाट आवासीय विद्यालय का 73वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर शैक्षणिक उपलब्धियों को याद करने के साथ विद्यार्थियों की प्रतिभा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय , रांची के कुलपति डॉ. (प्रो.) अशोक आर. पाटिल शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा, डॉ. भीमराव आंबेडकर और विद्यालय के संस्थापक सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद ओवल मैदान में ध्वजारोहण हुआ। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों ने उन्हें सलामी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पीटी और योग का प्रदर्शन भी किया।सम्मेलन भवन में दीप प्रज्ज्वलन और विद्यालय गीत के साथ मुख्य समारोह शुरू हुआ। प्राचार्य संतोष कुमार ने मुख्य अतिथि को विद्यालय का प्रतीक चिह्न और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशासनिक कार्यों और पिछले एक साल की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।मुख्य अतिथि डॉ. पाटिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य तय करना और उसे हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने करियर के अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप भविष्य की राह चुनने की सलाह दी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में पढ़ाई, खेल और अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका सर्जना और विद्यार्थियों की हस्तलिखित पत्रिका का भी विमोचन किया गया। वहीं, शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कोणार्क मंदिर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी। कला, स्थापत्य और इतिहास को दर्शाती इस प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के विकास और कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।



भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अम्बाझारन में सजा आदिवासी जतरा मेला, मांदर बजा कर एसडीपीओ ने किया उद्घाटन



लातेहार : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्राम अंबाझारन में सात पड़हा के तत्वावधान में आदिवासी जतरा मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। मेले में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और लोककला की झलक देखने को मिली। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, आदिवासी समाज के लोगों और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता शामिल हुए। आयोजन समिति ने पारंपरिक तरीके से अंगवस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, साहस और समाज के प्रति समर्पण की मिसाल है। उन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ आंदोलन कर जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट रहने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की भाषा, संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाज हमारी अनमोल धरोहर हैं। इन्हें बचाकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता और अपनी पहचान के प्रति गर्व की भावना को मजबूत करते हैं। इसके बाद एसडीपीओ ने मांदर बजाकर जतरा मेले का विधिवत शुभारंभ किया। मेले में पारंपरिक आदिवासी नृत्य, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे।

लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सतगावां : लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही भव्य और शांतिपूर्ण समापन हो गया। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 36 घंटे के निर्जला उपवास के बाद छठ व्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को पहला और दूसरा अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की।सोमवार की सुबह होते ही प्रखंड के सभी प्रमुख छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं कांच ही बाँस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए जैसे पारंपरिक और मधुर छठ गीतों, शंखनाद, घंटियों और छठी मईया के जयकारों से पूरा प्रखंड क्षेत्र भक्तिमय हो गया। व्रतियों ने सूप में



मौसमी फल, ठेकुआ और अन्य पूजन सामग्रियां सजाकर विधि विधान के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और चार दिवसीय इस महापर्व का श्रद्धापूर्वक समापन किया।क्षेत्र के सभी घाटों को स्थानीय ग्रामीणों और कमेटियों द्वारा बेहद खूबसूरत ढंग से सजाया गया था, जिससे घाटों की छटा देखते ही बन रही थी। विधि व्यवस्था और शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आए इस दौरान मुख्य रूप प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी मनोज कुमार रवि,थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह,प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विकास कुमार साहू, अंचल उप निरीक्षक पवन कुमार साहू इनके अलावा कई अन्य प्रखंड और पुलिस पदाधिकारी भी विभिन्न घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आए, जिससे पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

सभी पंचायतों में धूमधाम से मनाया गया महापर्व छठ

जयनगर : जयनगर प्रखंड में महापर्व छठ पूजा सभी पंचायतों में विधिवत पूजा अर्चना कर धूमधाम से मनाया गया। इस महापर्व में छठ पूजा शुरूआत से पहले ही लोग अपने घरों को सभी लोग सफाई करके टोला मोहल्ला सड़क सभी छठ घाटों को साफ सफाई करके आस्था के साथ पर्व को मानते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परसाबाद छठ घाट में पंडित गोविंद पांडे के द्वारा विधिवत महापर्व छठ पूजा सूर्य देव का आवाहन कर सभी छठवृत्तियों का पूजा संपन्न करायें। जयनगर प्रखंड के सभी छठ घाटों में विधि व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का भी काफी सहयोग रहा। अपने-अपने पंचायत में जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी छठ घाट साफ-सफाई में काफी योगदान रहा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपचो प्रभारी प्रधानाध्यापक सकलदेव राम के द्वारा कई जगहों पर साफ सफाई एवं विधि व्यवस्था



बनाए रखने में काफी योगदान रहा। प्रखंड के सरकारी विद्यालय निजी विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा भी छठ घाट की सफाई में काफी सराहनीय कार्य करते देखे गए। परसाबाद छठ घाट, गडगी छठ घाट, कटिया छठ घाट, घुरमुंडा छठ घाट, तेतरौन छठ घाट, पिपचो छठ घाट, रूपायडीह छठ घाट, पांडू छठ घाट, नवाडीह छठ घाट, डंडाडीह छठ घाट, जयनगर छठ घाट, गोहाल छठ घाट, मकतपुर छठ घाट, प्रखंड के सभी घाटों में छठ पूजा धाम धाम से संपन्न हुई।

विधायक डॉ. नीरा यादव ने विधि-विधान से किया छठ व्रत, उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व सम्पन्न



कोडरमा : लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ के अवसर पर कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव ने पूरे श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ छठ व्रत किया। इस दौरान उन्होंने अपने आवास पर भगवान सूर्य की आराधना करते हुए अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का विधिवत समापन हुआ। छठ पूजा के अवसर पर विधायक के आवास पर भक्तिमय माहौल बना रहा। पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए उन्होंने छठी मैया और भगवान सूर्य से परिवार, समाज एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उनके पति विजय यादव, परिवार के अन्य सदस्य तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु, शुभचिंतक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पूजा के दौरान छठी मैया के पारंपरिक गीतों और भक्तिमय वातावरण से पूरा परिसर गूंजता रहा। व्रतियों ने पूरी निष्ठा और पवित्रता के साथ छठ की परंपराओं का निर्वहन किया।

एक झलक

चंदवारा और झुमरी तिलैया में धूमधाम और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

चंदवारा (कोडरमा): लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा सोमवार को उदीयमान (उगते हुए) सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही पूरे प्रखंड में हर्षोल्लास, भव्यता और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। 36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास के बाद व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की मंगलकामना की। सोमवार को भोर की पहली किरण के साथ ही चंदवारा प्रखंड के सभी प्रमुख छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान रकांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए...₹ जैसे पारंपरिक छठ गीतों, शंखनाद और छठी मईया के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। व्रतियों ने सूप में मौसमी फल, ठेकुआ और अन्य पूजन सामग्रियों को सजाकर पूरे विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। पूजा-अर्चना के पश्चात प्रसाद ग्रहण कर व्रतियों ने पारण किया और चार दिवसीय इस महापर्व का समापन किया।

लायंस क्लब गुमला प्रत्येक मंगलवार को लगायेगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

गुमला : लायंस क्लब गुमला के द्वारा जनहित में एक सराहनीय पहल शुरू की जा रही है। अब प्रत्येक मंगलवार को लायंस क्लब आई हॉस्पिटल, गुमला में आंखों की जांच की जाएगी। कल से प्रारम्भ 17.11.26 जांच का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगा। इस शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। जिन व्यक्तियों को आंखों में किसी प्रकार की तकलीफ है, आंखों से कम दिखाई देता है, या मोतियाबिंद से ग्रसित हैं, वे आकर अपनी आंखों की जांच करा सकते हैं। जांच के बाद यदि ऑपरेशन की आवश्यकता होगी तो उन्हें ऑपरेशन की तिथि भी दी जाएगी।लायंस क्लब गुमला सभी जरूरतमंद लोगों से अपील करता है कि इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। दशकों से आस्था और सेवा का संगम बना रॉक्सी क्लब, गरगा नदी छठ घाट पर श्रद्धालुओं के लिए जुटाई सुविधाओं की सौगात।

अमेरिका के सिएटल में चौथी बार पूरी श्रद्धा और पारम्परिक रीति-रिवाजों से मना छठ महापर्व

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

डोमचांच : डोमचांच के कृष्णकांत सिंह और नीलम सिंह ने विदेश में जीवंत रखी अपनी मिट्टी की संस्कृति, मिट्टी से दूरी भले ही हजारों मील की हो, लेकिन मिट्टी की खुशबू कभी दूर नहीं होती। अपनी जन्मभूमि, अपनी परंपराओं और अपने संस्कारों से जुड़ाव ऐसा ही होता है, जिसे न वक्त की दूरी मिटा सकती है और न ही सात समंदर की सीमाएं। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश की लोक आस्था का महापर्व छठ आज महासागरों को पार कर अमेरिका की धरती पर भी अपनी आध्यात्मिक छटा बिखेर रहा है। इसी अटूट आस्था, सांस्कृतिक विरासत और अपनी जड़ों से गहरे जुड़ाव की एक सुंदर मिसाल अमेरिका के सिएटल में देखने को मिल रही है। कोडरमा जिले के डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र के मूल निवासी



सॉफ्टवेयर इंजीनियर कृष्णकांत सिंह की इंजीनियर पत्नी नीलम सिंह इस वर्ष चौथी बार अमेरिका में पूरे विधि-विधान, श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ छठ महापर्व मना रही हैं। विदेश की धरती पर लगातार अपनी परंपराओं को जीवंत रखना केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक भावनात्मक प्रयास भी है। नीलम सिंह ने यह साबित किया है कि अपनी मिट्टी से जुड़ने के लिए जन्मभूमि में रहना जरूरी नहीं, बल्कि दिल में अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान और आस्था होना जरूरी है। सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित यह महापर्व जीवन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और समृद्धि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अनुपम अवसर है। कठिन तपस्या, शुद्धता, संयम और प्रकृति के प्रति समर्पण इस पर्व की विशिष्ट पहचान हैं। नीलम सिंह ने नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय महापर्व का शुभारंभ किया।इसके बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार खरना का प्रसाद तैयार किया और प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात 36 घंटे के निर्जला व्रत का संकल्प लिया। सिएटल स्थित उनके आवास पर आयोजित खरना के अवसर पर लगभग 70 लोग पहुंचे और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने किया भगवान बिरसा मुंडा को नमन

बोकारो : झारखंड की अस्मिता, स्वाभिमान और संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बी. बी. करुणामय, अधिशासी निदेशक (परियोजना) अनीष सेनगुप्ता, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) अजय कुमार, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने नया मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने इस अवसर पर सभी को भगवान बिरसा मुंडा जयंती तथा झारखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं

उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही प्रखंड क्षेत्र में नेम-निष्ठा के सथा हुआ महापर्व छठ का समापन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कुडहित (जामताड़ा) : उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही प्रखंड क्षेत्र में नेम निष्ठा एंव लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोगों ने जन कल्याण की कामना के साथ ही इस महापर्व का समापन किया। सुबह के अर्घ्य को देने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ छठ पूजा घाटों पर दिखी। आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर कुंडहित प्रखंड में भी हर्षोल्लास दिखा। चार दिनों के महापर्व में पहले दिन नहाय खाय से शुरूआत हुई और आज यानी सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व का भव्य समापन हुआ। महापर्व के आज अंतिम दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने



की परंपरा होती है। कल अस्ताचलगामी सूर्य की उपासना की गई थी और आज उदीयमान सूर्य की उपासना की गई। प्रखंड स्थित राजबांध तालाब, शीला नदी के अलावे कई तालाबो में भी सुबह 3 बजे से ही लोगों का पहुंचना जारी रहा। लोग पहुंचते रहे और छठ घाटों पर प्रसाद के सूप और डालों को सजाकर लोग रखते गए। छठ व्रत करने वाली महिलाएं तालाब एंव नदी में उतर कर भगवान भास्कर के उगने का इंतजार करती दिखी और इस दौरान छठव्रती सूर्य की उपासना करती नजर आयीं। तालाबो में भी काफी भीड़ पहुंची थी। इस दौरान छठ घाटों पर पूजा समितियों ने तालाबो को बेहतर ढंग से सजाया था ,रंगीन बल्बों और झालरों से सजा तालाबो का छठ घाट आकर्षक नजर आ रहा था।

झारखंड सरकार श्रम विभाग को झारखंड के मजदूर की समस्या को समझने की आवश्यकता है : जुम्मन खान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : सीएफटीयूआई मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जो कई वर्षों से मजदूर हित में कार्य लगातार करते चले आ रहे हैं उन्होंने इस संवाददाता से बातचीत के दौरान अपनी राय रखते हुए उन्होंने कहा कि आज हमारे झारखंड सरकार और श्रम विभाग के मंत्रालय द्वारा मजदूर के हित के लिए कई ऐसे कार्य किया जा रहे हैं लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती है कुछ तथाकथित मजदूर हित के बात करने वाले लोगों का कथनी और करनी में बड़ा फर्क महसूस होता है उन्होंने झारखंड सरकार और श्रम विभाग से समक्ष कुछ जरूरी बातें रखा है जो इस तरह है 1- झारखंड राज्य के मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी भुगतान दैनिक वा मासिक एक सम्मान हो।2- अब तक जिलावार कितने



मजदूरों का श्रम मंत्रालय एवं जिला के श्रम विभाग के माध्यम से श्रम कार्ड बने हैं। इसकी जानकारी दे सरकार। एवं संबंधित श्रम विभाग संगठित और असंगठित दोनों मिलाकर कितने मजदूर महिला एवं पुरुष कार्ड बना है। साझा किया जाए। 3- अगर संगठित और असंगठित मजदूरों का कार्ड संबंधित विभाग से बना है तो कितने मजदूरों को इसका लाभ मिल रहा है। इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। 4- जितने भी महिला वा पुरुष वर्ग के मजदूर विभिन्न तरह के दुकानों, प्रतिष्ठानों, प्राइवेट सेक्टर में काम करते हैं उन्हें झारखंड सरकार एवं श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार न्यूनतम मजदूरी भुगतान मिल रहा है कि नहीं इसका जांच करें श्रम विभाग। 5- जो मजदूर दुकानों, प्रतिष्ठानों, प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे हैं तो उनके,समय सीमा तय होना चाहिए।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर निकली प्रभात फेरी, तैयारियां जोरों पर

- 23 नवम्बर को निकलेगा भव्य नगर कीर्तन, 24 को सजेगा विशेष दीवान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : दिनांक 16 नवंबर 2026 को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व (जयंती) के उपलक्ष्य में सुबह 4:00 बजे भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी गुरुद्वारा गुरुनानक पुरा तथा गुरुद्वारा कलगीधर से होते हुए पुनः वापस गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंची। इस दौरान तीनों गुरुद्वारों में संगत का भव्य स्वागत किया गया तथा चाय-नाश्ते की सेवा की गई।

23 नवम्बर को निकलेगा नगर कीर्तन

प्रकाश पर्व कमेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकाली



जाएगी। वहीं, 23 नवंबर को भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से दिन के 11 बजे आरंभ होकर समन्तो पंप, स्टेशन रोड, डॉक्टर गली और कलगीधर गुरुद्वारा से होते हुए गुरुद्वारा गुरुनानक पुरा पहुंचेगा और वहां से वापस गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आकर संपन्न होगा। नगर कीर्तन के दौरान समन्तो पंप के पास तथा वापसी पर गुरुद्वारा परिसर में संगत के लिए विशेष लंगर की व्यवस्था की जाएगी।

24 नवम्बर को मनाया जायेगा मुख्य प्रकाश पर्व

24 नवम्बर को मुख्य प्रकाश पर्व के अवसर पर दिन के 11:00 बजे से विशेष दीवान सजाया जाएगा। इसमें बाहर से आए रागी जत्था तथा स्थानीय जत्था अपने मधुर कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। दीवान की समाप्ति दोपहर 2:30 बजे होगी, जिसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। पुनः रात 11:00 बजे से विशेष दीवान आरंभ होगा, जो रात के 1:50 बजे गुरु महाराज का प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) मनाकर संपन्न होगा। इस संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान संगत के लिए विशेष लंगर और नाश्ते की सेवा अनवरत जारी रहेगी।

छठ महापर्व पर मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया, सेवा शिविर व्रतियों के बीच बांटे फल और बनाये चेंजिंग रूम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया: लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, झुमरी तिलैया शाखा द्वारा समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर शहर के विभिन्न छठ घाटों पर विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया गया। व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंच के सदस्यों द्वारा इंदरवा छठ घाट पर महिलाओं के लिए 5 अस्थायी चेंजिंग रूम (वस्त्र बदलने के कक्ष) की व्यवस्था की गई। इस पहल से घाट पर आने वाली माताओं और बहनों को काफी सहूलियत मिली, जिसकी स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की। इसके साथ ही, मंच की ओर से छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री के रूप में फलों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मंच



के अध्यक्ष मोहित संघई ने समस्त क्षेत्रवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच सदैव समाज के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन और जनसेवा के कार्यों के लिए तत्पर है। आगे भी मंच द्वारा इसी तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में मंच के कोषाध्यक्ष महावीर खेतान, उपाध्यक्ष प्रतीक संघई, शिवेश पचीसिया सहित सदस्य विष्णु चौधरी, शुभम चौधरी, आयुष केडिया, राज पचीसिया, पीयूष भोजकगड़िया, उमंग कंदोई और अन्य सक्रिय सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर गुमला के तीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला: धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस एवं जनजातीय गौरव उत्सव के दौरान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुमला जिले के तीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिले में जनजातीय शिक्षा को सशक्त बनाने तथा जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।उक्त कार्यक्रम के अवसर पर उपायुक्त



गुमला के निदेर्शानुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, डुमरी में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला कल्याण पदाधिकारी , प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरी, जनप्रतिनिधियों, जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, स्थानीय ग्रामीणों, विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों सहित सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने देखा एवं सुना। समारोह में जनजातीय संस्कृति और परंपराओं की आकर्षक झलक भी देखने को मिली। स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं वादन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। उपस्थित लोगों ने जनजातीय लोककला, संगीत और सांस्कृतिक विरासत का आनंद उठाया।

डोमचांच के ऐतिहासिक शिवसागर तालाब परिसर में आठ दिवसीय छठ मेले का भव्य उद्घाटन

डोमचांच: छठ महापर्व के अवसर पर डोमचांच के ऐतिहासिक शिवसागर तालाब परिसर में आयोजित आठ दिवसीय मेले का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश वर्मा, थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार और मेला समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया।?अतिथियों ने चौकी नंबर 11 के समीप फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। इसके पश्चात, सभी ने पैदल शिवसागर तालाब परिसर पहुँचकर पूजा पंडाल में भगवान भास्कर की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।?इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश वर्मा ने कहा कि छठ महापर्व हमारी अटूट आस्था और लोक परंपरा का प्रतीक है।

घाघरा छठ महापर्व आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक : डॉ. आशा लकड़ा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

घाघरा : लोक आस्था एवं सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा और भक्तिभाव के माहौल में संपन्न हो गया। घाघरा छठ नगर, पुटो रोड, जगबगीचा छठ पूजा समिति सहित विभिन्न गांवों के छठ घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्रतियों ने विधि-विधान एवं नेम-निष्ठा के साथ भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

छठ पर्व हमें प्रकृति के सम्मान और मानवता की सेवा की देता है प्रेरणा



इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने भी उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठी मइया की आराधना की। उन्होंने 36 घंटे का निर्जला व्रत पूर्ण श्रद्धा एवं आस्था के साथ संपन्न किया। डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि छठ महापर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, अटूट आस्था और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह पर्व हमें त्याग, तपस्या, अनुशासन, स्वच्छता और सामाजिक एकता का संदेश देता है। छठी मइया एवं भगवान सूर्यदेव से मेरी प्रार्थना है कि झारखंड के प्रत्येक परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे।

छठ पर मधुबनी कला के जरिये माताओं के त्याग और प्रेम को मिला सम्मान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

जमशेदपुर : छठ महापर्व के अवसर पर माताओं के त्याग, समर्पण और निस्वार्थ प्रेम को सम्मान देने की अनूठी पहल की गई है। सनफीस्ट मॉम्स मैजिक की ओर से हर घर की छठी मैया अभियान के तहत पटना के गांधी घाट के पास मधुबनी कला से सजी विशाल कलाकृति प्रदर्शित की गई है। सूर्य के आकार की इस कलाकृति में छठी मैया की छवि के साथ लोगों की साझा की गई तस्वीरों को भी शामिल किया गया है। अभियान के तहत परिवार डिजिटल माध्यम से छठ की यादें और मां के लिए संदेश साझा कर मधुबनी कला से प्रेरित स्मृति-चित्र तैयार कर सकते हैं। इसे व्हाट्सऐप के जरिए मां को भेजने की सुविधा भी है। पद्मश्री सम्मानित कलाकार दुलारी देवी ने विशेष कलाकृति तैयार की है। आईटीसी लिमिटेड के सूरज कथूरिया ने कहा कि पहल का उद्देश्य माताओं के निस्वार्थ प्रेम और देखभाल के प्रति आभार जताना है।

डीसी-एसपी ने सपरिवार किया विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण, छठव्रतियों से किया संवाद



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बोकारो : लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ के अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने सपरिवार विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद कर उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं। सेक्टर-4 स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट पर डीसी-एसपी ने भगवान भास्कर को नमन कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने सेक्टर-4 स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की।निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान युवाओं में डीसी-एसपी के साथ सेल्फी लने का भी उत्साह दिखा।

गणित के क्षेत्र में देश का नाम रोशन करने वाले जुड़वां बाल प्रतिभाओं ने उपायुक्त से की मुलाकात

बोकारो : प्रतिभाशाली जुड़वां भाई विराट माकेन एवं विराज माकेन ने सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गणित एवं सामान्य ज्ञान के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट उपलब्धियों और विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड के संबंध में उपायुक्त को जानकारी दी।महज 12 वर्ष की आयु में दोनों भाइयों ने अपनी असाधारण गणितीय प्रतिभा से देशभर में पहचान बनाई है। दोनों का नाम प्रतिष्ठित लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2024 में दर्ज है। इसके अलावा, गणित एवं सामान्य ज्ञान की श्रेणी में दोनों के नाम 36-36 विश्व रिकॉर्ड दर्ज होने की जानकारी दी। दोनों भाइयों को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), नई दिल्ली एवं प्रधानमंत्री ई-विद्या चैनल की ओर से उनकी असाधारण गणितीय प्रतिभा के लिए मैथमेटिक्स जीनियस ऑफ इंडिया' की उपाधि से सम्मानित किया गया है। कक्षा तीन में अध्ययनरत रहने के दौरान ही 11 अगस्त 2022 को दोनों एनसीईआरटी के स्टूडियो में प्रधानमंत्री ई-विद्या चैनल के कार्यक्रम में लाइव शामिल हुए थे।विराट एवं विराज की विशेष उपलब्धियों में 1 से 1000 तक के पहाड़े सुनाना, उल्टे क्रम में कठिन पहाड़ों का निर्धारित समय में उच्चारण करना, एक से 500 तक की संख्याओं के वर्ग एवं घन निकालना तथा बड़ी संख्याओं का त्वरित गुणा करना शामिल है। दोनों इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट (आईएसआई), कोलकाता में भी अतिथि वक्ता के रूप में 600 से अधिक विद्यार्थियों को संबोधित कर चुके हैं।

एक झलक

एनवीडिया के सीईओ पद पर लौट सकते हैं हुआंग

न्यूयार्क : दुनिया की सबसे बड़ी चिप कंपनी एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेन्सन हुआंग कंपनी की कमान फिर संभाल सकते हैं। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ इलॉन मस्क समेत सिलिकॉन वैली के कई बड़े कारोबारी उनकी वापसी के समर्थन में उतर आए हैं। हुआंग ने भी अपने करीबियों से इस बारे में चर्चा की है। समर्थक चाहते हैं कि उन्हें दोबारा कंपनी की जिम्मेदारी दी जाए। पिछले हफ्ते जेन्सन हुआंग के 3 महिलाओं से अफेयर होने की खबरें आई थीं। जेन्सन ने चीन की एलिस हुआंग से अफेयर की बात कबूली और 12 नवंबर को सीईओ पद इस्तीफा दे दिया। बाद में उनके एनवीडिया की दो महिला कर्मचारियों से अफेयर की खबरें भी आईं। अमेरिकी एजेंसियों को शक है कि एलिस चीनी जासूस हैं।

नींद में सो रहे 11 लोगों की जिंदा जलकर मौत

फुकेट : थाईलैंड के पॉपुलर टूरिस्ट प्लेस फुकेट के पातोंग में तडके भीषण आग लग गई। गहरी नींद में सो रहे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और इस दर्दनाक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है। वहीं इस हादसे में 36 लोग घायल भी हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, आग तडके करीब 3:20 बजे फांग मुआंग साई कोर रोड स्थित एक कमर्शियल बिल्डिंग में लगी। देखते ही देखते आग बढ़ गई और तेजी से आसपास की दूसरी इमारतों को भी अपनी चपेट में ले लिया, घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाडि?ां तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने करीब 40 से 50 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

यूरोप के क्रिसमस बाजारों पर सुरक्षा का साया

पेरिस : यूरोप के कई देशों में आगामी क्रिसमस बाजारों को संभावित आतंकी हमलों से बचाने के लिए कांक्रीट के बड़े ब्लॉकों और स्टील के खंभों से घेरा जा रहा है। जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्वीडन और ब्रिटेन जैसे देशों में यह उपाय विशेष रूप से अपनाए जा रहे हैं, ताकि संदिग्ध वाहनों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में घुसने से रोका जा सके। यह कदम दिसंबर 2016 में जर्मनी की राजधानी बर्लिन में और दिसंबर 2024 में मैकडेबर्ग शहर में हुए ट्रक और कार हमलों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है, जिसमें कई लोगों की जान गई थी। अपने ही नागरिकों को आतंकी हमलों से बचाने के लिए यूरोपीय देश अब इन भारी सुरक्षा अवरोधकों का सहारा ले रहे हैं। त्यौहारों का माहौल खराब न हो, इसके लिए इन कांक्रीट ब्लॉक्स को अक्सर क्रिसमस उपहारों या रंग-बिरंगे खिलौनों जैसा पेंट किया जाता है, ताकि लोग और बच्चे इनसे भयभीत न हों। यह सुरक्षात्मक सजावट लाखों यूरो का खर्च बढ़ा देती है, जिसका बोझ स्थानीय प्रशासन और दुकानदारों पर पड़ता है। बढ़ती सुरक्षा लागत के कारण कुछ छोटे शहरों में तो पारंपरिक क्रिसमस बाजार बंद तक हो गए हैं। भारत में कई हल्कों से इन यूरोपीय देशों की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं।

गुरुवार को मिलेंगे पुतिन, जिनपिंग व ट्रम्प

मॉस्को : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच गुरुवार को चीन में होने वाली प्रस्तावित बैठक का वैश्विक मामलों पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। क्रेमलिन ने सोमवार को यह बात कही। तीनों नेता चीन के शेनझेन शहर में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) मंच के शिखर सम्मेलन के दौरान एक साथ बैठक करेंगे। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने पत्रकारों को बताया कि यह मुलाकात चीनी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास पर होगी। उशाकोव ने कहा कि इस बैठक के महत्व और प्रतीकात्मक संदेश को कम करके नहीं आंका जा सकता।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने विधायकों से जनसेवा के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का किया आह्वान

एजेंसी

भुवनेश्वर : उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को भुवनेश्वर में 17वीं ओडिशा विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायकों से समर्पित जनसेवा के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और जनता के विश्वास को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय विकास को गति देने के लिए स्वस्थ बहस, सार्थक चर्चा और रचनात्मक सहयोग बेहद जरूरी हैं। उपराष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने के साथ विधायकों को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने में सक्षम बनाते हैं। भारत की प्राचीन लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने वैशाली की लोकतांत्रिक संस्थाओं और चोल शासनकाल की कुडवोलाई प्रणाली का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि भारत के सभ्यतागत इतिहास में लोकतंत्र की जड़ें गहराई तक फैली हुई हैं और भारत वास्तव में 'लोकतंत्र की जननी' होने का गौरव रखता है। उन्होंने ओडिशा के विधायकों से इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।



चुनावी जीत को सार्थक जनसेवा में बदलने पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, 'हम चुनाव में वोटों के माध्यम से जीतते हैं, लेकिन केवल अपनी सेवा के माध्यम से ही जनता का सम्मान अर्जित कर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि विधानसभा केवल वाद-विवाद का मंच नहीं है, बल्कि यहां तैयार होने वाली प्रत्येक नीति, उठाया जाने वाला प्रश्न और बनाया जाने वाला कानून लाखों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में ओडिशा की प्रगति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वर्ष 2036 में ओडिशा अपने अलग राज्य के गठन की शताब्दी मनाएगा। ऐसे में 'विजन ओडिशा-2036' के लक्ष्य को साकार कर राज्य को विकसित, समृद्ध और समावेशी बनाने की दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनप्रतिनिधि युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने तथा विकास को प्रत्येक गांव और परिवार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

विधानसभा की कार्यवाही में व्यवधान के मुद्दे पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि मतभेदों को जनता और संविधान के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता के मार्ग में बाधा नहीं बनना चाहिए। लोकतंत्र में अलग-अलग विचार होना स्वाभाविक है, लेकिन जनता और संविधान के प्रति सभी की प्रतिबद्धता समान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बहस, चर्चा और कभी-कभी होने वाले व्यवधान भी अंततः किसी सार्थक निष्कर्ष तक पहुंचने में सहायक होने चाहिए। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए स्वस्थ बहस और रचनात्मक सहयोग आवश्यक है। विधायकों को निरंतर अध्ययन और प्रशिक्षण की सलाह देते हुए उन्होंने विधायी नियमों एवं प्रक्रियाओं, बजट प्रक्रिया, समिति प्रणाली, संसदीय परंपराओं और नैतिकता की बेहतर समझ विकसित करने पर जोर दिया। उपराष्ट्रपति ने प्रश्नकाल और शून्यकाल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ये सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं और महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों को सदन में उठाने के प्रभावी अवसर प्रदान करते हैं।

सोशल मीडिया की जवाबदेही तय करने पर जोर : अश्विनी

एजेंसी

नयी दिल्ली : सरकार ने नागरिक समाज, बुद्धिजीवियों और डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संचालकों का आज आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया के कंटेट को उत्तरदायित्वपूर्ण बनाने के लिए और शिकायतों के निवारण के वास्ते एक प्रभावी तंत्र बनाने के लिए क्या ढांचा बनाया जाना चाहिए, इस पर गहन विचार मंथन करें ताकि सोशल मीडिया समाज को मजबूत बनाने में योगदान दे, ना कि कमजोर एवं विभाजित करे।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर भारतीय प्रेस परिषद की ओर से यहां आकाशवाणी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आज किसी की कोई स्पष्ट जिम्मेदारी नहीं है। प्लेटफॉर्म अपनी कम्युनिटी गाइडलाइंस और नीतियों के आधार पर आत्म नियमन करते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था पर्याप्त है? क्या नागरिकों की आवाज, शिकायतों के निवारण और उनके हितों की सुरक्षा के लिए केवल आत्म नियमन काफी है?

पत्रकारिता सनसनी या जिम्मेदारी विषय पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने मीडिया की बदलती भूमिका, तकनीकी विकास, सोशल मीडिया के प्रभाव और पत्रकारिता की जिम्मेदारी पर विस्तार से अपनी बात रखी और बीते दो तीन दशकों में मीडिया के क्षेत्र में जो बदलावों और आने वाले पांच साल में उससे कहीं अधिक परिवर्तनों को लेकर सजग किया। उन्होंने सोशल एवं डिजिटल मीडिया की चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक विज्ञापन, सिंथेटिक तरीके से तैयार किए गए फर्जी कंटेंट और म्यूचुअल फंड जैसे वित्तीय विषयों पर गुमराह करने वाले प्रचार की समस्या सामने आ रही है। वित्त मंत्रालय ने भी इस तरह के कई उदाहरण दिए हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दशार्ते हैं। ऐसे मामलों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध सामग्री के प्रति सचेत और सतर्क रहना चाहिए। केवल कम्युनिटी गाइडलाइंस बनाकर जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जाती, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उन नियमों का प्रभावी तरीके से पालन हो।



केंद्रीय मंत्री ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज खासकर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर उनके बैंक खातों से पैसे ठगे जा रहे हैं। इस तरह की घटनाओं में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की भी कुछ जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्लेटफॉर्म को इस बात के प्रति सचेत नहीं रहना चाहिए कि उनके यहां किस तरह का कंटेंट प्रसारित हो रहा है और उसका इस्तेमाल लोगों को ठगने के लिए तो नहीं किया जा रहा है?

वैष्णव ने कहा कि ये सभी ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर आज पूरी दुनिया में समाज, सरकारों, सिविल सोसाइटी और मीडिया के बीच गंभीर चर्चा और बहस चल रही है। मंत्री ने कहा कि नागरिकों को सशक्त करना, उन्हें अपनी बात रखने का अवसर देना और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराना जरूरी है। ऐसा मैकेनिज्म तैयार करना होगा, जिससे मीडिया और सोशल मीडिया दोनों के कारण समाज मजबूत हों, न कि कमजोर हो। इसके लिए सभी पक्षों को मिलकर चर्चा करनी होगी और एक साझा दृष्टिकोण तथा आम सहमति बनानी होगी।

दिल्ली-कानपुर के बीच नयी दैनिक ट्रेन कानपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानपुर सेंट्रल और आनंद विहार टर्मिनल के बीच नई दैनिक ट्रेन ह्यकानपुर एक्सप्रेसह्ल को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर कानपुर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी ने भी ट्रेन को रवाना किया। नई रेल सेवा से उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा तथा यात्रियों को कानपुर और दिल्ली के बीच आवागमन का एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। रेलवे की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, 428 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इस ट्रेन में आधुनिक एलएचबी के 22 डिब्बे होंगे। यह ट्रेन अपने मार्ग में फफूंद, इटावा, टूंडला, हाथरस, अलीगढ़, खुर्जा, दादरी और गाजियाबाद सहित कई प्रमुख औद्योगिक एवं व्यावसायिक केंद्रों को जोड़ेगी। इस ट्रेन से औरैया के औद्योगिक क्षेत्रों, एनटीपीसी और गेल के पाता संयंत्र, इटावा के कृषि क्षेत्र तथा फिरोजाबाद के कांच उद्योग को लाभ मिलेगा।

भारत समिट को लेकर भाजपा हमलावर, कहा

देश की छवि खराब करने में लगे हैं राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हैदराबाद में शनिवार को आयोजित भारत समिट को देश के खिलाफ बताते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वे भारत विरोधी शक्तियों को एकजुट करने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की छवि खराब करने में लगे हैं।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब गुजरात में निवेश समिट आयोजित की जाती थी। भाजपा शासित राज्यों में भी निवेश समिट के जरिए विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने और राज्यों की आर्थिक क्षमता को मजबूत करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस शासित राज्यों में ऐसे मंचों का इस्तेमाल देशहित के बजाय अराजकता फैलाने और भारत को अस्थिर करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को हैदराबाद में आयोजित भारत समिट ऐसा मंच था, जो भारत और तेलंगाना को मजबूती प्रदान कर सकता था, लेकिन इसका उपयोग भारत की छवि खराब करने के लिए किया गया। समिट में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मौजूदगी के दौरान पार्टी ऑफ यूरोपियन सोशलिस्ट्स के महासचिव जियाकोमो फिलिबेक ने मंच से ह्यवोट चोर, गद्दी छोड़ह्ल का नारा लगाया।

भाटिया ने सवाल किया कि जब एक विदेशी नेता भारतीय लोकतंत्र और जनादेश का उपहास उड़ा रहा था, तब राहुल गांधी ने उसे रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यह नहीं कहते कि भारत के लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया हमारे आंतरिक मामले हैं और किसी विदेशी नेता को इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। इसके बजाय राहुल ताली बजाते हैं और हंसते हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि समिट से जुड़े एक वीडियो क्लिप ने भारतीयों को आहत और शर्मिंदा किया है। राहुल गांधी का भारतीय लोकतंत्र पर विदेशी व्यक्ति की टिप्पणी के दौरान ताली बजाना और हंसना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी देश की भावनाओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है।

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान का खतरा

नयी दिल्ली : बंगाल की खाड़ी में बना डीप डिप्रेशन चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। इसे 'अकवान' नाम दिया जाएगा। चक्रवात के आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ? का खतरा है। मौसम विभाग ने 21 नवंबर तक आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, और ओडिशा में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। तेज हवाओं और ऊंची समुद्री लहरों की आशंका को देखते हुए मछुआरों को 20 नवंबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। इधर, राजस्थान में दो दिन हुई बारिश के बाद सोमवार को सर्दी बढ़ गई। यूपी के 21 जिलों में कोहरा छाया हुआ है। उत्तराखंड के केदारनाथ-बद्रीनाथ समेत चारों धाम में रविवार को बर्फबारी हुई।

मादक पदार्थों की खेप जब्त करने के मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार



एजेंसी

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मिजोरम के चम्फाई जिले में 236.33 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त किए जाने के मामले में एक और आरोपित नुरुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है। उसे 15 नवंबर को असम के सिलचर से गिरफ्तार किया गया। जब्त मादक पदार्थों की कीमत करीब 30.72 करोड़ रुपये आंकी गई है। एनआईए के अनुसार, जांच में नुरुल इस्लाम को म्यांमार से भारत के मुख्य भू-भाग तक मादक पदार्थों की तस्करी का मास्टरमाइंड पाया गया है। वह अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के जरिए इस खेप को भारत लाने में शामिल था। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से मोबाइल फोन और मेमोरी कार्ड सहित कई डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए। यह मामला मई 2025 में चम्फाई जिले में 236.33 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त किए जाने से जुड़ा है। मामले में पहले मिजोरम के दो, त्रिपुरा के दो और असम के एक आरोपित सहित पांच लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।

बायोगैस तकनीक के अग्रणी वैज्ञानिक राम बक्स सिंह के सम्मान में डाक टिकट जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली : डाक विभाग ने बायोगैस तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी योगदान देने वाले वैज्ञानिक राम बक्स सिंह (1925-2016) के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किया है। यह टिकट 13 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जारी किया गया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले और दिल्ली सर्किल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कर्नल अखिलेश कुमार पांडेय ने मंत्री के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त रूप से डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।



राम बक्स सिंह ने खासतौर पर ग्रामीण समुदायों के लिए टिकाऊ ऊर्जा समाधान के रूप में बायोगैस तकनीक के विकास और प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने 1957 में उत्तर प्रदेश के सीतापुर में देश के शुरूआती सफल गोबर गैस संयंत्रों में से एक का उद्घाटन किया था। इसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश के अजीतमल में एशिया के पहले गोबर गैस अनुसंधान केंद्र में 16 वर्ष तक प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्होंने 15 से अधिक देशों में नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ी पहलों में भी योगदान दिया।

उनके कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली। वर्ष 1975 की अमेरिकी सीनेट रिपोर्ट और 'मदर अर्थ न्यूज' जैसे प्रकाशनों में उनके काम का उल्लेख किया गया। उन्होंने बायोगैस तकनीक पर कई पुस्तकें भी लिखीं। उनकी पुस्तक 'बायोगैस प्लांटः जेनरेटिंग मीथेन फ्रॉम ऑर्गेनिक वेस्ट्स' अमेरिकी लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस की सूची में शामिल है। उनके शोधपत्रों और पेशेवर अभिलेखों को सितंबर 2023 में राष्ट्रीय अभिलेखागार ने अपने संग्रह में शामिल किया था। इन दस्तावेजों को 'अभिलेख पटल' पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप दिया गया है।

इंडिया बिएनाले की तैयारियों को लेकर बैठक

नयी दिल्ली : इंडिया आर्ट, वास्तुकला और डिजाइन बिएनाले (आईएएडीबी) 2026 की तैयारियों को लेकर सोमवार को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सह अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में 4 दिसंबर से 21 मार्च 2027 तक दिल्ली में 108 दिनों तक चलाने वाले इस आयोजन के विभिन्न पहलुओं, विभागवार जिम्मेदारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने और आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

साई पल्लवी ने पुलिस अफसर बनने के लिए बदला लुक

मुंबई : 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली रामायण में सीता के किरदार के बाद, अभिनेत्री साई पल्लवी अपनी आगामी फिल्म ओमः चैप्टर 1 उधिरमः द ब्लड वुड में एक बिल्कुल ही अलग अवतार में दर्शकों के सामने होंगी। इस फिल्म में वह एक तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जिसे लाल चंदन की अवैध तस्करी की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। इस चुनौती भरे किरदार के लिए साई ने एक बड़ा कदम उठाया है उन्होंने अपने बाल छोटे करवा लिए हैं। उनके इस नए लुक को देखकर उनके माता-पिता भी हैरान रह गए, जिस पर अब अभिनेत्री ने खुलकर बात की है। एक इंटरव्यू में साई पल्लवी ने अपने बाल कटवाने के पीछे की वजह बताई। उन्होंने कहा, मैंने अपने बाल कटवाए क्योंकि कहानी सुनने और अपने किरदार को समझने के बाद मुझे लगा कि यह आवश्यक है। मुझे स्क्रिप्ट इतनी पसंद आई कि मैं इस बदलाव के लिए तैयार हो गई। उन्होंने बताया कि बाल कटवाने के बाद जब उन्होंने वीडियो कॉल पर अपनी मां को नया लुक दिखाया, तो वह हैरान रह गईं और ढेर सारे सवाल पूछने लगीं। मां ने तो कॉल भी काट दिया। बाद में उनके पिता ने फोन करके पूछा कि क्या उन्होंने विग पहनी है।



आजादी के बाद आयी सरकारों ने जनजातीय नायकों के योगदान को भुला दिया : मोहन

एजेंसी

भोपाल : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महान क्रांतिकारी और जननायक बिरसा मुंडा सहित अनेक जनजातीय नायकों ने देश की आजादी के लिए जनजातीय क्षेत्रों में अलख जगाई, लेकिन आजादी के बाद आई सरकारों ने हमारे जनजातीय महापुरुषों के योगदान को भुला दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को शहडोल जिले ब्यौहारी में आयोजित जनजातीय गौरव सप्ताह के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जननायक बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में अपने संघर्ष से तत्कालीन ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती दी। वे जल, जंगल और जमीन के लिए अपने कार्यों के आधार पर पूज्यनीय हो गए।

उन्होंने कहा कि वीर नायक भगवान बिरसा मुंडा ने देश और समाज के लिए अपना बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देशभर में बिरसा मुंडा की जयंती राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। अब 15 नवंबर की तिथि राष्ट्रीय गौरव का दिन बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का किया अनावरण

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण कर तथा आदि पूजा के साथ किया। उन्होंने शहडोल जिले को 357.71 करोड़ रुपये के 82 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 8.64 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए 10 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 349.07 करोड़ रुपये लागत के 72 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में देश के 8 से 10 राज्यों से कोल समाज के भाई-बहन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, क्षेत्रीय सांसद डॉ. राजेश मिश्रा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी से सिंगरौली तक फोर लेन सड़क बनाने, ब्यौहारी विधानसभा में 10 करोड़ रुपए लागत से 18 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क बनाने, हनुमान मंदिर तक सुगम आवागमन के लिए 13 करोड़ लागत से बनने वाली सड़क को मंजूर करने, मऊ से चरखारी तक नई सड़क बनाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने शहडोल में डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक सुविधाओं से लैस ऑडिटोरियम बनाने, संजय टाइगर रिजर्व के लिए नया प्रवेश द्वार बनाने, हाथियों के सर्वेक्षण के लिए विशेष टीम शहडोल भेजने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि शहडोल में नये इंडस्ट्रियल पार्क का जल्द ही भूमि-पूजन होगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने अब तक 85 हजार पदों पर भर्ती की है, आगे भी 2 लाख नए पदों पर नौकरी दी जाएगी।



- जनजातीय गौरव सप्ताह अंतर्गत ब्यौहारी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, 357.71 करोड़ के 82 विकास कार्यों की दी सौगात

भगवान बिरसा मुंडा ने धर्मांतरण के खिलाफ लड़ाई लड़ी

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने धर्मांतरण के खिलाफ लड़ाई लड़ी और विजय हासिल की। उन्होंने देश-धर्म के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया। अपना देश, अपना राज का उद्घोष करने वाले बिरसा मुंडा जनजातीय अस्मिता के महानायक थे। जननायक वीर बुद्धु भगत और मदारा महतो ने 1831 और 1832 में अद्वितीय लड़ाई लड़ी। उन्हें भी जनजातीय सप्ताह के कार्यक्रम में स्मरण कर रहे हैं। राज्य सरकार ने वीरांगना रानी दुर्गावती का स्मरण कर जबलपुर से इस सप्ताह का शुभारंभ किया था। इसके बाद धार में लगभग 1400 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना की सौगात दी गई।

एक झलक

जय शाह को भारतीय क्रिकेट जगत ने दी बधाई

नयी दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में जय शाह की लगातार दूसरी बार निर्विरोध नियुक्ति पर भारतीय क्रिकेट जगत से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई),बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास, भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर, दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली, केएल राहुल, मिताली राज, हरभजन सिंह और शिखर धवन सहित कई खिलाड़ियों ने शाह को नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर शाह को बधाई दी। बोर्ड ने लिखा, ह्बाली में वैश्विक क्रिकेट संस्था की बोर्ड बैठकों के दौरान आईसीसी अध्यक्ष के रूप में लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध पुनर्नियुक्त होने पर जय शाह को बधाई। हम कामना करते हैं कि आप अपने प्रयासों में लगातार सफलता हासिल करें और क्रिकेट को हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

लिटन दास ने करायी बांग्लादेश की शानदार वापसी

जोहान्सबर्ग : युवा बल्लेबाज तौहीद हृदोय और अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास की शानदार पारी से बांग्लादेश ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन खराब शुरूआत से उबरकर दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी अपनी पहली पारी में 6 विकेट पर 327 रन बना लिए थे। तौहीद 137 रन बनाकर आउट हुए जबकि लिटन दास 92 रन बनाकर खेल रहे थे। वहीं पारी की शुरूआत में बांग्लादेश ने केवल 22 रनों पर 3 विकेट खो दिए थे, लेकिन हृदोय और दास ने छठे विकेट के लिए 206 रन की बड़ी साझेदारी करके टीम को संभाला। वहीं मेजबान टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने 51 रन देकर 5 विकेट लेकर बांग्लादेश को शुरूआत में ही दबाव में ला दिया पर लिटन और तौहीद की पारी से टीम संभल गयी। से टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेशी टीम के सलामी बल्लेबाज ओपनर महफिजुल इस्लाम पहली ही गेंद पर रबाडा का शिकार हुए।

गेंदबाज जिताते हैं सीरीज : गम्भीर

हैमिल्टन : भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने न्यूजीलैंड में एकदिवसीय सीरीज जीतने केा बाद गेंदबाजों की जमकर प्रशंसा की है। गंभीर ने कहा कि जिस प्रकार से गेंदबाजों ने कम स्कोर का भी बचाव करते हुए पांचवें एकदिवसीय में टीम को जीत दिलायी है उससे उनके महत्व का अंदाजा होता है। भारतीय गेंदबाजों ने पांचवें और अंतिम एकदिवसी में 210 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए मेजबान टीम को 187 रनों पर ही आउट कर भारतीय टीम को 22 रनों से जीत दिला दी थी। इससे टीम ने 3-1 से सीरीज जीती। इस जीत के बाद गंभीर ने सोशल मीडिया पर गेंदबाजों की अहमियत को रेखांकित करते हुए लिखा, गेंदबाज आपको सीरीज जिताते हैं। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी इस जीत को बड़ी उपलब्धि बताया, खासकर न्यूजीलैंड के लगातार बदलते मौसम और चुनौतीपूर्ण खेल हालातों को देखते हुए।

आईएसपीएल : चौथे सत्र की नीलामी

आठों टीमों का मूल्य 10.40 करोड़ पार

▶ अभिषेक डालहोर सबसे महंगे खिलाड़ी, सरोज परमानिक रहे सबसे महंगे नए खिलाड़ी



एजेंसी

मुंबई : इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) के चौथे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में आठों फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमें पूरी कर ली हैं। टेनिस बॉल से खेले जाने वाले इस टी10 क्रिकेट टूनार्मेंट की नीलामी में कुल 144 खिलाड़ियों पर बोली लगी और सभी टीमों का संयुक्त मूल्य 10.40 करोड़ रुपये से अधिक रहा। अहमदाबाद लायंस ने ऑलराउंडर सरोज परमानिक को 28.55 लाख रुपये में खरीदकर नीलामी का सबसे महंगा नया खिलाड़ी बनाया। माझी मुंबई के रिटेन किए गए ऑलराउंडर अभिषेक डालहोर 34.65 लाख रुपये के मूल्य के साथ सभी खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे। माझी मुंबई ने राइट टू मैच (आरटीएम) विकल्प का इस्तेमाल करते हुए पिछले सत्र के कप्तान विजय पावले को 23.40 लाख रुपये में दोबारा टीम में शामिल किया। फाल्कन राइजर्स हैदराबाद ने गेंदबाज अनुराग सरशर को 22 लाख रुपये में खरीदा, जबकि ऑलराउंडर प्रवीण कुमार को आरटीएम के जरिए 21.50 लाख रुपये में टीम में वापस लाया गया। अहमदाबाद लायंस ने अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करते हुए फर्डीन काजी को 20.50 लाख और संजय कनोजिया को 20.25 लाख रुपये में खरीदा। चेन्नई सिंगम्स ने आरटीएम विकल्प का इस्तेमाल कर केतन म्हात्रे को 20.05 लाख रुपये में फिर से टीम में शामिल किया। नीलामी में आईएसपीएल कोर कमेटी के सदस्यों के साथ कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार, सचिन तेंदुलकर और सूरज सामत मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य चयनकर्ता जतिन परांजपे और प्रवीण आमरे के अलावा टाइगर्स ऑफ कोलकाता फ्रेंचाइजी के सह-मालिक सैफ अली खान और करीना कपूर खान भी उपस्थित थे।

सचिन ने ब्रिटेन के प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट के साथ खेला गली क्रिकेट



एजेंसी

मुंबई : भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने सोमवार सुबह ब्रिटेन के प्रिंस ऑफ वेल्स विलियम और प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट के साथ मुंबई में गली क्रिकेट खेला। बल्लार्ड एस्टेट में आयोजित इस खास सत्र के दौरान वहां मौजूद स्कूली बच्चों ने तीनों का उत्साह बढ़ाया और क्रिकेट का आनंद लिया। सचिन ने सड़क पर बल्ले और गेंद दोनों से अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले प्रिंस विलियम के खिलाफ बल्लेबाजी की और बाद में प्रिंसेस केट को गेंदबाजी भी की। इस दौरान विलियम और केट ने भी बल्ला थामकर क्रिकेट खेला। वहां मौजूद बच्चों को भी बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने का मौका मिला। बच्चों ने अतिथियों के सामने अपना खेल दिखाने की कोशिश की। क्रिकेट सत्र से पहले सचिन ने प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट के साथ कुल्हड़ वाली चाय का आनंद भी लिया। तीनों को पास की एक दुकान से कुल्हड़ में चाय पीते हुए देखा गया। ब्रिटेन का शाही दंपती तीन दिवसीय भारत दौरे पर है। वे मुंबई में छठे वार्षिक अर्थशॉट पुरस्कार समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं। मंगलवार को पुरस्कार समारोह में हिस्सा लेने के बाद दोनों नई दिल्ली जाएंगे। यहां बुधवार को उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात प्रस्तावित है। विलियम और केट की यह दूसरी आधिकारिक भारत यात्रा है। इससे पहले दोनों अप्रैल 2016 में भारत आए थे।

भारत को मिली दो आईसीसी टूर्नामेंटों की मेजबानी



एजेंसी

दुबई : अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है की साल 2029 की चैंपियंस ट्रॉफी और 2031 का एकदिवसीय विश्वकप भारत में खेला जाएगा। इस प्रकार अगले पांच साल में दो बड़े आईसीसी टूनार्मेंट भारत में खेले जाएंगे। विश्व कप के कुछ मैच बांग्लादेश में भी खेले जाएंगे। 2029 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी भारत में खेली जाएगी, जबकि 2031 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए भारत और बांग्लादेश संयुक्त मेजबान होंगे। आईसीसी द्वारा जारी इस विस्तृत कैलेंडर में क्रिकेट के वैश्विक विस्तार और कई देशों को बड़े आयोजनों का अवसर देने पर जोर दिया गया है। आईसीसी ने साल 2028 के लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के लिए क्वालीफाइंग मुकाबलों के मेजबान देशों और उनकी तारीखों की भी घोषणा की है। पुरुषों का क्वालिफायर 5 से 13 फरवरी 2028 तक बांग्लादेश में आयोजित होगा, जबकि महिला क्रिकेट क्वालीफायर टूनार्मेंट 26 फरवरी से 5 मार्च तक अमेरिका में खेला जाएगा। इन अहम मुकाबलों के जरिए ही ओलिंपिक में प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा, आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्यलूटीसी) के आगामी दो फाइनल्स के लिए भी मेजबानों की घोषणा की है। 2029 और 2031 के फाइनल्स की मेजबानी इंग्लैंड को मिली है। वहीं 2029 का फाइनल 8 से 12 जून तक और 2031 का मुकाबला 12 से 16 जून तक खेला जाएगा। इसमें दो टीमें साल में विभिन्न देशों के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलती हैं, जिसके बाद अंक तालिका की शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचती हैं। 2033 और 2035 के फाइनल्स की तारीखें भी तय कर दी गई हैं और ये दोनों जून में ही खेले जाएंगे।

इंग्लैंड ने स्पेन को 3-2 से हराया

नेशंस लीग मुकाबल



एजेंसी

मैड्रिड : इंग्लैंड ने रविवार को नेशंस लीग मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए यूरो और विश्व कप विजेता स्पेन को उसी के घरेलू मैदान पर 3-2 से हरा दिया। इस हार के साथ ही स्पेन का लगातार 43 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान समाप्त हो गया। टीम को मार्च 2024 में कोलंबिया के खिलाफ 0-1 की हार के बाद पहली बार शिकस्त झेलनी पड़ी है। इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ पूरे मुकाबले में आक्रामक दबाव बनाए रखा। विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी इंग्लिश टीम की तेज प्रेसिंग के सामने स्पेनिश खिलाड़ी लगातार परेशानी में नजर आए।इंग्लैंड की ओर से कप्तान हैरी केन ने पेनल्टी पर गोल किया। यह इंग्लैंड के लिए उनका 93वां गोल रहा। इसके अलावा डिफेंडर एजरी कोंसा और बेन व्हाइट ने भी गोल दागे। स्पेन की ओर से मिकेल ओयारजाबल ने पेनल्टी पर गोल किया, जबकि निको विलियम्स ने दूसरा गोल किया। बार्सिलोना के स्टार खिलाड़ी लामिन यामल की इन दोनों गोलों में अहम भूमिका रही। मुकाबले के अंतिम चरण में स्पेन ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर जेम्स ट्रैफर्ड ने कई शानदार बचाव कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। क्वार्टर फाइनल का ड्रॉ शुक्रवार को निकाला जाएगा।

दूसरी बार आईसीसी चेयरमैन बने जय शाह



एजेंसी

बाली : जय शाह एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) चेयरमैन चुने गये हैं। इंडोनेशिया के बाली में आयोजित आईसीसी बोर्ड कमेटी की बैठकों में जय शाह को दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया। शाह ने दोबारा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने पर बोर्ड का आभार जताते हुए कहा है कि उनका लक्ष्य दुनिया भर में क्रिकेट का विस्तार करने के साथ ही 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में खेल की वापसी रहेगा।

गौरतलब है कि यह लगातार दूसरा अवसर है जब जय शाह को बिना किसी विरोध के इस प्रतिष्ठित पद के लिए चुना गया है। ये आईसीसी बोर्ड के उनके नेतृत्व में गहरे विश्वास को दिखाता है। आईसीसी की ओर से जारी घोषणा में बताया गया कि बोर्ड के सभी निदेशकों ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा और उनके अब तक के कार्यों पर भरोसा जताते हुए उन्हें अगले कार्यकाल के लिए स्वीकृति दी। बोर्ड के सदस्यों ने इस बात पर भी जोर दिया कि क्रिकेट वर्तमान में वैश्विक स्तर पर अपने विस्तार के एक अहम दौर से गुजर रहा है, और ऐसे समय में शाह का अनुभव और दूरदर्शिता संस्था के भविष्य लिए मूल्यवान साबित होगी। अपनी दोबारा नियुक्ति पर, शाह ने आईसीसी बोर्ड और सभी सदस्य देशों का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, आईसीसी बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं सभी निदेशकों का उनके निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं। आईसीसी के चेयरमैन के रूप में काम करना मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है, और मैं दुनिया भर में क्रिकेट के हितों को आगे बढ़ाने के लिए अपने सभी सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। वह इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के भी अध्यक्ष रहे हैं।

दोहा विश्व चैंपियनशिप में भारत ने रचा इतिहास

2028 ओलंपिक के लिए पहले ही मुकाबले में मिले तीन कोटा



एजेंसी

नयी दिल्ली : भारतीय निशानेबाजों ने दोहा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 के लिए तीन कोटा स्थान हासिल किए हैं। इसके साथ ही भारत ने कम से कम पिछले पांच ओलंपिक चक्रों में अपनी सबसे शानदार शुरूआती ओलंपिक क्वालीफिकेशन उपलब्धि दर्ज की है। लंदन ओलंपिक-2012 से लेकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 तक के पांच लगातार ओलंपिक चक्रों में यह पहला अवसर है, जब भारतीय निशानेबाजों ने पहले ही क्वालीफाइंग टूनार्मेंट में तीन कोटा हासिल किए हैं। खास बात यह है कि तीनों कोटा राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पधाओं में विश्व चैंपियनशिप के पदक जीतकर मिले हैं। जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। इसके बाद नीरज कुमार ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक हासिल किया, जबकि विवान कपूर ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत को तीसरा ओलंपिक कोटा दिलाया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्ब्रओलंपिक चक्र की शुरूआत में ही पहली विश्व चैंपियनशिप में तीन कोटा हासिल करना इससे जुड़े सभी लोगों के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है। मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि राइफल, पिस्टल और शॉटगन तीनों स्पधाओं में पदक मिले हैं। आमतौर पर इस तरह की लय बनने में कुछ विश्व कप लग जाते हैं। ऐसे में इतनी जल्दी तीन कोटा हासिल होने से टीम पर दबाव काफी कम होगा और हमारे कोचिंग स्टाफ को लॉस एंजिलिस की तैयारी की योजना बनाने के लिए स्पष्ट दिशा मिलेगी। दोहा में भारत का प्रदर्शन पिछले चार ओलंपिक चक्रों की शुरूआती क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं से बेहतर रहा। लंदन ओलंपिक-2012 से पहले 2010 में म्यूनिख विश्व चैंपियनशिप में भारत ने दो कोटा हासिल किए थे।

मीरा एंड्रीवा ने की सर्वश्रेष्ठ वर्ल्ड नंबर-2 रैंकिंग हासिल

28.4 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिली



एजेंसी

इंडियन वेल्स : रूसी टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने रविवार को इतिहास रचते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब जीता। 19 वर्षीय एंड्रीवा ने अमेरिका के इंडियन वेल्स में खेले गए फाइनल मुकाबले में यूक्रेन की अनुभवी खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से पराजित किया। इस शानदार जीत के साथ, उन्होंने पूरे टूनार्मेंट में एक भी सेट गंवाए बिना सभी पांच मैच जीते और अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ वर्ल्ड नंबर-2 रैंकिंग हासिल की। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 33.7 लाख डॉलर (लगभग 28.4 करोड़ रुपये) की इनामी राशि और एक अल्ट्रावॉयलेट पर्पल मर्सिडीज-बेंज कन्वर्टिबल कार से नवाजा गया। एंड्रीवा की जीत इसलिए भी अहम रही क्योंकि वह बिना कोई सेट गंवाए डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीतने वाली 11वीं खिलाड़ी बन गई हैं। इस विशिष्ट क्लब में क्रिस एवर्ट, मार्टिना नवरातिलोवा और सेरेना विलियम्स जैसी दिग्गज शामिल हैं। करीब दो घंटे चले फाइनल मुकाबले में एंड्रीवा ने आखिरी छह में से पांच गेम जीतकर अपनी जीत पक्की की। दूसरे सेट में स्वितोलिना ने वापसी की कोशिश की, लेकिन आखिरी दो गेम में वे सिर्फ दो अंक ही जीत सकीं। मैच के बाद कोर्ट पर दोनों खिलाड़ियों के बीच परंपरा के मुताबिक हाथ नहीं मिलाए गए। यह 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद यूक्रेन टेनिस फेडरेशन द्वारा अपने खिलाड़ियों को रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने की नीति का पालन था। वहीं उपविजेता रहीं एलिना स्वितोलिना को 15 लाख डॉलर (करीब 12.6 करोड़ रुपये) मिले।

14 वर्षीय घुड़सवार तारिणी लोढ़ा एफईआई ड्रेसाज विश्व चैलेंज में लेंगी हिस्सा



एजेंसी

मुंबई : मुंबई की 14 वर्षीय उभरती घुड़सवार खिलाड़ी तारिणी लोढ़ा एफईआई ड्रेसाज विश्व चैलेंज 2026 के दक्षिण क्षेत्र मुकाबले में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह प्रतियोगिता 16 से 20 नवंबर तक बेंगलुरु के सर्ज स्टेबल्स में आयोजित होगी। मुंबई के एमेच्योर राइडर्स क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए तारिणी राष्ट्रीय स्तर पर अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगी।ड्रेसाज में विशेषज्ञता रखने वाली तारिणी इससे पहले शो जंपिंग में भी हिस्सा ले चुकी हैं। उन्होंने कॉन्कोर्स सॉट नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। 10 वर्ष की उम्र में प्रतिस्पर्धी घुड़सवारी शुरू करने वाली तारिणी चेन्नई इक्विटेशन सेंटर में कोच इसाबेल हसलेडर और मुंबई के एमेच्योर राइडर्स क्लब में कोच बोबिन शेरिंग के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेती हैं। वह सप्ताह में पांच दिन घुड़सवारी का अभ्यास करती हैं। इसके साथ ही फिटनेस और शारीरिक मजबूती के लिए भी नियमित प्रशिक्षण लेती हैं।

तारिणी की अब तक की यात्रा में उनके घोड़े ह्यनॉक आउटह्ल की अहम भूमिका रही है। दोनों ने 2025 में बेंगलुरु में आयोजित इक्वेस्ट्रियन प्रीमियर लीग में चिल्ड्रेन-1 ड्रेसाज स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। इस दौरान उन्होंने 65.841 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। दिसंबर 2025 में आयोजित जूनियर नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप में भी तारिणी और नॉक आउट ने शानदार प्रदर्शन किया।

पाक के खिलाफ खिताबी मुकाबले में भारत की नजरें ऐतिहासिक हैट्रिक पर

सैफ चैंपियनशिप



एजेंसी

ढाका : गत चैंपियन भारतीय फुटबॉल टीम मंगलवार को यहां राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी। भारतीय टीम की नजरें लगातार तीसरी बार खिताब जीतकर इतिहास रचने और अपना 10वां खिताब हासिल करने पर होंगी। भारत ने अब तक रिकॉर्ड नौ बार सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीता है। टीम ने 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015, 2021 और 2023 में यह उपलब्धि हासिल की है। हालांकि, भारतीय टीम अब तक लगातार तीन संस्करणों में खिताब नहीं जीत सकी है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की वेबसाइट के अनुसार, भारत ने 15 संस्करणों में से 14 में शीर्ष दो में जगह बनाई है। केवल 2003 में टीम फाइनल तक नहीं पहुंच सकी थी।

दूसरी ओर, पाकिस्तान पहली बार सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है। टीम इससे पहले चार बार सेमीफाइनल तक पहुंची थी, जिसमें पिछला मौका 2018 में आया था। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने मेजबान बांग्लादेश को 1-0 से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब्दुल समद ने 86वें मिनट में निर्णायक गोल किया। भारतीय टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने फाइनल में पहुंचने पर खुशी जताते हुए खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सामूहिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा, अब तक टीम का सफर देखकर मैं बहुत खुश हूं। एक और फाइनल में पहुंचना खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयास का नतीजा है। इस दौरान हमें कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन खिलाड़ियों ने अपने चरित्र, जुझारूपन और प्रतिस्पर्धा करने की मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय दिया। हर मुकाबला सीखने और सुधार करने का अवसर रहा है और अब हमें एक और महत्वपूर्ण कदम उठाना है। भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला ग्रुप-बी में 5 नवंबर को हुए मैच का दोहराव होगा। उस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-2 से हराया था। सुहैल अहमद भट ने दो गोल किए थे, जबकि मंगलेंथांग किपगेन ने एक गोल दागा था। भारतीय टीम ने 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन पाकिस्तान ने इंजरी टाइम में दो गोल करके मुकाबले को रोमांचक बना दिया था। इसके बावजूद भारत ने जीत हासिल की थी।



लंदन में महिला सुपर लीग फुटबॉल में खेलती हुई आर्सेनल और लंदन सिटी लायोनेस की टीमें।

एक झलक

थोक मुद्रास्फीति में बड़ा उछाल, 12.29 फीसदी पहुंची

नई दिल्ली । अक्टूबर में थोक मुद्रास्फीति एक बार फिर बढ़कर 12.29 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो सितंबर के 11.39 प्रतिशत से काफी अधिक है। ईंधन एवं बिजली, खाद्य पदार्थों, खनिजों और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी उछाल इस वृद्धि के प्रमुख कारण रहे हैं, जिससे आम जनता और उद्योगों दोनों पर दबाव बढ़ रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, ईंधन एवं बिजली की महंगाई अक्टूबर में 32.84 प्रतिशत रही, जो सितंबर में 25.85 प्रतिशत थी।

रुपया छह पैसे चढ़कर 94.13 प्रति डॉलर पर खुला

मुंबई । रुपया सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरूआती कारोबार में छह पैसे चढ़कर 94.13 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख से घरेलू मुद्रा को बल मिला। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच अनिश्चितता के बीच डॉलर में मजबूती और अमेरिकी कोष बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.22 प्रति डॉलर पर खुला।

सीएनजी महंगी, निवेशकों का बाजारों पर भरोसा बरकरार

मुंबई। मुंबईकरों पर महंगाई की एक और मार पड़ी है, क्योंकि सीएनजी की कीमतें 1.50 रुपए प्रति किलो बढ़ गई हैं। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर यह है कि विदेशी निवेशक नवंबर के शुरूआती 13 दिनों में ही भारतीय बाजारों में 84,290 करोड़ रुपए का भारी निवेश कर चुके हैं। मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में सीएनजी 1.50 रुपए प्रति किलो महंगी हो गई है।

महानदी कोलफील्ड्स का आईपीओ 19 को खुलेगा

नई दिल्ली। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) अपने 8,981 करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के साथ बाजार में उतरने की तैयारी में है। ओडिशा स्थित इस कंपनी ने अपने शेयरों के लिए 129-136 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह निर्गम 19 नवंबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 23 नवंबर को बंद हो जाएगा।

भारत-मिस्र का महत्वाकांक्षी लक्ष्य, 12 अरब डॉलर व्यापार का रोडमैप

गैर-शुल्क बाधाएं हटाने और बाजार पहुंच बेहतर करने पर जोर

संयुक्त कार्य समूह गठित करने का लिया निर्णय

एजेंसी

काहिरा । भारत और मिस्र ने द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 6.5 अरब डॉलर से बढ़ाकर 12 अरब डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। इसके लिए दोनों देशों ने गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सुगम बनाने और बाजार तक पहुंच बेहतर करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह विचार-विमर्श रविवार को हुई भारत-मिस्र संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक में हुआ, जिसकी सह-अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और मिस्र के निवेश एवं विदेश व्यापार मंत्री मोहम्मद फरीद सालेह ने की। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों ने एक तरजीही व्यापार समझौते या मुक्त व्यापार समझौते की संभावनाओं पर विचार करने हेतु एक संयुक्त कार्य समूह गठित करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, उत्पादों के पंजीकरण और व्यापार संबंधी नियामकीय प्रक्रियाओं सहित कारोबारी गतिविधियों को प्रभावित करने वाले मुद्दों के समाधान पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। दोनों पक्षों ने मौजूदा व्यापार संबंधों की समीक्षा करते हुए इसे 12 अरब डॉलर तक ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, साथ ही व्यापार में विविधता लाने, मूल्यवर्धित निर्यात को बढ़ावा देने और व्यापार संबंधी चुनौतियों का समाधान करने पर जोर दिया। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में दवा एवं चिकित्सा उपकरण, इंजीनियरिंग, बिजली उपकरण, उर्वरक, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा और उभरती प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। दोनों देशों ने संयुक्त विनिर्माण और निवेश को प्रोत्साहित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया।



मिस्र ने भारतीय कंपनियों को विशेष निवेश क्षेत्र स्थापित करने का अनुमती

मिस्र ने भारत के साथ आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की इच्छा व्यक्त करते हुए भारतीय कंपनियों से अपने देश में विशेष निवेश क्षेत्र या मुक्त व्यापार क्षेत्र स्थापित करने का आग्रह किया है। मिस्र ने इसके लिए जमीन और हरसंभव मदद की पेशकश की है, जिसका वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने स्वागत किया। मिस्र के निवेश एवं विदेशी व्यापार मंत्री मोहम्मद फरीद सालेह ने भारतीय कारोबारियों से स्वेज नहर और गोल्डन ट्रायंगल जैसे आर्थिक क्षेत्रों में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से भारत के लिए एक ऐसा क्षेत्र बनाने का सुझाव दिया।

हॉलमार्क सोने की शुद्धता सवालों के घेरे में

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी ऑडिट संस्था, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने सरकारी एजेंसी ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) के कामकाज पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कैग की ड्राफ्ट रिपोर्ट के अनुसार, बीआईएस बाजार में बिक रहे हॉलमार्क सोने की शुद्धता पर प्रभावी ढंग से निगरानी नहीं रख पा रही है, जिससे करोड़ों ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी होने का खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि नियम के मुताबिक, बीआईएस को हर साल ज्वैलर्स की दुकानों का निरीक्षण करना होता है। लेकिन पिछले पांच सालों (2020-21 से) में, बीआईएस 80 फीसदी से अधिक रजिस्टर्ड ज्वैलर्स की दुकानों पर जांच के लिए गया ही नहीं। वर्ष 2024-25 में भी 28,865 लाइसेंसधारकों में से केवल 5,444 की ही जांच हुई, यानी करीब 81 फीसदी दुकानों को चेक नहीं किया गया। इतना ही नहीं, गहनों की शुद्धता परखने वाले जांच केंद्रों (एएचसी) की निगरानी में भी बीआईएस अपने लक्ष्य से करीब 44 फीसदी पीछे रहा। कैग ने इस लापरवाही के पीछे लाइसेंस बांटने के बाद निगरानी न करना, जांच केंद्रों की अनदेखी जैसे कारण बताए हैं। बीआईएस ने अपनी सफाई में कर्मचारियों की कमी का हवाला दिया।



फॉरएवर 52 ने भूमिका बहल के साथ मिलाया हाथ

भारतीय मेकअप आर्टिस्ट्स दुबई में ले सकेंगे ट्रेनिंग

पंच संवाददाता

रांची। जो मेकअप आर्टिस्ट्स अपने हुनर को अपने शहर से आगे ले जाना चाहते हैं, उनके पास अपने हुनर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निखारने का शानदार मौका है। फॉरएवर52 ने अपने प्लेटफॉर्म एकेडमिक बाय फॉरएवर52 के जरिए देशभर के मेकअप टैलेंट के लिए एक कॉन्टेस्ट लॉन्च किया है। इसके विजेता को दुबई जाने, एक इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट से ट्रेनिंग लेने और जानी-मानी भारतीय मेकअप एजुकेटर भूमिका बहल से मेकअप की बारीकियाँ सीखने का मौका मिलेगा। एकेडमिक बाय फॉरएवर52 दुबई टूर कॉन्टेस्ट में देशभर के मेकअप आर्टिस्ट्स, स्टूडेंट्स, बिगिनर्स और ब्यूटी कंटेंट क्रिएटर्स हिस्सा ले सकते हैं। इसमें प्रतिभागियों को एकेडमिक बाय फॉरएवर52 के कम से कम एक प्रोडक्ट का इस्तेमाल करके अपना ओरिजिनल मेकअप लुक तैयार करना होगा और मेकअप से जुड़ी एक प्रोफेशनल टिप भी शेयर करना होगी। इसमें से चार सेमी-फाइनलिस्ट चुने जाएँगे और फिर एक ग्रैंड विनर का चयन होगा। ग्रैंड विनर को भूमिका बहल और फॉरएवर52 के साथ दुबई में तीन दिन बिताने का मौका मिलेगा।



- मेकअप के शौक को प्रोफेशन बनाने की चाह रखने वाले देशभर के नए आर्टिस्ट्स को अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सीखने और अपनी स्किल्स को बेहतर बनाने का मौका मिलेगा

इस दौरान, उन्हें प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी और ट्रेनिंग पूरी होने पर सर्टिफिकेट भी मिलेगा। बाकी तीन सेमी-फाइनलिस्ट को एकेडमिक बाय फॉरएवर52 सीरीज वैनिटी दी जाएगी और दिल्ली स्थित भूमिका बहल एकेडमी में एक दिन सीखने का मौका मिलेगा। कॉन्टेस्ट में एंट्री भेजने की आखिरी तारीख 25 दिसंबर, 2026 को दोपहर 12 बजे (भारतीय समयानुसार) है। इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन और कॉन्टेस्ट के नियमों से जुड़ी जानकारी के लिए इंस्टाग्राम पर @academicbyforever52 देख सकते हैं।

सैमसंग की ब्रांड वैल्यू 105.2 अरब डॉलर पर पहुंची

लगातार सातवें साल दुनिया में 5वें स्थान पर

INTERBRAND BEST GLOBAL BRANDS 2026

पंच संवाददाता

रांची : सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स को इंटरब्रांड की सर्वश्रेष्ठ वैश्विक ब्रांड 2026 रैंकिंग में दुनिया में पांचवां स्थान मिला है। कंपनी की ब्रांड वैल्यू 105.2 अरब डॉलर आंकी गई है। इसके साथ ही सैमसंग लगातार सातवें साल दुनिया के पांच सबसे मूल्यवान ब्रांड्स में शामिल रही है। सैमसंग एशिया की एकमात्र ऐसी कंपनी है, जिसने 2020 से हर साल यह स्थान बनाए रखा है। यह रैंकिंग तकनीकी नवाचार, अकके क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बेहतर अनुभव देने पर सैमसंग के लगातार ध्यान को दशार्ती है। दुनिया के शीर्ष पांच ब्रांड्स में कंपनी की जगह मजबूत कमाई, ऐ आई सेमीकंडक्टर में रणनीतिक निवेश और अपने अलग-अलग उत्पादों में आपस में जुड़े ऐ आई अनुभवों के विस्तार से मजबूत हुई है। सैमसंग का डिवाइस सॉल्यूशंस डिवीजन अकतकनीकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अधिक मात्रा में हाई-वैल्यू मेमोरी उत्पादों की आपूर्ति कर रहा है। कंपनी ने एचबीएम 4 का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करके और इसकी व्यावसायिक आपूर्ति करके सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति को और आगे बढ़ाया है। उद्योग में ऐसा करने वाली सैमसंग पहली कंपनी बनी।अपने ऊ ऊ २ङ्गल्ल के तहत सैमसंग मोबाइल डिवाइस, टेलीविजन और घरेलू उपकरणों के जरिए ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार अक अनुभव और सभी डिवाइस के बीच आसान कनेक्टिविटी उपलब्ध करा रही है। इन नई तकनीकों का उद्देश्य रोजमर्रा के कामों को आसान बनाना और डिवाइस के इस्तेमाल को अधिक सुविधाजनक बनाना है।

उज्ज्वला लाभार्थियों को 625 में मिल रहा रसोई गैस सिलेंडर

नई दिल्ली । घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में सोमवार को कोई बदलाव नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सरकार की ओर से बड़ी सब्सिडी जारी है, जिसके चलते दिल्ली में उन्हें घरेलू सिलेंडर मात्र 642 रुपए में मिल रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार, एक एलपीजी सिलेंडर के उत्पादन पर कंपनी का खर्च 1,267.24 रुपए है। उज्ज्वला योजना के तहत केंद्र सरकार इस लागत और लाभार्थी द्वारा चुकाई जाने वाली राशि के बीच 625.24 रुपए का बड़ा अंतर वहन करती है।

एक नजर

महानदी कोलफील्ड्स का आईपीओ 19 नवंबर को खुलेगा, मूल्य दायरा 129-136 रुपये प्रति शेयर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की अनुषंगी कंपनी ओडिशा स्थित महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 नवंबर को निवेश के लिए खुलेगा। इसमें निवेश के लिए निवेशक 23 नवंबर तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 129-136 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि एमसीएल का आईपीओ 19 नवंबर को निवेशक के लिए खुलेगा और 23 नवंबर को बंद होगा। इसके लिए मूल्य दायरा 129-136 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी अपने आईपीओ के जरिए 8,981 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। एमसीएल के मुताबिक ये आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसके तहत प्रवर्तक कोल इंडिया लिमिटेड 66.18 करोड़ शेयर बेचकर अपनी 10 फीसदी हिस्सेदारी कम करेगी। कंपनी के सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के अनुसार इस आईपीओ में कोल इंडिया अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचेगी। कंपनी का शेयर 27 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध हो सकता है। उल्लेखनीय है कि सीआईएल देश के घरेलू कोयला उत्पादन में 80 फीसदी से अधिक का योगदान करती है। एमसीएल में फिलहाल कोल इंडिया की 100 फीसदी हिस्सेदारी है।

लगातार तीसरे महीने थोक महंगाई दर बढ़कर 12.29 फीसदी पर आई

नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका लगने वाली खबर है। ईंधन एवं बिजली, खाद्य पदार्थों, खनिजों और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से लगातार तीसरे महीने थोक महंगाई दर अक्टूबर में बढ़कर 12.29 फीसदी पर पहुंच गई है, जो सितंबर 2026 में 11.39 फीसदी रहीं। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अक्टूबर में बढ़कर 8.26 फीसदी रही, जो पिछले अक्टूबर महीने 8.14 फीसदी थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार गैर-खाद्य वस्तुओं की महंगाई पिछले महीने अक्टूबर में 11.69 फीसदी रही, जबकि सितंबर में यह 10.28 फीसदी थी। इसके साथ ही खनिजों में कीमतों में वृद्धि की दर 12.64 फीसदी रही, जो सितंबर में 9.51 फीसदी थी। मंत्रालय के मुताबिक कुल मिलाकर प्राथमिक वस्तुओं की श्रेणी में थोक महंगाई अक्टूबर में बढ़कर 9.24 फीसदी हो गई, जो सितंबर महीने में 8.67 फीसदी रहीं थी।

पेज एक के शेष

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व सम्पन्न...

इसके बाद व्रतियों ने पारण कर अपना व्रत पूरा किया।

इस बार छठ पर्व की खासियत यह भी रही कि रांची में रहनेवाले लोगों के साथ-साथ दूसरे शहरों और दूर-दराज के इलाकों में रहनेवाले परिवार के सदस्य भी पर्व मनाने अपने घर लौटे। इससे घरों से लेकर छठ घाटों तक उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहा।

प्रधानमंत्री की छठी मइया से विनती- 'सबको शुभाशीष प्रदान करें'...

प्रकृति को समर्पित इस दिव्य उत्सव में दृढ़ संकल्प और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत संगम देखने को मिला। छठी मइया से विनती है कि वे सभी व्रतियों के साथ-साथ देशभर के मेरे परिवारजनों को अपना शुभाशीष प्रदान करें।"

धरती आबा ने न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश को नयी दिशा दी : हेमन्त सोरेन...

उन्होंने कहा कि आज का दिन पूरे देश ; विशेषकर आदिवासी समाज और समस्त झारखंडवासियों के लिए गौरव एवं ऐतिहासिक महत्त्व का है। धरती आबा ने अपने साहस, संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश को नयी दिशा और प्रेरणा दी। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध ऐतिहासिक आन्दोलन का नेतृत्व करते हुए जल, जंगल, जमीन की रक्षा तथा आदिवासी समाज की अस्मिता, स्वाभिमान एवं अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि धरती आबा के सपनों एवं आदर्शों के अनुरूप झारखंड को समृद्ध, सशक्त और विकसित राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परम्परा, भाषा और प्राकृतिक संसाधन हमारी विशिष्ट पहचान हैं। इनके संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ गरीब, वंचित, आदिवासी और मूलवासी समुदायों का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

झारखण्ड भवन में बिरसा मुंडा को नमन कर मनाया गया राज्य स्थापना दिवस...

और प्रेरणा के प्रतीक हैं। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेते हुए, राष्ट्र एवं राज्य के प्रति समर्पण, साहस, स्वाभिमान एवं संघर्ष की भावना को आत्मसात कर हम एक सशक्त, समृद्ध एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए निरन्तर अग्रसर हैं। झारखण्ड का 26वां स्थापना दिवस हमारे लिए अपनी गौरवशाली विरासत पर गर्व करने के साथ-साथ राज्य के विकास और समृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर है।'

कर्मचारियों को मिला उपहार

इसके साथ ही, स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से वाहन चालकों को उपहार एवं स्मृति चिह्न भेंट कर भवन के कार्यों में उनके योगदान, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान झारखण्ड के जनजातीय समुदाय के कलाकारों ने पारम्परिक नृत्य एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से झारखण्ड की समृद्ध जनजातीय परम्परा, लोकसंस्कृति और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक देखने को मिली।

झारखंड के 26वें स्थापना दिवस पर रांची सहित राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित हुआ 'रन फॉर क्लीनलीनेस'...

चडरी तालाब छठ घाट पर साफ सफाई कर दिया गया स्वच्छता का संदेश

दौड़ के आयोजन के साथ ही स्वच्छता के संदेश को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से चडरी तालाब छठ घाट में साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। इस दौरान माननीय मंत्रियों एवं राज्यसभा सांसद ने स्वयं स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेकर श्रमदान किया तथा आम नागरिकों को जलस्रोतों, तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कहा कि तालाब एवं अन्य जलस्रोत हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं। इनका संरक्षण एवं स्वच्छता बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने, जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने तथा अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाये रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना चाहिए।

स्वच्छता को जन-आन्दोलन बनाने का संकल्प

झारखंड के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित ह्यरन फॉर क्लीनलीनेसह्ण के माध्यम से राज्य के सभी 24 जिलों में एक साथ स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया। इस आयोजन ने जनभागीदारी, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सामूहिक प्रयासों के महत्त्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता विकसित करना, युवाओं को सकारात्मक सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना तथा स्वच्छता को जन-आन्दोलन का स्वरूप देना है।

पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेताओं को किया गया सम्मानित

रन फॉर क्लीनलीनेस में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दौड़ के समापन के पश्चात पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुरुष वर्ग में कुंदन महतो ने प्रथम, विवेकानंद ने द्वितीय एवं विमल उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में पूजा सिंह ने प्रथम, ममता कुमारी ने द्वितीय एवं सावित्री कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया।

स्वच्छता की दौड़ से शुरू हुआ झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा...

किये जायेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत 15 नवम्बर को सुबह 07 बजे से 08 बजे तक राज्य के सभी जिलों में 'रन फॉर क्लीनलिनेस' के आयोजन के साथ प्रारम्भ हो चुका है। इसके तहत जिले के किसी प्रमुख स्थल अथवा चौक-चौराहे से दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दौड़ का समापन जिले के प्रमुख छठ घाटों की साफ-सफाई के साथ हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

स्थापना दिवस पखवाड़े के तहत 17 से 25 नवम्बर तक पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इनमें खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ नाटक, नृत्य-संगीत, निबंध लेखन सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियां शामिल होंगी। इन आयोजनों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और अधिक से अधिक लोगों को स्थापना दिवस समारोह से जोड़ने की पहल की जायेगी।

जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों एवं टीमों को 26 और 27 नवम्बर को रांची के खेलगांव में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता टीमों एवं प्रतिभागियों को 28 नवम्बर को आयोजित मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा।

वहीं, 26 से 28 नवम्बर तक खेलगांव में मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल के साथ राज्य के प्रत्येक जिले का एक-एक स्टॉल स्थापित किया जायेगा। विभागीय स्टॉल के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संचालित कार्यक्रमों और जनोपयोगी सेवाओं की जानकारी आम लोगों को उपलब्ध करायी जायेगी। जबकि, जिला स्तरीय स्टॉल पर संबंधित जिले के विशिष्ट उत्पादों, पर्यटन स्थलों और आर्थिक गतिविधियों को प्रदर्शित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त नवाचार पर आधारित विशेष स्टॉल भी लगाये जायेंगे, जो राज्य में हो रहे नये प्रयोगों और रचनात्मक पहलों को सामने लायेंगे।

सरकार की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर 28 नवम्बर को खेलगांव में आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं शुभारम्भ किया जायेगा। इसके साथ ही, विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण भी होगा। पंचायत, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करनेवाले व्यक्तियों और संस्थाओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में 26 से 28 नवम्बर तक खेलगांव में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जायेगा। इसके माध्यम से झारखंड की समृद्ध लोककला, संस्कृति, परम्परा और सांस्कृतिक विविधता की झलक प्रस्तुत की जायेगी।

कुल मिला कर, झारखंड स्थापना दिवस एवं राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित यह पखवाड़ा स्वच्छता, जनभागीदारी, प्रतिभा सम्मान, विकास योजनाओं के प्रचार-प्रसार और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को एक मंच पर लाने का प्रयास होगा।

ओमान में फंसी लोहरदगा की प्रवासी श्रमिक सुषमा टोप्पो की सुरक्षित स्वदेश वापसी...

परिवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नियोक्ता के घर पर उन्हें दुर्व्यवहार एवं कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने वहां से निकलने का निर्णय लिया। इस दौरान उनकी स्वदेश वापसी में कठिनाई उत्पन्न हुई।

इसके पश्चात मस्कट के मुतराह क्षेत्र में एक ओमानी परिवार/व्यक्ति द्वारा उन्हें पासपोर्ट दिलाने एवं भारत वापसी की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया गया। इस अवधि में परिवार को उनकी वास्तविक स्थिति एवं ठिकाने की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही थी, जिससे परिजन काफी चिन्तित थे। परिवार द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि पासपोर्ट एवं भारत वापसी की व्यवस्था कराने के नाम पर सुषमा से लगभग 300 ओमानी रियाल लिये गये, लेकिन इसके बावजूद उनकी वापसी की व्यवस्था नहीं की गयी। परिवार ने सम्बन्धित व्यक्तियों के सम्पर्क एवं स्थान सम्बन्धी जानकारी तथा उपलब्ध साक्ष्य होने की बात भी बतायी। इस सम्बन्ध में उचित जांच एवं कानूनी कार्रवाई के माध्यम से कथित रूप से ली गयी राशि की वसूली के लिए भी सम्बन्धित अधिकारियों से अनुरोध किया गया था।

इस सम्बन्ध में उनकी बड़ी बहन सुश्री सुलोचना टोप्पो ने दिनांक 01 सितम्बर 2026 को राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, झारखंड से सहायता की गुहार लगायी गयी। शिकायत प्राप्त होने के बाद राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय दूतावास, मस्कट, प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रेंट्स तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ लगातार पत्राचार एवं समन्वय स्थापित किया। सुषमा की सुरक्षा, वर्तमान स्थिति, पासपोर्ट की बरामदगी तथा सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के लिए निरन्तर फॉलो-अप किया गया।

इस दौरान राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को जानकारी मिली कि सुषमा ओमान के श्रम मंत्रालय, रुवी की अभिरक्षा में हैं तथा लगभग तीन सप्ताह से वहां रखी गयी हैं। 16 सितम्बर 2026 को भारतीय दूतावास, मस्कट द्वारा ईमेल के माध्यम से सूचित किया एवं उनकी शीघ्र स्वदेश वापसी की प्रक्रिया की जाने की जानकारी दी गयी।

उनकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया में मूल पासपोर्ट उपलब्ध नहीं होने की समस्या को देखते हुए भारतीय दूतावास, मस्कट द्वारा उनके लिए आपातकालीन यात्रा दस्तावेज जारी किया गया। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा भारतीय दूतावास एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ लगातार सम्पर्क बनाये रखते हुए आवश्यक दस्तावेजी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में निरन्तर फॉलो-अप किया गया, ताकि उनकी स्वदेश वापसी में अनावश्यक विलम्ब न हो।

इन सतत प्रयासों एवं भारतीय दूतावास, मस्कट के सहयोग से सुषमा टोप्पो 14 नवम्बर 2026 को सुरक्षित अपने गृह राज्य झारखंड लौट आयीं।

निशा भगत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी...

आत्महत्या कर ली थी। घटना से पहले वह फेसबुक लाइव पर आयी थीं। इस दौरान रोते हुए उन्होंने अपनी परेशानियां साझा की थीं। लाइव वीडियो में उन्होंने जमीन के कारोबार से जुड़े कुछ लोगों पर कथित प्रताड़ना का आरोप लगाया था और पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठाये थे।

आत्महत्या से पहले निशा ने पिठौरिया थाना प्रभारी को फोन कर अपनी परिस्थितियों की जानकारी दी थी। आरोप है कि थाना प्रभारी ने उन्हें थाने बुलाने की बात कह कर फोन काट दिया था। फेसबुक लाइव के दौरान निशा ने अजय तिर्की का नाम लेते हुए भी कई आरोप लगाये थे।

निशा की मौत के बाद उनके पिता हंदू भगत ने पुलिस से न्याय की गुहार लगायी थी। उन्होंने पिठौरिया थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, आदिवासी नेत्री ज्योत्सना केरकेट्टा समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। पिता ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी की बदनामी कर उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया। भाजपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने भी मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अनुशंसा पर सीबीआई जांच का निर्णय लिया गया। इस मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) और राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने भी स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीएसटी ने पुलिस अधिकारियों से अब तक की गयी कार्रवाई का ब्योरा मांगा है। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने गुमला पहुंच कर निशा के परिजनों से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। महिला आयोग की अध्यक्ष ने सम्बन्धित अधिकारियों को पत्र लिख कर मामले की निष्पक्ष, विस्तृत और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही, निशा के फेसबुक लाइव, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिये हैं।



यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जतायी गहरी नाराजगी ; कहा

करोड़ों रुपये हो गये खर्च, फिर भी अभी तक यमुना प्रदूषित



एजेंसी

नयी दिल्ली : यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद नदी की हालत में सुधार न होने और उलटा प्रदूषण बढ़ने पर जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कड़ी फटकार लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि यमुना में गिरनेवाले 520 नाले और नदी की दयनीय स्थिति दिखाती है कि इसके किनारे बसे शहरों और कस्बों का प्रशासन अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है।

शीर्ष न्यायालय ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को कड़े निर्देश दिये हैं कि वह हर राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश और जिले में यमुना के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर पानी की गुणवत्ता की लगातार निगरानी करे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी राज्य या जिले से गुजरने के दौरान नदी के पानी की गुणवत्ता खराब होती है, तब सम्बन्धित प्राधिकरण को तत्काल इसके लिए जिम्मेदार माना जायेगा और उस पर जुमार्ना भी लगाया जायेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने यमुना एक्शन प्लान (वायएपी) में दर्ज जानकारियों पर भी गम्भीर संदेह व्यक्त किया। पीठ ने गौर किया कि प्लान में दिल्ली के जोन ओ के 35 जल निकायों और वेटलैंड्स को अतिक्रमण मुक्त बताया गया है, जबकि दिल्ली सरकार के अपने दस्तावेजों में इन सभी 35 जगहों पर अतिक्रमण दर्ज है। इस विरोधाभास पर कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताकर और एक्शन प्लान की विश्वसनीयता पर सवाल उठाये।

प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को मजबूत करने और जवाबदेही तय करने के लिए, कोर्ट ने सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एटीपी) और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) को एक महीने के भीतर छेड़छाड़-रोधी स्मार्ट एनर्जी मीटर लगाने के आदेश दिये हैं। इन मीटरों का लाइव डेटा भी ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा, ताकि प्लांट्स के कामकाज की वास्तविक समय में निगरानी हो सके। इसके अतिरिक्त, सीपीसीबी को हर तीन महीने में इन प्लांट्स का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। इन सभी कदमों का लक्ष्य यमुना में प्रदूषण रोकने के लिए प्रभावी जिम्मेदारी तय करना और पूर्ण जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

सपा के साथ सीट बंटवारे पर कांग्रेस की खड़गे के आवास पर बैठक

नयी दिल्ली : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व के साथ बैठक की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई इस बैठक में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, संगठन और आगामी चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद खरगे ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं के साथ गहन चर्चा हुई। आनेवाले चुनाव देश की राजनीति को नई दिशा देंगे। प्रदेश की जनता सामाजिक न्याय, समान अवसर और वंचित वर्गों के अधिकारों को मजबूत होते देखना चाहती है।

शाह ने अजित पवार की प्रतिमा का किया अनावरण

पुणे : केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने दो दिवसीय पुणे दौरे के दूसरे दिन सोमवार को स्व. अजित पवार की प्रतिमा का अनावरण किया। पुणे जिला परिषद की पहली मंजिल पर आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और मंत्री शामिल हुए। समारोह के दौरान पुणे जिला परिषद के मुख्य प्रवेश द्वार का नाम भी अजित पवार के नाम पर रखा गया।

ई-कचरे से महत्त्वपूर्ण धातुएं निकालने की स्वदेशी तकनीक विकसित करेगी नियो सीकरमेटल्स

एजेंसी

नयी दिल्ली : ई-कचरे और लिथियम-आयन बैटरी के कचरे से महत्त्वपूर्ण धातुएं निकालने की स्वदेशी तकनीक को व्यावसायिक स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने हैदराबाद की कम्पनी नियो सीकरमेटल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है। अनुसंधान, विकास एवं नवाचार (आरडीआई) कोष के तहत इस परियोजना के लिए 10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गयी है। पूरी परियोजना की लागत 20 करोड़ रुपये है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अनुसार यह समझौता ई-कचरे और लिथियम-आयन बैटरी के कचरे के पुनर्चक्रण से महत्त्वपूर्ण धातुएं निकालने की स्वदेशी तकनीक के विकास और व्यावसायीकरण में मदद करेगा। इसके तहत कम्पनी को वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय ऋण (ओसीडी) के माध्यम से वित्तीय सहायता दी जायेगी।

कंपनी ने ई-कचरे और लिथियम-आयन बैटरी के कचरे के पुनर्चक्रण के लिए एक एकीकृत और पेटेंट प्राप्त प्रक्रिया विकसित की है। इसके माध्यम से इन कचरों से मूल्यवान धातुओं और बैटरी में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को वापस प्राप्त करने का लक्ष्य है। इससे बेकार समझी जाने वाली सामग्री का दोबारा उपयोग किया जा सकेगा। परियोजना के तहत तकनीक को प्रौद्योगिकी तैयारी स्तर (टीआरएल)-5 से टीआरएल-9 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे इसे व्यावसायिक स्तर पर इस्तेमाल के लिए तैयार किया जा सकेगा। यह पहल महत्त्वपूर्ण खनिजों और धातुओं की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के साथ पुनर्चक्रण आधारित अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगी।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के सचिव राजेश कुमार पाठक ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत प्रौद्योगिकियों की दिशा में भारत की प्रगति के लिए महत्त्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षित और टिकाऊ उपलब्धता जरूरी है। ई-कचरे एवं उपयोग की अवधि पूरी कर चुकीं बैटरियों से इन संसाधनों को वापस प्राप्त करने की स्वदेशी क्षमता विकसित करना इस दिशा में महतत्वपूर्ण है। आरडीआई कोष के माध्यम से बोर्ड ऐसी तकनीकों को सहायता दे रहा है, जो कचरे को मूल्यवान संसाधनों में बदल सकती हैं।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा, 2026

उन्नत झारखण्ड, समृद्ध झारखण्ड – जन-जन की सहभागिता, विकास की नई गाथा

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस, 2026 के उपलक्ष्य में राज्यभर में 15 नवम्बर से 28 नवम्बर 2026 तक भव्य आयोजनों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।

प्रमुख आकर्षण एवं कार्यक्रम विवरण

स्वच्छता का संकल्प — Run For Cleanliness

* शुरुआत 15 नवम्बर 2026, से समापन 28 नवम्बर 2026।
* स्थान: राज्य के सभी जिलों के प्रमुख चौक-चौराहों से शुरुआत।
* समापन: जिलों के प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर।

स्थापना दिवस पखवाड़ा: जन-भागीदारी एवं प्रतियोगिताएँ

* अवधि: 17 नवम्बर से 25 नवम्बर 2026।
* स्तर: पंचायत, प्रखण्ड एवं जिला स्तर।
* गतिविधियाँ: खेलकूद प्रतियोगिताएँ, नाटक, नृत्य-संगीत एवं निबंध-लेखन स्पर्धाएँ।
* राज्य स्तरीय मंच: जिला स्तर के चयनित प्रतिभागी 26 एवं 27 नवम्बर 2026 को खेलगाँव, रांची में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

भव्य मेला-सह-प्रदर्शनी

* अवधि व स्थल: 26 से 28 नवम्बर 2026, खेलगाँव, रांची।
* विभागीय स्टॉल: जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं उपयोगी सेवाओं की विस्तृत जानकारी।
* जिला पवेलियन: प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पाद, प्रमुख पर्यटन स्थल और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों का प्रदर्शन।
* इनोवेशन ज़ोन: नवाचार और नई तकनीकों पर आधारित विशेष स्टॉल।

मनोरम 'सांस्कृतिक संध्या'

* अवधि: 26 से 28 नवम्बर 2026, प्रतिदिन शाम। * स्थल: खेलगाँव, रांची।
* विवरण: राज्य की समृद्ध कला, लोक संगीत और मनमोहक पारंपरिक नृत्यों की भव्य प्रस्तुतियाँ।

समापन कार्यक्रम

तिथि: 28 नवम्बर 2026 | स्थान: खेलगाँव, रांची

* विकास को गति: विभिन्न नई जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं शुभारम्भ।
* परिसम्पत्ति वितरण: योग्य लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का सीधा वितरण।
* उत्कृष्टता का सम्मान: पंचायत, प्रखण्ड, जिला एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान।
* प्रतिभा पुरस्कार: राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों व टीमों को मंच से पुरस्कृत किया जाएगा।

आइए, हम सब मिलकर इस उत्सव के साक्षी बनें और राज्य की विकास यात्रा में भागीदार बनें।



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

आयोजक: झारखण्ड सरकार
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 393946 (IPRD) 26-27